मेरी क्रिसमस


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची | 25 दिसंबर, 2025, गुरुवार, वर्ष 11, अंक 67, पौष, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00







## मुख्यमंत्री का पेसा कानून के लिए आभार जताया

# मील का पत्थर साबित होगी पेसा नियमावली: हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री से मिले जनजातीय क्षेत्र से आये पारंपरिक प्रधान, प्रमुख, मुखिया और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पेसा नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी मिलने का जश्न पूरा राज्य मना रहा है। इस कड़ी में राज्य के अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र से आये पारंपरिक प्रधान, प्रमुख, मुखिया के साथ सिविल सोसाइटी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया। मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय में भारी संख्या में प्रतिनिधि मिलने के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भी नगाड़ा बजाकर अपनी खुशियों का इजहार किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज पेसा दिवस भी मना रहे हैं। इस विशेष अवसर पर राज्य सरकार ने पेसा नियमावली को अंतिम मुकाम तक पहुंचाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह साकार हो रहा है। पेसा कानून धरातल पर उतरने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार जो नियम- कानून बनाती है, उसमें विसंगतियां नहीं होती है, लेकिन उसके क्रियान्वयन में गड़बड़ी होने से सुखद परिणाम नहीं मिल पाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पेसा नियमावली के तहत पंचायतों को जो अधिकार प्राप्त होंगे, उसका इमानदारी से पालन और क्रियान्वयन हो, तभी यह सफल होगा।



### पेसा सिर्फ कानून नहीं, यह हमारी भावनाओं का परिचायक

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा सिर्फ एक कानून नहीं है। इसके साथ हमारी भावनाएं जुड़ी हुई हैं। लंबे समय से पेसा कानून की मांग हो रही थी। इसमें अड़चनें भी आती रही, लेकिन जन प्रतिनिधियों, आमजन तथा सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों से प्राप्त विचारों एवं सुझावों के आधार पर इसका ड्राफ्ट तैयार किया गया, जिसे कानूनी दर्जा देने के साथ इसे लागू करने की दिशा में कदम बढ़ा दिये हैं। मुझे विश्वास है कि झारखंड का पेसा नियमावली पूरे देश के लिए नाजीर बनेगा। मुख्यमंत्री ने पेसा नियमावली का ड्राफ्ट तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वालों को धन्यवाद दिया।

**पूर्वजों के सपने को कर रहे हैं साकार:** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने झारखंड राज्य के लिए जो सपना देखा था, उसे हमारी सरकार पूरा करने का लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में जल-जंगल-जमीन की रक्षा, अपनी सभ्यता-संस्कृति और पहचान को बरकरार रखने एवं पारंपरिक स्थानीय स्वशासन व्यवस्था को मजबूत करना हमारे सरकार की शुरू से प्राथमिकता रही है। इसी सिलसिले में पेसा कानून को लागू करने का जो निर्णय लिया था, वह आकार लेने जा रहा है। अब हमारे पारंपरिक ग्राम प्रधानों और प्रमुखों को उनका हक-अधिकार मिलने जा रहा है। यह अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

(शेष पेज-3 पर)

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बोले...

- हमारे पूर्वजों, वीर शहीदों एवं आंदोलनकारियों ने झारखंड राज्य के लिए जो सपना देखा था, उसे कर रहे पूरा।
- जनजातीय क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा पेसा नियमावली, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था होगी मजबूत मिलेगा हक-अधिकार
- पेसा कानून से अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभाएं होंगी शक्तिशाली, निर्णय लेने का मिलेगा अधिकार।
- जल-जंगल- जमीन की रक्षा, अपनी सभ्यता-संस्कृति और पहचान को बरकरार रखने एवं पारंपरिक स्थानीय स्वशासन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध ।
- पेसा सिर्फ एक कानून नहीं है, इसके साथ हमारी भावनाएं जुड़ी हुई हैं।
- झारखंड का पेसा नियमावली पूरे देश के लिए बनेगा नाजीर।
- झारखंड बड़े बदलाव की ओर अग्रसर, बनाएंगे देश का विकसित और अग्रणी राज्य।
- जब हमारी आने वाली पीढ़ी सशक्त और सुरक्षित होगी तभी राज्य आगे बढ़ेगा।
- सीमित संसाधनों में कैसे आगे बढ़े, इसकी योजना हो रही तैयार।
- आलोचनाओं से नहीं डरता हूं, लेकिन हमारी योजनाएं असफल ना हो इसका डर जरूर रहता है।

### क्रिसमस आज



फोटो- प्रदीप ठाकुर

क्रिसमस के मौके पर प्रभु यीशु मसीह को चूमते आर्चबिशप विंसेंट आइंद






## चावल के लिए भारत के सामने गिड़गिड़ाया बांग्लादेश

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। बांग्लादेश ने अपने देश में भारत-विरोधी माहौल बना दिया है। लेकिन मोहम्मद यूनुस की निर्लज्ज सरकार ने इसके बावजूद भारत के सामने सस्ते चावल के लिए हाथ फैला दिये हैं। बांग्लादेश के हुक्कमरानों को मालूम है कि भारत से सस्ता चावल किसी मुस्लिम देश से भी मिलना उसके लिए मुश्किल है। हकीकत ये है कि बांग्लादेश सिर्फ चावल के लिए ही नहीं, खाने-पीने की कम से कम पांच चीजों के लिए भारत का मोहताज रहा है। बांग्लादेश पहले भी खाने-पीने की चीजों के लिए भारत के सामने हाथ पसारता रहा है। बांग्लादेश ने भारत से कूटनीतिक जंग तो छेड़ रखी है, लेकिन कुछ ही दिन में उसके जमीनी हालातों ने उसे घुटने टेकने को मजबूर कर दिये हैं। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार को यह मालूम हो गया है कि भारत से मिलने वाली चीजों की सस्ती सप्लाई को नजरअंदाज किया, तो वहां पहले से ही धाराशायी अर्थव्यवस्था बिल्कुल ही चरमरा जायेगी। यूनुस सरकार के खजाने में इतने टका नहीं हैं कि वे पाकिस्तान के महंगे चावल के भरोसे बैठ जायें। इसलिए इसने भारत के सामने हाथ फैला दिये हैं।

## धरती पर कहीं से भी वीडियो कॉल होगा

# इसरो ने किया 6100 किलो का अमेरिकी सैटेलाइट लांच

- भारत से भेजा गया यह सबसे भारी उपग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीहरिकोटा।** आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) ने बुधवार सुबह एलवीएम3-एम6 रॉकेट से अमेरिकी सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 लांच किया। 6,100 किलोग्राम वजनी ब्लूबर्ड, भारत से लांच किया गया अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है। इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने इसे देश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। इससे पहले, नवंबर में लांच किया गया एलवीएम3-एम5 कम्युनिकेशन सैटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया था। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को जिस एलवीएम3-एम6 रॉकेट से लांच किया गया, उसका वजन 640 टन है। यह भारत का सबसे भारी लांच व्हीकल है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नेक्स्ट-जेन



कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जिसका मकसद सामान्य स्मार्टफोन तक सीधे हाइ-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना है। इसके जरिे धरती पर कहीं से भी बिना टावर 4जी और 5जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसरो के मुताबिक, करीब 43.5 मीटर ऊंचा एलवीएम3-एम6 रॉकेट बुधवार सुबह 8:54 बजे श्रीहरिकोटा के दूसरे लांच पैड से रवाना हुआ। लगभग 15 मिनट की उड़ान के बाद ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट रॉकेट से अलग हुआ और करीब 520 किमी ऊपर अंतरिक्ष के लो अर्थ ऑर्बिट (एलइओ) में उसे सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया।













आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# पेसा नियमावली पर हेमंत सोरेन ने लगाया सिक्सर

## ■ झारखंड में आदिवासी स्वशासन की दिशा में प्रभावी कदम साबित होगा
## ■ ग्राम सभाओं को मजबूत बनाने से विकास की नयी अवधारणा पनपेगी
## ■ हेमंत सोरेन के इस फैसले से गांवों के विकास की गति तेज होगी

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने पंचायतों का अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार का कानून, यानी पेसा कानून को लागू करने की नियमावली को मंजूरी दे दी है। यह मुद्दा जितना सियासत के नजरिये से जुड़ा था, उससे कहीं अधिक आदिवासी परंपराओं और उसमें समाहित स्वशासन की अवधारणा से संबंधित था। इन दोनों लिहाज से हेमंत सोरेन ने इस कानून को लागू करने का फैसला कर एक बड़ा, या यूं कहें कि ऐतिहासिक कदम उठाया है। लोग सवाल कर रहे हैं कि पेसा कानून लागू होने से झारखंड में क्या बदलेगा, तो इसका संक्षेप और सीधा जवाब यही हो सकता है कि इस कानून के लागू होने से झारखंड में ग्रामीण विकास की अवधारणा बदलेगी और गांवों के विकास की गति तेज होगी। पेसा कानून लागू होने के बाद अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम सभाएं सशक्त होंगी, तो स्वाभाविक तौर पर गांवों के विकास का सवाल राज्य सचिवालयों में नहीं उठेगा, बल्कि पंचायत सचिवालयों में इस पर विचार होगा। इसका सीधा असर यह होगा कि गांवों का विकास अब गांव के हाथ में ही होगा, जहां आज भी यह तय करना मुश्किल होता है कि विकास की कौन सी योजनाएं स्थानीय जरूरतों के अनुकूल होंगी। इस तरह आदिवासी परंपरा के तहत स्वशासन के अधिकार के संरक्षण के लिए हेमंत सोरेन ने पेसा कानून लागू करने के लिए जरूरी नियमावली को मंजूर करने का फैसला कर खुद को देश के आदिवासी नेताओं की कतार में सबसे आगे कर लिया है। क्या है पेसा कानून और झारखंड में इसका क्या राजनीतिक असर होगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



राकेश सिंह
संपादक

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने पेसा कानून, जिसे अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत का विस्तार या पंचायत एक्सटेंशन इन शेड्यूल्ड एरिया कहा जाता है, को लागू करने की नियमावली को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही झारखंड में लंबे समय से लंबित इस मुद्दे का समाधान हो गया है। इससे ग्राम सभाओं के सशक्तिकरण का रास्ता साफ हो गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि झारखंड के आदिवासी गांवों के विकास की योजनाएं अब गांवों में ही बनायी जायेंगी, जिससे ग्रामीण विकास की पूरी अवधारणा ही बदल जायेगी। आदिवासी परंपरा में ग्राम सभा और स्वशासन को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इसलिए हेमंत सोरेन सरकार ने इस परंपरा को समृद्ध करने की दिशा में यह बड़ा कदम उठा कर इतिहास रचा है।

### आदिवासियत का संरक्षक है पेसा

जैसा कि सभी जानते हैं कि आदिवासियत कोई पहचान-पत्र नहीं, कोई जातीय वर्गीकरण नहीं और न ही केवल सांस्कृतिक विविधता का उत्सव है। आदिवासियत एकजीवन-दर्शन है–जिसमें मनुष्य और प्रकृति के बीच संबंध शोषण का नहीं, सहअस्तित्व का होता है, जिसमें सत्ता ऊपर से नहीं उतरती, बल्कि समुदाय के बीच से उगती है और जिसमें लोकतंत्र पांच साल में एक बार मत डालने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि रोजमर्रा के सामूहिक निर्णयों का अभ्यास है।

आज जब आदिवासी समाज अपने जल, जंगल और जमीन पर अधिकार के लिए संघर्ष कर रहा है, तब यह प्रश्न अनिवार्य हो जाता है कि क्या भारतीय लोकतंत्र के पास आदिवासियत को समझने और संरक्षित करने का कोई संवैधानिक औजार है?

इस प्रश्न का उत्तर है पेसा यानी पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996। यह कोई सामान्य पंचायत कानून नहीं है। यह कानून उन क्षेत्रों के लिए बना है, जहां भारतीय राज्य ने यह स्वीकार किया कि वहां की सामाजिक संरचना, शासन परंपरा और संसाधन-संबंध मुख्यधारा से भिन्न हैं।

पेसा का जन्म संविधान की पांचवीं अनुसूची से हुआ है–जो स्वयं इस स्वीकारोक्ति का प्रमाण है कि आदिवासी समाज को सामान्य प्रशासनिक चश्मे से नहीं देखा जा सकता।

पेसा का मूल विचार सरल है, लेकिन क्रांतिकारी–ग्रामसभा सर्वोच्च है।

पंचायतें, प्रशासन और विभाग–सब ग्रामसभा के अधीन हैं। यही वह बिंदु है, जहां पेसा आधुनिक लोकतंत्र को आदिवासी स्वशासन की परंपरा से जोड़ता है।

पेसा को केवल एक पंचायत कानून के रूप में देखना इसकी आत्मा को नकारना है।

पेसा इसलिए, क्योंकि आदिवासियत का सबसे बड़ा संरक्षक है, क्योंकि यह संसाधनों के उपयोग पर लोक-समझ का सम्मान करता है, परंपरागत शासन को वैधानिक दर्जा देता है, संस्कृति और पहचान को कानूनी संरक्षण प्रदान करता है और देशज और स्थानीय जरूरतों के अनुसार विकास के मॉडल चुनने का अधिकार समुदाय को देता है।



### आदिवासियत: व्यवस्था नहीं, जीवन-पद्धति

आदिवासियत उस सभ्यता का नाम है, जिसकी जड़ें धरती के साथ साझेदारी में हैं, स्वामित्व में नहीं, सहजीवन में। इस जीवन-पद्धति के तीन मूल स्तंभ हैं। पहला, संसाधनों का सामूहिक स्वामित्व। दूसरा, निर्णय का अधिकार ग्रामसभा को। तीसरा, पर्यावरण और संस्कृति की रक्षा को सामुदायिक उत्तरदायित्व के रूप में देखना। आदिवासी समाज में जंगल केवल लकड़ी का भंडार नहीं, नदी केवल पानी का स्रोत नहीं और जमीन केवल संपत्ति नहीं है–ये सब जीवन के साझीदार हैं। पेसा इन्हीं मूल स्तंभों को आधुनिक लोकतांत्रिक ढांचे में वैधानिक आधार देता है।

### क्या है पेसा कानून

पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा) 24 दिसंबर 1996 को अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों को ग्राम सभाओं के माध्यम से स्वशासन के जरिये सशक्त बनाने के लिए लागू किया गया था। हालांकि राज्यों के लिए अपने खास पेसा नियमों के निर्माण में देर, व्यापक प्रशिक्षण सामग्री और राज्यों के सहायक कानूनों की कमी के कारण इसके प्रभावी कार्यान्वयन को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने इन चुनौतियों का समाधान करने और पेसा अधिनियम के कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए कई पहल की है। इन पहलों का उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक पेसा अधिनियम का लाभ पहुंचाने के लिए सामूहिक और ठोस प्रयासों को मजबूत करना है। इसमें इन क्षेत्रों के लोगों के जीवन को आसान बनाने और उनके विकास और समृद्धि के लिए सक्षम वातावरण बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य पेसा अधिनियम के बारे में जागरूकता बढ़ाना, हितधारकों की क्षमता का निर्माण करना और अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के बेहतर प्रशासन और बेहतर कार्यप्रणाली के लिए ग्राम सभाओं को सशक्त बनाना है।

### क्या था पेसा से जुड़ा मुद्दा

अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों को ग्राम सभाओं के जरिये स्वशासन से सशक्त बनाने के लिए झारखंड सहित देश के 10 राज्यों के लिए पेसा कानून 24 दिसंबर 1996 को लागू किया गया था। इन 10 राज्यों में झारखंड और ओड़िशा को छोड़कर शेष आठ राज्य आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और तेलंगाना ने अपने-अपने राज्य में इसे लागू कर दिया था। झारखंड में पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में 16022 गांव, 2074 पंचायत और 131 प्रखंड शामिल हैं। झारखंड सरकार पर लगातार केंद्र सरकार के साथ-साथ झारखंड हाइकोर्ट द्वारा इसको लेकर दबाव बनाया जा रहा था। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद राज्य के 15 अनुसूचित जिलों में स्थानीय स्वशासन की दिशा में हेमंत सरकार ने पेसा नियमावली पर मुहर लगाकर बड़ा कदम उठाया है।

### क्या होगा असर

पेसा नियमावली में जनजाति बहुल पंचायतों में ग्राम सभा को मजबूत बनाने की कोशिश की गयी है। इसके तहत ग्राम सभा विकास कार्य के लिए जमीन अधिग्रहण, खनन, विभिन्न पारंपरिक जल स्रोत, वन संपदा आदि के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए निर्णय लेगी और इसका निर्धारण करेगी। झारखंड में पेसा कानून में शामिल कई प्रावधान पहले से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित थे। इसके लागू होने के बाद पूर्व या भविष्य में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव या नगर निकाय चुनाव प्रभावित नहीं होंगे।

### क्या कहते हैं राजनीतिज्ञ

झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता दीपिका पांडेय सिंह कहती हैं कि विपक्ष इसको लेकर राजनीति करता रहा है। अब इसकी मंजूरी मिलने से ग्राम सभा सशक्त होगी और जनजातीय क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा। उधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड कैबिनेट द्वारा पारित पेसा नियमावली का भाजपा स्वागत करती है। यह भाजपा के लंबे संघर्ष और दबाव का परिणाम है। भाजपा और एनडीए ने लगातार सड़क से सदन तक इसके लिए आवाज बुलंद की है। भाजपा यह मानती है कि कैबिनेट से पारित नियमावली पारंपरिक रुढ़ि व्यवस्था पर आधारित होगी, जिसकी मांग की जा रही थी, लेकिन अगर इसमें संविधान की पांचवीं अनुसूची से जुड़ी भावना के विपरीत थोड़े भी परिवर्तन किये गये होंगे, तो पार्टी इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। राज्यपाल का भी इस संदर्भ में ध्यान आकृष्ट करायेगी, ताकि कानून बनाने के पहले यह पारंपरिक रुढ़िवादी व्यवस्था का आधार सुनिश्चित हो।

इस तरह यह साफ है कि पेसा केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत समझौता है, राज्य और आदिवासी समाज के बीच। और इस समझौते के नायक बन गये हैं हेमंत सोरेन।

# अटल प्रतिबद्धता और निश्चय, जिससे बना झारखंड




प्रदीप वर्मा

*हार नहीं मानूंगा*
*रार नहीं ठानूंगा*
*काल के कपाल पर*
*लिखता मिटाता हूं*
*गीत नया गाता हूं...*

भारत के जन-जन में बसे श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा लिखी गयी कविता की ये चंद पंक्तियां इन पंक्तियों के लिखे जाने के दशकों बाद भी लोगों की जेहन में महज कविता के रुप में नहीं, बल्कि अटल प्रतिबद्धता और अटल निश्चय का प्रतीक बना हुआ है-वहीं प्रतिबद्धता और निश्चय, जो अटल जी ने दुमका में वर्ष 1999 में हुई एक रैली में उपस्थित भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा था। झारखंडवासियों के मानस पटल पर अटल जी की वह हुंकार चिरस्मरणीय रहेगी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर एनडीए की सरकार बनती है, तो मैं आपको झारखंड अलग राज्य का तोहफा दूंगा। इसके बाद हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत हुई और अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री बने। अपने वायदे के अनुरुप ही उन्होंने झारखंड के लोगों से किया अपना वादा निभाया। 15 नवंबर, वर्ष 2000 को झारखंड देश के 28वें राज्य के तौर पर अस्तित्व में आया। राज्य के लोगों की चिर प्रतीक्षित मनोकामना पूरी हुई। झारखंड के साथ ही देश में दो छोटे राज्य उत्तरांचल और छत्तीसगढ़ का भी निर्माण हुआ। भारतीय राजनीति के अजातशत्रु की पदवी पानेवाले अटल जी की जयंती पूरे देश में सुशासन दिवस के तौर पर मनायी जा रही है। उनका जन्म 25 दिसंबर 1924 को हुआ था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1951 में भारतीय जनसंघ (जो बाद में भाजपा बनी) की स्थापना की और 1953 में उनकी हत्या हो गयी। उन दिनों कांग्रेस उफान पर थी, उसके बावजूद जिस तरीके अटल बिहारी वाजपयी ने पार्टी को संभाला, उसका विस्तार किया, वह अपने आप में उदाहरण है।

न जाने कितने झंझावातों से झारखंड के लोगों का सामना हुआ और अलग राज्य के आंदोलन की राह में न जाने कितने मुकाम आये, लेकिन अलग राज्य का सपना साकार किया अटल बिहारी वाजपेयी जी ने। अलग राज्य की राह में दशकों तक तपकर झारखंड को कुंदन की तरह निखारकर स्वरुप देने का दूरदर्शी फैसला किया हमारे अटलजी ने। उनके दूरदर्शी और सामयिक फैसले ने भाजपा की पार्टी जो कहती है, वो करती है की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। यह तकरीबन पांच दशक पुराने अलग राज्य के आंदोलन का भी सम्मान था, जिसमें भाजपा की सक्रिय भागीदारी रही। यही सक्रिय भागीदारी आज भी पार्टी को यहां के लोगों के साथ भावनात्मक स्तर पर जोड़ती है। राज्य के लोग भूले नहीं हैं कि किस तरह झारखंड आंदोलन की राह में आये विभिन्न मोड़ के चलते कई बार इस आंदोलन में शून्य की स्थिति पैदा हुई। किस तरह जनता की आकांक्षाओं को कुंद किया गया और झारखंड नामधारी दलों ने इस आंदोलन को बेचने का समय-समय पर कार्य किया। ऐसे में यहां के लोगों को धक्का भी लगा और कई बार हताशा की स्थिति भी बनी। ऐसा विगत दशकों में कई बार हुआ। मेमोरैंडम की राजनीति से लेकर धोखे की राजनीति मानो झारखंड में चिरस्थायी नजर आ रही थी। सत्तालोलुपों ने भी उन्हीं दलों से गठबंधन कर लिया था, जो झारखंड के विरोधी माने जाते थे। झारखंड पार्टी के संस्थापक रहे जयपाल सिंह मुंडा को आजादी के बाद से ही यहां की जनता ने सिर-आंखों पर बैठाया। लेकिन वर्ष 1988 में जयपाल सिंह ने व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के लिए झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय कर यहां के लोगों की आकांक्षाओं पर पानी फेरने का काम किया। स्वर्गीय शिबू सोरेन और विनोद बिहारी महतो के बीच विचारधारा के टकराव ने भी राज्य गठन की संभावनाओं को वर्षों पीछे धकेल दिया। 90 के दशक में जब झारखंड के लोगों को एक बार फिर राज्य गठन की सुनहरी संभावनाएं नजर आने लगी थीं, उसी वक्त झामुमो रिश्वत कांड ने इस आंदोलन को शर्मसार किया। वर्ष 1988 से वनांचल राज्य की मांग को धार देनेवाले अनुशासित एवं दृढ़ निश्चयी भाजपा कार्यकर्ता अलग राज्य की मांग के लिए किये जानेवाले आंदोलन के दौरान कई दौर के आंदोलनों में कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन को मूर्त रूप देने में लगे थे। अनगिनत कार्यकर्ताओं को जेल भी जाना पड़ा और उनके ऊपर अमानवीय मुकदमों की झड़ी लगायी गयी। अलग राज्य के आंदोलन के दौरान एक दौर ऐसा भी आया, जब झारखंड राज्य स्वायत्तशासी परिषद् के नाम पर राज्य के लोगों की उम्मीदों पर तुषारापात करने की कोशिश की गयी। झारखंड मेरी लाश पर बनेगा को सार्वजनिक तौर पर कहने वाले लालू प्रसाद यादव की चिरौरी करने में झारखंड नामधारी दलों ने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रखी थी। ऐसे में अटलजी द्वारा तमाम अवरोधों और दवाबों को दरकिनार करते हुए झारखंड के तौर पर यहां के लोगों को दिया गया तोहफा न सिर्फ आज, बल्कि यहां की आनेवाली पीढ़ी को भी उनके साथ भावनात्मक रूप से अनंत काल तक जोड़े रख पाने में सक्षम साबित होगा। जल-जंगल-जमीन को लेकर यहां के लोगों द्वारा किये गये अनगिनत आंदोलन और विद्रोह के साथ अटल जी द्वारा राज्य के लोगों को दी गयी अनमोल सौगात राज्य के इतिहास में स्वर्णाक्षरों से स्थान बना पायी है। साथ ही राज्य के सामाजिक एवं सांस्कृतिक पुनर्गठन की अटलजी की कोशिश झारखंड को पुनर्भाषित करती है। वाजपेयी जी मानते थे कि प्रकृति और सभी जीव-जंतुओं के साथ सह-अस्तित्व और सामंजस्य स्थापित करना अति आवश्यक है, जो आदिवासी संस्कृति के मूल में है। उनके नेतृत्व में आदिवासी समुदाय के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में कई योजनाओं और कार्यक्रमों को मूर्त रुप प्रदान किया गया था। इससे देश के दूरस्थ आदिवासी बहुल इलाकों में भी जमीनी स्तर पर विकास देखा गया। जनजातीय कल्याण के मुद्दों पर त्वरित और तीव्र गति से काम करने के उद्देश्य से ही उनके प्रधानमंत्री रहते सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से अलग हटकर आदिवासी मामलों का एक अलग मंत्रालय बनाया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश के सुदूर क्षेत्रों में रहनेवाले आदिवासी आबादी तक पहुंचने और उनकी सांस्कृतिक परंपराओं और विरासत की रक्षा करते हुए उनके बहुआयामी विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संदर्भ में केंद्र सरकार आदिवासी गांवों में समग्र विकास को बढ़ावा देने और उनके सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में सुधार करने के निमित्त धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के सुभारंभ से लेकर पूरे देश में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाने, पीएम जनमन योजना का श्रीगणेश करने, एकलव्य विद्यालयों की संख्या बढ़ाने, डीबीटी के जरिये आदिवासी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने, स्किल सेल एनीमिया को पूरी तरह से समाप्त करने, जनजातीय स्वास्थ्य एवं पोषण को समर्पित स्वास्थ्य पोर्टल का शुभारंभ करने तथा वन धन योजना को अमली जामा पहनाने जैसे कार्यों के जरिये अटल जी के सपनों को पूरा करने में लगी है। सबका साथ सबका विकास के मंत्र को मूर्त रुप प्रदान करते हुए मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालय आदिवासी कल्याण के निमित्त दो सौ से ज्यादा योजनाओं को पूरा करने में लगे हैं। आदि कर्मयोगी योजना के माध्यम से जनजातीय आकांक्षाओं को नये पंख मिले हैं। अटल जी के आदिवासी कल्याण के मंत्र को साकार करती हुई भाजपा झारखंड के दूरस्थ इलाकों की आदिवासी आबादी तक विकास की किरण पहुंचाने को सदैव तत्पर है। खेद की बात है कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा अटल क्लिनिक के नाम को बदलने और वनांचल आंदोलनकारियों को लाभों से वंचित करने की घोषणा दुर्भावना से ग्रसित होकर की गयी है। अटल जी अक्सर कहा करते थे कि जनहित के मुद्दों पर देश के तमाम राजनीतिक दलों को दलीय पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर निर्णय लेना चाहिए। क्या क्षुद्र राजनीतिक लाभ के लिए हेमंत सोरेन सरकार द्वारा की जा रही ऐसी निरर्थक घोषणाएं भारत रत्न के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी?



**(लेखक राज्यसभा सांसद हैं)**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.6 °C | 8.5 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## पेज 01 का शेष

# पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को सशक्त बनाने का लक्ष्य हो रहा पूरा



हेमंत सोरेन ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्र में पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को सशक्त बनाने का हमारा जो लक्ष्य था, वह पूरा होने जा रहा है। अब जनजातीय समुदायों को अपनी परंपराओं, संस्कृति, भूमि, जल और प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल का हक-अधिकार मिल सकेगा। इस नियमावली के लागू होने से अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभाएं शक्तिशाली होंगी और निर्णय लेने का अधिकार भी प्राप्त होगा।

**आने वाली पीढ़ी का भविष्य कर रहे सुरक्षित:** हेमंत सोरेन ने कहा कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित हो, इस दिशा में हमारी सरकार ने कई कदम उठाये हैं। इसके लिए सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक व्यवस्था मजबूत बना रहे हैं। मेरा मानना है कि जब हमारी आने वाली पीढ़ी सशक्त होगी तभी राज्य आगे बढ़ेगा।

**गांव मजबूत होगा तभी राज्य का सर्वांगीण विकास संभव:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य का गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे पूर्वजों, वीर शहीदों, आंदोलनकारियों एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी ने इस राज्य को लेकर जो परिकल्पना की थी, उसे साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मेरी स्पष्ट सोच है कि जब तक गांव मजबूत नहीं होगा, तब तक इस राज्य को सशक्त करने का सपना साकार नहीं होगा। यही वजह की हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत से काम कर रही है।

**बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहा है झारखंड:** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड 25 वर्ष का हो चुका है। अब हमारा राज्य बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहा है। हमारी सरकार नौजवानों को नौकरी दे रही है। वहीं, हमारी सरकार ने हाल ही में आदिवासी बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने के लिए निः शुल्क कोचिंग संस्थान की शुरुआत की है। यहां वैसे बच्चे तैयारी कर सकेंगे, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। मुझे पूरा विश्वास से कि यहां से पढ़कर बच्चे देश के अच्छे मेडिकल और इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिला लेने के लिए सफल होंगे।

**गाढ़ी एवं लंबी लकीर खींचने को हैं तैयार:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने मुझे जो आशीर्वाद दिया है। मुझपर जो भरोसा जताया है, उसे कदापि भूल नहीं सकते हैं। मैं यकीन दिलाता हूं कि इस राज्य में हर किसी को उसका मान-सम्मान और हक अधिकार मिलेगा। हमारी सरकार विकास के क्षेत्र में ऐसी लंबी और गाढ़ी लकीर खींचने के लिए तैयार है जो झारखंड को देश का अग्रणी और विकसित राज्य बनायेगा।

**सीमित संसाधनों में कैसे आगे बढ़े, इसकी योजना हो रही तैयार:** हेमंत सोरेन ने कहा कि आज मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जुड़कर राज्य की 50 लाख महिलाएं अपने पैरों पर खड़ा हो रही हैं। वे खुद के साथ अपने परिवार को सशक्त बना रही है। ऐसे में अब सरकार ऐसी कार्ययोजना तैयार कर रही है, जिसके तहत सीमित संसाधनों के बीच कैसे आगे बढ़े, यह ना सिर्फ बताया जाएगा, बल्कि उसे धरातल पर उतारा जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग हमारी आलोचना करते हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैं आलोचनाओं से डरता नहीं हूं। लेकिन, इस बात से जरूर डर लगता है कि कहीं हमारी योजनाएं असफल ना हो। यही वजह है कि हमारी सरकार गंभीरता के साथ अपनी योजनाओं को अमलीजामा बनाने का कार्य करने में विश्वास करती है।

**अनुसूचित क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को दी बधाई :** गुमला जिला अनुसूचित क्षेत्र मुखिया संघ के अध्यक्ष राम प्रसाद बड़ाईक, सरायकेला- खरसावां जिले के मुखिया दिवाकर सोरेन, गुमला जिला के घाघरा प्रखंड के मुखिया योगेंद्र भगत, पूर्वी सिंहभूम जिले के केराडूंगरी पंचायत के प्रधान कान्हू मुर्मू समेत कई ग्राम प्रधान, प्रमुख, मुखिया ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि पेसा नियमावली से राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था को एक नया मुकाम मिलेगा। इससे अनुसूचित ग्राम पंचायतों को उनका हक-अधिकार के साथ निर्णय लेने की शक्ति मिलेगी। इस पहल से अनुसूचित क्षेत्र में जनजातीय समुदाय को पूरा मान-सम्मान प्राप्त होगा। वर्षों से हमारी मांग पेसा कानून को लागू करने की थी, जो अब साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री को इस निर्णायक पहल के लिए हार्दिक बधाई देते हैं और आभार जताते हैं। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक कल्पना सोरेन, पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार और पंचायती राज निदेशक राजेश्वरी बी के अलावा राज्य के अलग-अलग क्षेत्र से ग्राम प्रधान प्रमुख मुखिया और पेसा मोबलाइजर्स मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री को चर्चों के पुरोहितों और युवा नेताओं ने क्रिसमस की दी बधाई

# क्रिसमस परमेश्वर के प्रति प्रेम और आस्था का प्रतीक : हेमंत

### मुख्यमंत्री ने सभी को पर्व की दी असीम शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची के जीइएल चर्च, एनडब्ल्यू जीइएल चर्च, सीएनआइ चर्च एवं पेंटीकॉस्टल चर्च के पुरोहितों और युवा नेताओं ने शिष्टाचार भेंट कर क्रिसमस की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को क्रिसमस की ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस विशेष अवसर पर उन्होंने केक काटकर प्रभु यीशु के आगमन की खुशियों को मनाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिसमस का उत्सव परमेश्वर के प्रति असीम प्रेम और आस्था को दर्शाता है। यह पर्व समाज में शांति, एकता, सद्भाव और एकजुटता की भावना को मजबूत करता है। हम सभी के जीवन में खुशियां हमेशा बरकरार रहे, प्रभु यीशु से यह प्रार्थना करते हैं। इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप, आर्च बिशप राजू सतीश टोप्पो, बिशप निस्तार कुजूर, बिशप अनुराग मिंज, जीइएल चर्च के महासचिव इश्वर दत्त कंडुलना, रेव्ह माइकल कच्छप, पादरी निरल बागे, सुजीत कुजूर, सजीत टोप्पो, आकाश तिर्की और विकास तिर्की मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री से मिले फादर खेस और फादर मेडॉट



**रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को उनके आवासीय कार्यालय में फादर अजीत खेस, फादर मेडॉट और मिशनरी ऑफ चैरिटी की रिजनल सुपीरियर सिस्टर जोस स्लेटा, सिस्टर मारिया अगस्ता तथा सिस्टर ग्वालबट ने शिष्टाचार भेंट कर क्रिसमस उत्सव सेलिब्रेट किया। उन्होंने एक-दूसरे को प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में मनाये जा रहे क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।**

# पेसा नियमावली को मंजूरी आदिवासी-मूलवासी अस्मिता की ऐतिहासिक जीत : सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने राज्य कैबिनेट की ओर से पेसा नियमावली को मंजूरी दिये जाने को झारखंड के आदिवासी और मूलवासी समाज की अस्मिता की ऐतिहासिक जीत बताया है। उन्होंने कहा कि पेसा केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि आदिवासी-मूलवासी समाज की जीवन पद्धति, पारंपरिक संस्कृति, खेल-खलिहान, प्रकृति और मातृशक्ति के संरक्षण का मजबूत आधार है। उक्त बातें बुधवार को सुप्रियो भट्टाचार्य ने झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मानव इतिहास की पहली लोकतांत्रिक व्यवस्था आदिवासी समाज से ही शुरू होती है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्ष पहले आदिवासी समाज में सामुदायिकता, सामूहिक निर्णय और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व पर आधारित शासन व्यवस्था विकसित हो चुकी थी। इसके विपरीत, वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संख्या के बल पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर अधिनायकवादी व्यवस्था थोपने का प्रयास कर रही है, जबकि पेसा कानून ऐसे प्रयासों को पूरी तरह खारिज करता है। उन्होंने अरावली पर्वत क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार प्राकृतिक संसाधनों को कॉरपोरेट घरानों के हवाले किया गया, पेसा कानून ऐसी नीतियों पर प्रभावी रोक लगाने का माध्यम है। भट्टाचार्य ने कहा कि पेसा अधिनियम-1996, उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक समता जजमेंट की भावना पर आधारित है, जिसमें आदिवासी क्षेत्रों में किसी भी परियोजना से पहले ग्राम सभा की सहमति और सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन को अनिवार्य किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने समय के साथ इन प्रावधानों को कमजोर किया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने सवाल उठाया कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास जैसे नेता वर्षों तक सत्ता में रहे, फिर भी उनके कार्यकाल में पेसा कानून लागू क्यों नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने सत्ता में लौटते ही एक वर्ष के भीतर पेसा नियमावली को लागू कर आदिवासी-मूलवासी समाज के अधिकार, पहचान और अस्मिता को मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि अब राज्य में शिक्षा, रोजगार और विकास की दिशा अफसरशाही नहीं, बल्कि ग्राम सभा तय करेगी और सरकार उसी के अनुरूप कार्य करेगी।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं. ELS-ANGL-OT-25-26-09

**कार्य का नाम :** इलेक्ट्रिक लोको शेड / अनुगुल में दो साल की अवधि के लिए मॉडिफाइड लेबिरिंथ सेट के साथ 3-फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के ट्रैक्शन मोटर (6FRA-6068) की मरम्मत/रीकंडीशनिंग।

**विज्ञापित मूल्य (₹):** 2,53,33,561.60, EMD (₹) : 2,76,700.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 24 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक - 30.12.2025,

**निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक : 13.01.2026 को 1500 बजे।

इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRS), अनुगुल

PR-932/Q/25-26

**SHAHEED SHEIKH BHIKHARI COLLEGE OF EDUCATION**
Sutiyambe-Pithoria, Kanke, Ranchi-834006
Recognized by NCTE, Bhubaneshwar Affiliated to Ranchi University, Ranchi

**ADMISSION NOTICE - 2025-2027 (for B.Ed. Course)**

राज्य सरकार के विज्ञापन पत्रांक- 02/वि 01-104/2017-2351 दिनांक 22/12/2025 (पत्रांक 1377 दिनांक 02/12/2025) के आलोक में रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन महाविद्यालय कार्यालय में दिनांक **24/12/2025** से **07/01/2026** तक **समय सुबह 10 बजे से 3 बजे तक** जमा कर सकते हैं।

नोट - **नामांकन प्रक्रिया में राज्य सरकार द्वारा तय आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा।**

For further details
Contact : 89867 17710

Sd/-
Secretary

## 21वीं सदी के भारत की नींव रखी अटल बिहारी वाजपेयी ने

# ऐसा दैदीप्यमान व्यक्तित्व जो सदैव विचारों में अटल, इरादों में अटल

## आज भी उनके विचार और आदर्श देश के कण-कण में अटल हैं



बाबूलाल मरांडी


भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसा दैदीप्यमान व्यक्तित्व जो सदैव विचारों में अटल, इरादों में अटल। मां भारती के अनन्य उपासक, सरस्वती के वरद पुत्र, जिनकी कविताएं केवल शब्द नहीं बल्कि भारत माता की वंदना है, देश, समाज की पीड़ा है, जन मन के लिए प्रेरणा हैं, हिंदुत्व की विशालता है, विंदु का सिंधु में विलय है। ऐसे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की आज 102 वीं जयंती है।

अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसा विलक्षण नाम जिनको लोग देखना चाहते थे, सुनना चाहते और आज उनकी कविताओं, उनके भाषणों को सुनाना भी चाहते हैं। 25 दिसंबर 1924 को एक ऐसे बालक का जन्म हुआ जो भारत के राजनीतिक सामाजिक क्षितिज पर ध्रुवतारा की तरह चमकते हुए जन जन को सही दिशा का बोध करा रहा है।

राष्ट्रीय भावों से ओत प्रोत अपनी कविताओं में श्रद्धेय अटल जी ने कहा 'हिंदू तन मन, हिंदू जीवन, रग रग हिंदू मेरा परिचय'। यह कोई शब्दों का खेल नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना की अभिव्यक्ति है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारों से ओतप्रोत श्रद्धेय अटल जी ने अपना संपूर्ण जीवन मां भारती की सेवा में समर्पित कर दिया। अपनी कुशाग्र, बौद्धिक क्षमता से उन्होंने राष्ट्रधर्म पत्रिका का वर्षों तक संपादन किया वहीं कुशल सांगठनिक क्षमता ओजस्वी वाणी ने उन्हें राजनीतिक क्षेत्र में भारत माता की सेवा के लिए जोड़ दिया। कांग्रेस की तुष्टीकरण नीति के कारण भारत के विभाजन की पीड़ा ने देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से ओत प्रोत जनसंघ जैसे राजनीतिक संगठन को जन्म दिया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कुशल नेतृत्व, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के वैचारिक प्रेरणा से अटल जी ने जनसंघ के पौध को पुष्पित पल्लवित करने में अपनी महती भूमिका निभाई। चार वर्षों तक वे जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। जनता का अपार स्नेह उन्हें प्राप्त हुआ। एक जन प्रतिनिधि के रूप में 10 बार लोकसभा में और दो बार राज्यसभा में उनकी उपस्थिति ने दोनों सदनों की गरिमा बढ़ायी।

विचारों में अटल श्रद्धेय अटल जी ने दोहरी सदस्यता के सवालों पर जनता पार्टी से अलग होना स्वीकार किया। 6 अप्रैल 1980 को जनसंघ का परिवर्तित स्वरूप भाजपा का गठन हुआ। मुंबई के राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उनके भाषण की यह पंक्ति... अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा ने पार्टी के दृढ़ संकल्प को न सिर्फ साकार किया बल्कि करोड़ों कार्यकर्ताओं को हर विषम परिस्थितियों में प्रेरित करता है, दिशा देता है।

जनता पार्टी की सरकार में बतौर विदेश मंत्री संयुक्त राष्ट्र संघ में राष्ट्र भाषा हिंदी में भाषण देकर भारत और भारतीयता को महिमा मंडित किया। नरसिंहराव सरकार के दौरान नेता प्रतिपक्ष के रूप में जेनेवा में भारत का पक्ष रखना श्रद्धेय अटल जी के विराट व्यक्तित्व, उनकी राष्ट्रभक्ति उनकी राजनीतिक सोच, कौशल को प्रतिष्ठित करता है।



कांग्रेस की परिवारवादी सोच, तुष्टीकरण की नीति के बीच अटल जी ने देश को नयी राजनीतिक दिशा दी। देश को कांग्रेस की नीतियों से उबारने के लिए और विकासोन्मुख राजनीति को स्थापित करने की दिशा में गठबंधन को प्रतिस्थापित किया। आजादी के लगभग अर्द्ध शतक के बाद भारत में एक नये राजनीतिक अध्याय का सूत्रपात हुआ। 21 वीं सदी का भारत कैसा हो इसकी नींव पड़ी। जिसका आधार तुष्टीकरण नहीं बल्कि सर्वे भवंतु सुखिनः बना, जिसे शासन नहीं सुशासन कहते हैं।

अपने छोटे कार्यकाल में बतौर प्रधानमंत्री अटल जी ने 21वीं सदी के भारत का मजबूत स्वर्णिम आधार तैयार कर दिया। दीप वहां जलाने की शुरूआत हुई जहां वर्षों से अंधेरा छाया हुआ था। स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्ग योजना ने सड़कों का चौड़ीकरण, सुंदरीकरण ही नहीं किया बल्कि देश की राष्ट्रीय एकात्मकता को मजबूती प्रदान की। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने आजाद भारत में पहली बार गांव और शहर की दूरियां मिटाई। सर्व शिक्षा अभियान ने देश की शिक्षा व्यवस्था में बुनियादी सुविधाओं को विकसित किया। लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर दिये। नदी जोड़ो कार्यक्रम ने हर खेत तक पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी सुनिश्चित की।

विश्व के तथाकथित ठेकेदारों के प्रतिबंध की धमकियों को नकारते हुए अटल जी ने वर्षों से लंबित परमाणु परीक्षण को पोखरण की धरती से साकार कर दिखाया। अटल जी ने समन्वय और संवाद को सदैव बढ़ावा दिया। मित्र बदले जा सकते लेकिन पड़ोसी नहीं इसलिए पाकिस्तान से संबंधों को सुधारने के लिए दिल्ली से लाहौर तक की बस यात्रा की। परंतु बदले में मिले कारगिल युद्ध का भी मुंह तोड़ जवाब देने में पीछे नहीं हटे।महान वैज्ञानिक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बनाकर अटल जी ने यह सिद्ध किया कि राष्ट्र की सेवा में धर्म संप्रदाय, पूजा पद्धति बाधा नहीं बननी चाहिए। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित कर अटल जी ने देश के दलित समाज को गौरवान्वित किया।

राष्ट्र के सांस्कृतिक विरासत को बल देते हुए अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में रामराज्य की स्थापना के पूर्व अयोध्या में भव्य राममंदिर के निर्माण के मार्ग को प्रशस्त करने के ठोस प्रयास किये जो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हुआ।

अटल जी के सुशासन में जन आकांक्षाओं की अनुकूलताएं थीं। इसीलिए अपने वादे के अनुरूप अटल जी ने प्रधानमंत्री बनते ही झारखंड आंदोलन को कांग्रेस की खरीद बिक्री से बाहर निकालकर झारखंड राज्य का सपना साकार किया। स्थापना की तिथि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को तय किया और एक आदिवासी समाज के नेता को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। यह सम्मान केवल व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे आदिवासी समाज का था।

अटल जी की सरकार ने आदिवासी समाज के लिए केवल अलग राज्य नहीं बनाया बल्कि उन्हीं की सरकार ने केंद्र में अलग आदिवासी मंत्रालय बनाया, संथाली भाषा को भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया। यह सब आदिवासी समाज को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने की ऐतिहासिक पहल थी।

आज झारखंड की जनता अलग राज्य के उपहार के लिए अटल जी की ऋणी है। शायद अटल जी न होते तो यह अलग राज्य भी नहीं होता। आज अटल जी शरीर से हम सभी के बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार और आदर्श कण कण में गूंज रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विकसित भारत की नींव पर विकसित भारत का भव्य महल खड़ा करने में जुटी है। भव्य राम मंदिर निर्माण के साथ राम राज्य लाने की दिशा में लगातार काम हो रहे। गांव गरीब किसान, दलित पिछड़े सभी विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहे। पूरी दुनियां में तिरंगे की ताकत बढ़ रही। विश्व को संतुलित समावेशी विकास के लिए मोदी सरकार प्रमुख भूमिका निभा रही है।

आज महामानव भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी की जयंती पर उनके चरणों में कोटि कोटि नमन, प्रणाम, विनम्र श्रद्धांजलि।

**(लेखक : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं।)**

# फर्जी मुद्रा बैंक से लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 9 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस फर्जी मुद्रा बैंक से लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 9 को गिरफ्तार किया है। ये सभी फर्जी संस्था मुद्रा बैंक से लोन दिलाने के नाम पर भोले-भाले लोगो से बड़े पैमाने पर पैसे की ठगी करते थे। जिसका शिकायत प्रतिबिम्ब एप्प में की गई है तथा उन व्यक्तियों का वर्तमान लोकेशन विनोबा भावे नगर, सिन्दुर है। पूरी कारवाई एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में हुई। टीम ने कार्रवाई करते हुए ऑनलाईन ठगी कर रहें 9 अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त ब्रेजा कार, विभिन्न कंपनियों के कुल 27 मोबाइल, काफी मात्रा में सीम कार्ड, रजिस्टर और अन्य



दस्तावेजों को विधिवत जप्त किया गया। अपराधियों के विरूद्ध कोर्रा थाना कांड संख्या 230/25 दर्ज किया गया। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस कार्रवाई में लाल रंग का मारूती सुजुकी ब्रेजा, विभिन्न कंपनी के मोबाईल-27, सीम कार्ड 7, रजिस्टर कॉपी 23 (सभी में ठगी किये गये व्यक्तियों का नाम और मो०नं०) बरामद हुए।

**गिरफ्तार अभियुक्त नाम और पता :** शिवनंदन सिंह, सचिन कुमार, बानावत पवन अखिल रातौर, कोड़ावत सचिन, सारंगी विष्णु, नाका शिवा, फरियाद अंसारी।

**छापामारी दल में :** एसडीपीओ अमित कुमार, पुनि नंदकिशोर साह, कोर्रा प्रभारी अजीत कुमार, एसआई महेश पासवान कोर्रा थाना, हजारीबाग, पुअनि बिटू रजक कोर्रा थाना, पुअनि पुनू यादव कोर्रा थाना, पुअनि रौशन कुमार कोर्रा थाना के अलावा, प्रभारी तकनीकी शाखा और कोर्रा थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

# वृंदाहा वॉटर फॉल की घटना में संलिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार

**अश्लील वीडियो बनाकर की थी वसूली**

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गत दिनों वृंदाहा वाटर फॉल गये युवक-युवती का अश्लील वीडियो बनाकर भयादोहन करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। इन तीनों पर पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि वादी चंदवारा के पीयूस कुमार द्वारा तिलैया थाना में इस आशय का आवेदन दिया गया था कि वे अपने महिला मित्र के साथ 18 दिसम्बर को वृंदाहा फॉल गये थे। घुमने के दौरान इनके पास चार व्यक्ति बबलू यादव, राकेश उर्फ भखरू यादव, अतीत यादव और सुरेश यादव आये, जो गाली गलौज करते हुए बंदूक का भय दिखाकर महिला मित्र के साथ अश्लील हरकत करवाये और उसका वीडियो बना लिये। उस वीडियो को वायरल



करने की धमकी देकर पैसे की मांग किये। तब ये अपने दोस्त और रिश्तेदार से 4 हजार 635 रुपये ऑनलाईन मंगवाये और उसके द्वारा उपलब्ध कराये गये स्कैनर जिसमें नाम दशरथ कुमार लिखा दिख रहा था, उसपर रुपएये ट्रांसफर कर दिये, तब जाने दिया। घर पहुंचने पर पुनः उन अभियुक्तों ने धमकी दिया कि 5 हजार रुपए डालो नही तो वीडियो वायरल कर देंगे। वादी के उक्त आवेदन के आधार तिलैया थाना कांड 384/25 दर्ज किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी विनय कुमार, पुअनि शशिभूषण कुमार, थाना प्रभारी, चंदवारा, पुअनि प्रेम कुमार, प्रभारी तिलैया डैम ओपी, पुअनि अभिमन्यु पडिहारी, थाना प्रभारी, डोमचांच के नेतृत्व में कुल चार टीमों का गठन किया गया। उक्त टीम ने छापामारी अभियान चलाया। अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट लिया गया। इसी बीच गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि इस घटना में संलिप्त रहे कुछ अपराधी गझंडी रोड में एक नवनिर्मित शेड के पास देखे गये हैं। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा तत्परतापूर्वक छापामारी कर इस घटना में संलिप्त रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ के कम में अपना दोष स्वीकार किया और बताया कि वे अपने मोबाईल को तोडकर फेंक दिये हैं। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी विनय कुमार, तिलैया थाना के पुअनि देवेन्द्र उरांव और सशस्त्र बल, पैंथर जवान शामिल थे।

**अभियुक्तों पर पहले से दर्ज हैं कई मामले**

इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों पर पहले से कई मामले दर्ज हैं। बबलू यादव (30 वर्ष, पिता अमृत यादव) पर 6 मामले, राकेश कुमार उर्फ भखरू ( 25 वर्ष, पिता तुलसी यादव,) पर 8 और अजीत कुमार (19 वर्ष, पिता मनोज यादव) पर 5 मामले दर्ज हैं। तीनों तिलैया थाना अंतर्गत ग्राम मोरियावां कुरहा के रहने वाले हैं।

## कोडरमा की शिक्षिका बनीं लेफ्टिनेंट



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के सीएच स्कूल, झुमरीतिलैया के लिए बुधवार का दिन गर्व और गौरव का ऐतिहासिक क्षण बन गया। विद्यालय की जीव विज्ञान विषय की शिक्षिका राधिका ने एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी, ग्वालियर से 75 दिनों का कठोर और अनुशासित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त किया है। प्रशिक्षण के बाद विद्यालय पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स, विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों ने उनका भव्य स्वागत किया। एनसीसी के 75 वर्षों के इतिहास में सीएच स्कूल की शिक्षिका लेफ्टिनेंट राधिका पहली महिला एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर एएनओ बनी हैं, जिन्होंने यह प्रतिष्ठित प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इससे पहले इस विद्यालय से केवल पुरुष शिक्षक ही एनसीसी का यह विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर सके थे। लेफ्टिनेंट राधिका की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे कोडरमा जिले के लिए प्रेरणास्रोत बन गयी है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स में विशेष उत्साह देखने को मिला। कैडेट्स ने अनुशासनबद्ध तरीके से परेड कर लेफ्टिनेंट राधिका को सम्मान दिया। विद्यालय प्रशासन ने इसे छात्रों के लिए प्रेरक उपलब्धि बताया। लेफ्टिनेंट राधिका ने अपनी इस सफलता का श्रेय 45 झारखंड बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार सेना मेडल को दिया। उन्होंने कहा कि कमांडिंग ऑफिसर द्वारा मिले निरंतर मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और विश्वास के कारण ही वे इस कठिन प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर सकीं। प्रशिक्षण के अनुभव साझा करते हुए लेफ्टिनेंट राधिका ने बताया कि एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी, ग्वालियर में बिताये गये 75 दिन अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहे, जहां शारीरिक दक्षता, मानसिक मजबूती, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण एनसीसी कैडेट्स के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा और इससे कैडेट्स को सेना, अर्धसैनिक बलों समेत अन्य सेवाओं के लिए तैयार करने में बेहतर मार्गदर्शन मिल सकेगा। विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों ने लेफ्टिनेंट राधिका को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि छात्र-छात्राओं, विशेषकर बालिकाओं के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी और एनसीसी के प्रति युवाओं की रुचि को और अधिक बढ़ायेगी।

### टॉर्च की रौशनी में ऑपरेशन का मामला उगाजर होने के बाद पहुंचा जांच दल

# सीएचसी में कार्यरत कर्मियों की कार्यशैली से नाराज दिखे जनप्रतिनिधि और ग्रामीण



आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** समुदाईक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी में टॉर्च की रौशनी में महिलाओं का ऑपरेशन किये जाने का वीडियो वायरल होने के बाद अखबारों में छपी खबरों से विभाग में हड़कंप मच गया है। इसी को लेकर बुधवार को जिला से वरीय अधिकारीयों का जांच दल केरेडारी सीएचसी पहुंचा जिसमें जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, जिला भू अर्जन्ट पदाधिकारी निर्भय कुमार और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के नोडल पदाधिकारी डॉ राजकिशोर शामिल थे। जांच दल में शामिल अधिकारीयों ने समुदाईक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित ऑपरेशन थिएटर में लगी लाइट का निरीक्षण किया और चिकित्सा प्रभारी नफीस अंजुम के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान अधिकारीयों ने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के विषय में जानकारी लिया और टॉर्च की रौशनी में महिला के ऑपरेशन मामले में विस्तार पुर्वक जानकारी लेते हुए कहा की अस्पताल में जब डीजी जेनरेटर उपलब्ध है तो आखिर टॉर्च की रौशनी में ऑपरेशन क्यों किया जा रहा था। अधिकारीयों के द्वारा सवाल पूछे जाने पर सीएचसी में मौजूद कर्मियों को जवाब नहीं मिल पा रहा था जिसे लेकर अधिकारीयों काफी नाराजगी भी जतायी।

**प्रमुख ने जतायी नाराजगी**

बुधवार को जांच दल ने केरेडारी पहुंचने के बाद सिएचसी में ओटी में लगी लाइट का निरक्षण किया। इसके बाद चिकित्सा पदाधिकारी के साथ कक्ष में विभागीय बैठक किया। जबकि बाहर प्रमुख सुनीता देवी, जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार और कई सहिया दीदी अपनी बात अधिकारीयों के समक्ष कहने का इंतजार करते रह गये। इस से नाराज प्रमुख सुनीता देवी ने कहा की जांच में आये हुए अधिकारीयों को जनप्रतिनिधियों ओर आम जनता की बातों को भी सुनना चाहिए लेकिन दुर्भाग्य से विभागीय बैठक के नाम पर लीपापोती किया जा रहा है। वहीं जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार ने कहा की वर्तमान समय में इस हॉस्पिटल में चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है ओर जब तक वर्तमान में मौजूद कार्यरत कर्मियों को यहां से हटाया नहीं जायेगा तब तक कोई सुधार होने की संभावना नहीं है। जांच के क्रम में बाहर में मौजूद अधिकतर लोग चिकित्सकों की कार्यप्रणाली से नाराज ही दिखे तथा दबे जुबान सभी लोग आलोचनात्मक मूड में दिखायी दिये। इधर कराली पंचायत की महिला ललिता कुमारी जिसका ऑपरेशन अंधेरे में किया गया था उसका ऑपरेशन पक गया है जिससे उक्त महिला घबराइए हुई भी है और इसे अब बेहतर स्वास्थ्य की चिंता भी सता रही है।

# डीजीपी ने खुला जेल का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने बुधवार को हजारीबाग स्थित झारखंड खुला जेल सह पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने ओपन जेल परिसर का भ्रमण कर वहां सजायाफ्ता कैदियों को उपलब्ध करायी जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीजीपी ने सजायाफ्ता कैदियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना। इस क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की सरेंडर पॉलिसी का लाभ कैदियों को सुनिश्चित किया जायेगा। डीजीपी ने संबंधित विषयों पर शीघ्र सकारात्मक पहल किये जाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर डीसी शशि प्रकाश सिंह और एसपी अंजनी अंजन उपस्थित थे। इससे पहले डीजीपी का परिसदन भवन, हजारीबाग में डीसी एसपी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

## झामुमो नेता ने बांटे कंबल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने बड़कागांव प्रखंड के गरसुल्ला पंचायत के तेतरिया टोला में जरूरतमंद गरीब 150 महिला पुरुष को कंबल देकर ठंडक से बचाने का प्रयास किया। श्री बेदिया ने कहा झारखंड में बहुत ही ज्यादा ठंड पड़ रही है अभी 7 डिग्री सेल्सियस में ठंड पड़ रही है इसलिए आप लोग कंबल को सुबह शाम सोने के समय प्रयोग करें। ताकि आप लोग ठंड से बच सकें। मौके पर उपस्थित संजय करमाली, शंकर साव, ओम प्रकाश कुमार, सालों देवी, गीत देवी, उर्मिला देवी, आरती देवी, पूजा देवी, शिवानी देवी, शीला देवी, राखी देवी, सुलेखा देवी, सरिता देवी, रीना देवी, मेलो देवी, चिंता देवी, तीजन देवी, पिंकी देवी, दुलारी देवी, सुमन देवी, मनिका देवी, कुलेश्वर करमाली, नरेश करमाली, नीतू देवी, जागो देवी, महेश करमाली, अकाल करमाली, कलावती देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## शारदा स्कूल में धूमधाम से मना क्रिसमस



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** मडुआटांड स्थित शारदा स्कूल में बुधवार को धूमधाम से क्रिसमस मनाया गया। शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान स्कूल में चरनी बनायी गयी। बच्चे सांता क्लाज और परियों बनकर आए नन्हे बच्चों ने जिंगल बेल, जिंगल बेल पर खूब मस्ती की। शिक्षकों ने बच्चों को प्रभु यीशु के जीवन के बारे में बताया। इस दौरान बम बम भोले में अंशिका, अनुप, रेशम, रणवीर, रिधान, मसीहा आया में आदर्श, समीक्षा, तान्या, ऋषिका शानवी, अनमोल, स्वीटी, अदिति मन्नत, सौरभ आर्यन, विशाल, अभी और जिंगल बेल में अवंतिका, अंशी, अनन्या, प्रिंसी, आलोक, सारांश, लक्ष्मी, दुर्गा, यीशु आज चरनी च आया सोनम, संध्या, सबी, आरुषि, सुरुचि, स्वरागिनी, पूर्णिमा, विराट, नयन, रणवीर, आई विश यू हैप्पी न्यू ईयर एंड क्रिसमस पर पीहू, निधि, वंशिका, साक्षी और रीमिक्स सॉन्ग जिंगल बेल आर्यन, अभिनव, प्रियांशु, शिवांश, जोगणिया सॉन्ग संजीवनी, वैष्णवी, अंशु और हिंदी भाषण विशाल, इंग्लिश भाषण वीर सिंह ने प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य बबीता पांडे ने बच्चों को क्रिसमस की बधाई दी। मौके पर सुमन सलुजा, राखी पात्रों, निधी पांडे, रिमझिम यादव, अनु, पलक, कंचन, सुमित कुमार, विभा देवी, पवन शर्मा आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी महेश भारती ने शिशुओं के बीच गरम टोपी का किया वितरण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में बढ़ते ठंड को देखते हुए कोडरमा के समाजसेवी महेश भारती ने बुधवार को सदर अस्पताल में उपाधीक्षक डॉ रंजीत कुमार और एचएम मो असीम हक, जेएमएम बुद्धिजीवी मंच सह ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक कुमार नवीन ने संयुक्त रूप से नवजात शिशुओं के बीच गरम टोपी का वितरण किया। इस दौरान उपाधीक्षक डॉ रंजीत कुमार ने कहा कि आज जहां आम लोग बुजुर्ग के बारे में सोचते हैं, तो इसके विपरीत समाजसेवी महेश भारती द्वारा यह सोच की इस ठंड में शिशुओं के ऊपर ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत है। इसमें आप की यह सोच ओर नवजात शिशुओं के लिए गरम टोपी का वितरण किया, जो सराहनीय कार्य है। इधर श्री भारती ने कहा कि यह नया बच्चा हम सभी के लिए आशीर्वाद है। आपको और आपके बेटे को हार्दिक शुभकामनाएं। श्री नवीन ने कहा कि जैसे-जैसे आप उनके नजरिए से दुनिया को एक्सप्लोर करेंगे, आपको साधारण चीजों में खुशी और हर पल में प्यार मिलेगा। आपकी खूबसूरत नयी शुरुआत के लिए बधाई। मौके पर मो काशिफ अख्तर, दिवाकर राम, सदर अस्पताल के स्टाफ नर्स, कर्मी मौजूद थे।

### बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता के संरक्षण पर परिचर्चा

# कोडरमा के पत्रकार सामाजिक दायित्व का भी कर रहे निर्वहन : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय कोडरमा ने बुधवार को उरवां स्थित एडवेंचर पार्क परिसर में बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण विषय पर परिचर्चा आयोजित किया। बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि भ्रामक खबर का व्यक्ति समाज और देश पर व्यापक असर पड़ता है। यदि सोशल मीडिया पर आधारित रिपोर्टिंग होगी तो इसका असर नकारात्मक होगा जो सभी के लिए दुष्प्रभावी होगा। उन्होने कहा कि धैर्य और संयम के साथ, चौकस होकर दबाव मुक्त रहकर तथ्य की जांच कर लें तो गलती



की गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि कोडरमा जिले में पत्रकार अच्छी पत्रकारिता के साथ सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन अच्छे तरीके से कर रहे हैं। वहीं रांची से आये पत्रकार शशि सिंह और जेब अख्तर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति कि यह सोच गलत है कि वही सच्चा है। पत्रकार का सैद्धांतिक और राष्ट्रीय दायित्व होता है और इसका पालन किया जाना चाहिए। पत्रकार और मीडिया पर पाठक निर्भर है और ऐसे में विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए खुद को समय-समय पर तराशने की जरूरत है। आज पत्रकार सोशल मीडिया पर निर्भर हो गये हैं। वास्तव में सोशल मीडिया भ्रामक मीडिया का आधार बन जाता है और यह जर्नलिज्म के लिए सही नहीं है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार ने स्वागत और धन्यवाद किया जबकि संचालन मनोज कुमार सिन्हा ने किया। इस दौरान उपायुक्त ने पत्रकारों को मोमेंटो भी दिया। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, वरिष्ठ पत्रकार कुमार रमेशम, संजीव समीर, ओम प्रकाश, संतोष कुमार, अनिल सिंह, विकास कुमार, बिनोद विश्वकर्मा, अनूप सिन्हा, विक्की केसरी, कासिफ अख्तर, अमित कुमार, मनीष बरनवाल, सुनील सिन्हा, सुधीर पांडेय, प्रेम भारती, एडीपीआरओ अविनाश कुमार और अन्य प्रेस प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रेस सेमिनार में प्रेस क्लब अध्यक्ष सतीश कुमार, महासचिव गौतम राणा, उमा शंकर, अमित कुमार, गजेन्द्र कुमार सिन्हा, भोला शंकर सिंह, अमित कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार आदि का शमिल थे।

# बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** बांग्लादेश में जिहादी हिंसा और प्रशासनिक निष्क्रियता, हिंदू विरोधी हिंसा पर रोक लगाने और अल्पसंख्यक हिंदू दीपू चंद्र दास की बेरहमी से हत्या कर पेड़ से लटका कर जिंदा जलाने वाले अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही कर उन्हें सजा देने और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लिए भय और शोषणमुक्त वातावरण बनाने की मांग को लेकर बुधवार को हिन्दू परिषद और बजरंग दल केरेडारी प्रखंड के द्वारा बंगलादेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने केरेडारी के




बेल चौक से पैदल विरोध प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद युनुस का पुतला घसीटते हुए बंगलादेश सरकार के खिलाफ बंगलादेश मुदार्बाद, मुहम्मद युनुस मुदार्बाद सहित अन्य नारेबाजी कर केरेडारी चौक पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने बंगलादेश सरकार, बंगलादेश देश का झंडा जलाया ओर पुतला उल्टा करके जलाया गया। वहीं मृतक दीपू चंद्र दास को श्रद्धांजलि भी दी गयी। वही बंगलादेश को खुली चेतावनी दी गयी। इस कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने भाग लिया।

## चरही घाटी के यूपी मोड़ पर बढ़ेगी सुरक्षा

**चरही/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** चरही घाटी के कुख्यात यूपी मोड़ को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने इस स्थान को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित कर लिया है। इसके साथ ही यहां सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाये जा रहे हैं। एनएचएआइ के अधिकारी विवेक कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही यूपी मोड़ पर रेडियम रिफ्लेक्टर, कैट-आई, चेतावनी संकेत बोर्ड सहित अन्य आवश्यक सड़क सुरक्षा उपाय लगाये जायेंगे। इससे विशेषकर रात और कोहरे के समय वाहन चालकों को मार्ग की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी और दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा चरही घाटी और यूपी मोड़ का गहन निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के बाद हत्यारी मोड़ से हनुमान मंदिर तक स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना बनायी गयी है, जिससे अंधेरे में होने वाली घटनाओं पर प्रभावी रोक लगेगी। स्थानीय लोगों और नियमित यात्रियों ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से यूपी मोड़ को सुरक्षित बनाने की मांग की जा रही थी। एनएचएआइ की यह पहल न सिर्फ दुर्घटनाओं को कम करेगी, बल्कि यात्रियों के लिए सफर को अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनायेगी। यह कदम निश्चित रूप से चरही घाटी में सड़क सुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक और सराहनीय पहल है।

## माले नेता की दादी के निधन पर शोक

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में भाकपा माले नेता सह ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान की दादी तजीया देवी (उम्र 98 वर्ष) का अपने निवास स्थान रेभनाडीह में देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को ग्राम रेभनाडीह के मुक्तिधाम में किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले में जयनगर पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र यादव, हीरोडीह मुखीया प्रतिनिधि मनोहर यादव, राजकुमार पासवान, भुनेश्वर पासवान, राजकिशोर पासवान, विनोद पासवान, संजीव पासवान, अजय पासवान, राजेंद्र पासवान, मनोज सोनी, संतोष पासवान, नन्दलाल पासवान, इंद्रदेव पासवान, लखन पासवान, अशोक पासवान सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# लोहार टोला में सार्वजनिक जमीन पर अवैध कब्जे की साजिश

**दशकों से हो रहा है होलिका दहन, अचानक जेसीबी चलने से मची खलबली**

**जिला प्रशासन पर उठने लगे कई सवाल, आखिर रात में क्यों होता है अवैध निर्माण?**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के हृदय स्थली माने जाने वाले लोहार टोला में सार्वजनिक जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दशकों से जिस जमीन पर होलिका दहन और अन्य सामाजिक कार्यक्रम होते आ रहे हैं, उसी जमीन को निशाना बनाकर अब सुनियोजित तरीके से कब्जा किया जा रहा है।

**रात के अंधेरे में हो रहा है अवैध कब्जा :** स्थानीय निवासियों के बीच जो चर्चा है उसके अनुसार जमीन माफिया द्वारा रात के अंधेरे में अवैध गतिविधियां की जा रही हैं। बिना किसी वैध कागजात के जमीन पर दखल देने की कोशिशें तेज हो गई हैं। जिससे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल है।

**अरबों की जमीन पर जमीन माफिया की टेड़ी नजर :** बताया जा रहा है कि लोहार टोला स्थित यह जमीन अरबों रुपये मूल्य की है। शहर के बीचों-बीच स्थित होने के कारण इस जमीन पर भू-माफियाओं की नजर लंबे समय से थी और अब मौके का फायदा उठाकर कब्जे की कोशिश की जा रही है।

**रांची से जुड़े जमीन माफिया का नेटवर्क सक्रिय :** स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे खेल के पीछे रांची के जमीन माफिया का नेटवर्क सक्रिय है। जो स्थानीय भू-माफियाओं के साथ मिलकर काम कर रहा है। बाहर से आए लोग स्थानीय युवकों को आगे कर पूरे खेल को अंजाम देने की कोशिश कर रहे हैं।

**गिरोह के नाम पर धमकी :** आरोप है कि रामगढ़ के कुछ युवक, जिन्हें गिरोह का नाम देकर पेश किया जा रहा है, स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने का काम कर रहे हैं। जमीन पर दावा जताने वालों को खुलेआम धमकियां दी जा रही हैं।

**हथियारों के साथ कब्जे की चर्चा :** इलाके में यह चर्चा भी जोरों पर है कि हथियारों के बल पर जमीन कब्जा करने की साजिश रची जा रही है। इससे स्थानीय लोग दहशत में हैं और किसी बड़ी आपराधिक घटना की आशंका जता रहे हैं।

**अधिकारियों की छुट्टी बनी माफिया की ताकत :** सूत्रों के मुताबिक, जिले के दो बड़े प्रशासनिक अधिकारी फिलहाल छुट्टी पर हैं और इसी का फायदा उठाकर जमीन माफिया सक्रिय हो गया है। प्रशासनिक निगरानी कमजोर पड़ते ही अवैध गतिविधियों में तेजी देखी जा रही है।

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग :** स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक जमीन की तत्काल मापी और घेराबंदी कराई जाए। अवैध कब्जे की कोशिश कर रहे लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। इलाके में पुलिस गश्ती बढ़ाई जाये। साथ ही हथियारों की अफवाहों की जांच कर सख्त कदम उठाये जायें।

**सवालों के घेरे में प्रशासन :** सबसे बड़ा सवाल यह है कि शहर के हृदय स्थल पर स्थित सार्वजनिक जमीन पर अगर इस तरह खुलेआम कब्जे की कोशिश हो रही है, तो प्रशासन की निगरानी व्यवस्था कहां है? क्या जमीन माफिया इतने बेखौफ हो चुके हैं कि कानून का डर ही खत्म हो गया है।

**रामगढ़ का वरिष्ठ पत्रकार रहा है पूरे प्रकरण को मैनेज! :** लोहार टोला में जमीन कब्जे के मामले को रामगढ़ के एक वरिष्ठ पत्रकार मैनेज करने में जुटा है। बताया जा रहा है कि उक्त पत्रकार का सीधा संपर्क रांची में बैठे जमीन माफिया से है। पत्रकार ने जमीन माफिया से एक मोटी रकम लिया। जो मीडिया से लेकर कुछ अधिकारियों को मैनेज करने का ठेका लिया है। यह पत्रकार का तार क्षेत्रीय पार्टी के वरिष्ठ नेता से जुड़ा है। जिसके कारण अधिकारियों से सामंजस्य बनाने में कोई परेशानी नहीं हो रहा है। यह पत्रकार प्रतिदिन रामगढ़ आकर व्यवस्था को देख रहा है। रिपोर्टिंग जिला स्तर से करता है। लेकिन मैनेजिंग राजधानी तक करता है।

# जिंदल कंपनी पर अवैध जमीन खरीद का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** बलकुदरा गांव के रैयतों ने बासल थाना में लिखित आवेदन देकर अपनी पैतृक भूमि की सुरक्षा की गुहार लगायी है। ग्रामीणों का आरोप है कि खाता संख्या 283, प्लॉट संख्या 1522, कुल रकबा 1 एकड़ 28 डिसमिल जमीन पर वे तीन पीढ़ियों से शांतिपूर्वक दखल-कब्जा कर जोत-आबाद कर रहे हैं। उक्त भूमि पर चारदीवारी, आवासीय मकान और दुकानें भी निर्मित हैं। ग्रामीणों के अनुसार आज तक इस जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा न तो कब्जा किया गया और न ही कोई दावा प्रस्तुत किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके पास दादा-परदादा के नाम का हुकुमनामा, रसीदें और हाल में किए गए सर्वे का डिग्री पेपर मौजूद हैं। आरोप है कि वर्ष 2009 में जिंदल कंपनी द्वारा ग्रामीणों से अवैध व फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन खरीद दिखाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी ने जहां-जहां जमीन खरीदी है, वहां रैयत से खरीद कर वास्तविक कब्जा भी लिया है, लेकिन इस भूमि पर करीब 14 वर्षों से न तो कोई कब्जा लिया गया और न ही कोई दावा किया गया। मामले में नया मोड़ तब आया जब लगभग चार माह पूर्व बलकुदरा निवासी बृजमोहन मुंडा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने आवास का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान कंपनी के अधिकारियों द्वारा यह कहकर काम रोकने का दबाव बनाया गया कि यह जमीन कंपनी के नाम पर बिक चुकी है।

# बाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हंटरगंज।** चतरा उत्तरी वन प्रमंडल राहुल मीणा और वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देश पर पलस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय औरु गेरुआ में बाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया उमेश चंद्र पांडे और संचालन बीइइओ किशोर कुमार ने किया। इस दौरान बताया गया कि स्कूल नर्सरी योजना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को लेकर



जागरूक करना है। वन पर्यावरण तथा प्रदूषण और स्वच्छता को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है। बढ़ते हुए प्रदूषण को रोकना हम सभी की अति अवाश्यक है। शुद्ध जलवायु नही मिलने से बहुत सारे विमारियों का दुष्प्रभाव मनुष्य पर अटैक कर रहा है। वन विभाग की ओर से प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वनरक्षी पवन कुमार व होमगार्ड के जवान मौजूद थे। इस मौके पर बीपीओ संदीप कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक जिक्षु कुमार शर्मा और मुखिया प्रतिनिधि प्रभु दयाल यादव मौजूद थें।






# तोपा में अवैध कोयला उत्खनन मुहाना ध्वस्त

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्रीय और तोपा परियोजना गश्ती दल ने बुधवार को अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान तोपा परियोजना के मंगरदाहा इमली पेड़ के समीप बने एक अवैध खनन स्थल को डोजरिंग कर ध्वस्त किया गया। सीसीएल सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध कोयला खनन के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। साथ ही, इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। अभियान में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी रमेश राउत, तोपा सुरक्षा प्रभारी शंकर राम, हवलदार शिवशंकर, होम गार्ड जवान मनीष कुमार, टुनटुन कुमार समेत कई शामिल रहे।

# मणिपाल स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मणिपाल सीडलिंग प्ले स्कूल व मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल, भरेचनगर (सांडी) में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्ग प्ले से यूकेजी के छात्र-छात्राए सांता क्लोज और परी के आकर्षक वेशभूषा में शामिल रहे। वहीं, बच्चों ने शांता क्लोज व परी के ड्रेस में रोड शो भरेचनगर में किया। जो आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान राहगीरों ने रोड शो की सराहना कर अपने अपने मोबाइल में बच्चों के साथ सेल्फी फोटो ली। मौके पर विद्यालय निदेशक गया प्रसाद राय ने कहा कि मेरी क्रिसमस का संदेश ईसा मसीह के जन्म के अवसर पर खुशी और आशीर्वाद व्यक्त करने का प्रतीक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## मनिका विधायक ने किया कैफे का उद्घाटन



**मनिका/लातेहार (आजाद सिपाही)।** विधायक रामचंद्र सिंह ने बुधवार को मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर एवं डिग्री कॉलेज में पलाश दीदी कैफे का फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कॉलेज में कैफे के खुलने से यहां के शिक्षकों एवं कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कम दर पर नाश्ता और खाना की उत्तम व्यवस्था मिलेगी। कहा कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में संबंधित कार्यों के लिए आने वाले लोग और यहां पर रहने वाले अधिकारी-कर्मियों को अब नाश्ता और खाना के लिए इधर-उधर जाना नहीं पड़ेगा। कहा कि हमारे क्षेत्र से धीरे-धीरे मड़वा की फसल विलुप्ति की कगार पर थी, लेकिन पलाश दीदी कैफे के माध्यम से यहां के लोगों को मड़वा की रोटी, लड्डू आदि पौष्टिक आहार दिया जाएगा। वहीं, बीडीओ संदीप कुमार ने कहा कि लातेहार जिले में एक मात्र यह डिग्री कॉलेज है, जहां छात्र-छात्राओं को खाने-पीने की काफी असुविधा हो रही थी। जब लातेहार डीसी भी निरीक्षण के दौरान यहां पहुंचे थे, तो उन्होंने बच्चों के खाने-पीने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। इस मौके पर सीओ अमन कुमार, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भारती, यूथ कांग्रेस जिला महासचिव मिथिलेश पासवान, बृंदबिहारी प्रसाद यादव, समाजसेवी अख्तर अंसारी और मनोज यादव आदि मौजूद थे।

## रॉक क्लाइंबिंग ट्रेनर रविंद्र हलदर की हार्ट अटैक से मौत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल से चार दिवसीय रॉक क्लाइंबिंग प्रशिक्षण के लिए पहुंचे रतन कांटों हलदर के पुत्र सह रॉक क्लाइम्बिंग ट्रेनर रविंद्र नाथ हलदर (73) की हृदय गति रुकने से बुधवार को मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता मौके पर पहुंच गये और शव का पंचनामा करने के बाद उसे अपने कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। बतातें चलें कि आयुध कारखाने, पर्वतारोही और ट्रैकर्स राइफल कारखाना इशापुर की ओर से भंडरा पहाड़ में चार दिवसीय रॉक क्लाइंबिंग के लिए प्रशिक्षण किया जाना था। इसके पहले दिन ही पहाड़ में चक्कर खाकर गिरने के बाद ट्रेनर रवींद्र नाथ हलदर की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। इसके बाद बंगाल से प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंचे डिफेंस के अधिकारियों ने रविंद्र नाथ हलदर को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंचे आयुद्ध कारखाने, पर्वतारोही और ट्रेकर्स राइफल कारखाना, ईशापुर के अधिकारियों ने इसकी सूचना भंडरा थाना पुलिस को दी। इधर, भंडरा थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता जांच में जुट गए है।

## धान अधिप्राप्ति का गोदाम भरा, लौट रहे किसान



**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सहकारिता भवन स्थित गोदाम को धान अधिप्राप्ति केंद्र बनाया गया है। झारखण्ड सरकार कृषि एवं गन्ना विकास विभाग के निर्देशानुसार सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति की जा रही है। बुधवार तक 1017 क्विंटल धान की खरीददारी सरकार की ओर सी की गयी है प्रखंड क्षेत्र के 400 से अधिक किसान धान विक्री के लिए पंजीकृत कर धान बिक्री कर चुके हैं। गोदाम भरने से धान की खरीदारी दो दिन से बंद है। धान की उठाव होने से किसान को लाभ मिलता और किसानों को धान बिक्री के लिये परेशानी नही होती। वहीं, प्रधारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी लैम्प्स में निर्धारित क्षमता अनुसार धन का क्रय हो चुका है. जिस कारण सभी लैम्प्स गोदाम में धान भरा हुआ है। किसानों से अपील की गयी कि धान विक्रय के लिये किसान परेशान ना हों। धान उठाव के बाद पुनः पंजीकृत सभी किसानों से धान की खरीदारी की जायेगी। साथ ही संबंधित मुखियाओं ने कहा कि बीडीओ संग्राम मुर्मू से बात कर गोदाम की व्यवस्था करायी जायेगी। ताकि किसानों को धान विक्रय के लिए परेशान ना होना पड़े।

## प्रखंड स्तरीय केसीसी ऋण जागरूकता शिविर

**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में बीडीओ की अध्यक्षता में बुधवार को प्रखंड स्तरीय केसीसी ऋण जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें बीडीओ संग्राम मुर्मू, जिला सहायक कृषि पदाधिकारी मंगल नाथ साहू, प्रभारी प्रखंड कृषी पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, एटीएम सुमन कुमार एवं बिनक कर्मी मौजूद थे। शिविर में जिला सहायक कृषि पदाधिकारी मंगल नाथ साहू ने बताया कि शिविर का उद्देश्य किसानों खेती के लिये समय पर केसीसी ऋण उपलब्ध करना है। वहीं, जनसेवक एवं कृषि मित्रों से कहा गया कि जो किसान केसीसी ऋण ले रहे हैं उन सभी किसानों को आलू, सरसों, गेंहू और चना रवि फसल की बीमा कराने के लिये प्रेरित करें। जो पूर्व में केसीसी ऋण लिये थे और उनका लोन माफ हुआ है वैसे 430 किसानों की सूची प्रखंड कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है। वे कार्यालय से संपर्क कर ई-केवाईसी पूर्ण कर पुनः केसीसी का लाभ ले सकते हैं। आगामी 7 और 17 जनवरी को केसीसी के लिये प्रखंड परिसर में शिविर आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर बैंक प्रतिनिधि बैंक ऑफ इंडिया बुटी से कमलेश कुमार यादव, सेन्हा से संतोष कुज़ूर, सीठीयो से संदीप कुमार, प्रखंड प्रभारी कृषि पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, एटीएम सुमन कुमार, कृषक मित्र प्रकाश महतो और संगीता कुमारी आदि उपस्थित थे।**

## मां जीरा देवी इंटर कॉलेज मनिका में छात्रों का विदाई समारोह



**मनिका (आजाद सिपाही)। मां जीरा देवी इंटर कॉलेज मनिका में वार्षिक उत्सव सह बारहवी के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यापार से पहले व्यवहार और शिक्षा से पहले संस्कार जीवन का श्रेष्ट मंत्र है। छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम एवम शिक्षकों का सम्मान मंजिल पाने का, सफल होने का एकमात्र साधन है। इससे पूर्व डायरेक्टर बिनोद कुमार ने अपने माता पिता का चरण धोकर उनका आशीर्वाद लिया। झारखंड के परंपरा के अनुसार ढ़ोल नागाड़ो और नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। छात्रों द्वारा रंगारंग एवं आकर्षक प्रस्तुति पेश किया गया। इस अवसर पर दशरथ साहू, रणधीर कुमार, चंद्रदेव उराव, अर्चना कुमारी, सूरजदीप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या मे छात्र अभिभावक उपस्थित थे।**

### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में डीसी ने दिया निर्देश

# महिलाओं का प्रसव हर हाल में संस्थागत हो : डॉ ताराचंद

**कहा- गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत हो एएनसी**

आजाद सिपाही संवाददाता



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी डॉ ताराचंद।

**लोहरदगा।** डीसी डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इस दौरान डीसी ने निर्देश दिया कि जिले में शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव हर हाल में हो। यदि कोई महिला जिले के बाहर अन्यत्र प्रसव कराती है तो इसकी भी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए इसका रिकार्ड संधारित की जाए। कहा कि घर में प्रसव किसी भी हाल में ना हो। डीसी ने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों एवं समाज के अन्य सक्रिय लोगों से समन्वय स्थापित करते हुए महिलाओं का सत प्रतिशत एएनसी हो यह सुनिश्चित करें। एक भी महिला इससे अछूत न रहे। टीकाकरण की समीक्षा के दौरान डीसी ने कहा कि बच्चों को निर्धारित समय में ही टीकाकरण हो यह सुनिश्चित हो। साथ ही टीकाकरण के लिए समय-समय पर नियमित अंतराल पर शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जाए। कुपोषण उपचार केंद्र की समीक्षा के दौरान कहा कि मरीजों को चिन्हित कर समय पर केंद्र तक लाएं। यहां इनके खान-पान, साफ-सफाई एवं अन्य सुविधाओं की नियमित निगरानी होनी चाहिए। उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सकों को निर्देश दिया कि वह स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं एवं अन्य लाभों से मरीजों के साथ ही अन्य लोगों को भी अवगत कराए। डीसी ने कहा कि एमओआईसी स्वास्थ्य केंद्र में आए मरीजों को जरूरत के अनुरूप उन्हें एडमिट होने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने एएनसी के तहत चिन्हित एनेमिक महिलाओं की विशेष निगरानी का निर्देश दिया है। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में टीबी, कुष्ठ रोग, मलेरिया जैसी अन्य विषयों पर चर्चा कर विशेष निर्देश दिया। इस मौके पर सिविल सर्जन राजू कच्छप, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मी मौजूद थे।

## पेसा कानून को सरकार की मंजूरी, ऐतिहासिक और दूरगामी परिणाम वाला फैसला: धीरज प्रसाद साहू



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने झारखंड सरकार की ओर से पेसा कानून की नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी दिए जाने पर सरकार को बधाई दी है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक और दूरगामी परिणाम वाला फैसला बताते हुए कहा कि यह कदम जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने, ग्राम सभाओं को मजबूत करने और उन्हें भूमि एवं प्राकृतिक संसाधनों पर स्वशासन का अधिकार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से आदिवासी क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी और विकास की प्रक्रिया में ग्राम सभा की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित होगी। कहा कि झारखंड सरकार का यह निर्णय न सिर्फ राज्य, बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल बनेगा। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार और राज्य में भाजपा नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रभु यीशु के जन्म से ठीक 24 घंटे पहले राज्य सरकार ने यह ऐतिहासिक निर्णय लेकर आदिवासी समाज को सम्मान देने का काम किया है। कहा कि पेसा केवल एक कानून नहीं, बल्कि यह धरती की वंदना, जल की वंदना और मातृ शक्ति की वंदना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1996 में पेसा कानून बनने के बावजूद वर्षों तक इसे जानबूझकर लागू नहीं किया गया। झारखंड भाजपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री पर सवाल उठाते हुए कहा कि सत्ता में रहते हुए भी आदिवासी अधिकारों की अनदेखी की गई। कहा कि रघुवर दास की पांच साल की सरकार में भी आदिवासी अस्तित्व पर लगातार हमला हुआ। लेकिन जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में सरकार बनी, तो एक साल के भीतर पेसा कानून की नियमावली को मंजूरी देकर ऐतिहासिक कार्य किया गया। उन्होंने इसे आदिवासी स्वाभिमान और अधिकारों की जीत बताते हुए कहा कि यह फैसला आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### राजकीय माध्यमिक उत्क्रमित विद्यालय दामोदर में अभिभावक-शिक्षक की बैठक

# अभिभावक-शिक्षक के प्रयास से छात्र-छात्राओं और विद्यालय का विकास संभव: रामा रविदास



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** कामता पंचायत के राजकीय माध्यमिक उत्क्रमित विद्यालय दामोदर में बुधवार को अभिभावक-शिक्षक की बैठक हुई। जिसमें अपर समाहर्ता रामा रविदास बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता रामा रविदास, बीडीओ चंदन कुमार, सीओ सुमित कुमार झा, पंसस अयूब खान, शिक्षा विभाग के बीआरपी प्रतीक कुमार सिन्हा, प्रधानाध्यापक चन्द्रमन राम और प्रबंधन समिति अध्यक्ष महरंग गंझु ने संयुक्त रूप से किया। संवाद के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को कक्षा में उनके बच्चे के शैक्षणिक के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान शिक्षक-अभिभावक संवाद में अभिभावकों ने बेबाकी से शैक्षणिक और समस्याओं पर अपनी बात रखी। कहा कि एनएच के किनारे स्कूल है। स्कूल और मैदान की बाउंड्री नहीं होने से बच्चों के साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। कई बार सड़क पर बच्चों के साथ दुर्घटना भी हो चुकी है। सड़क पर ब्रेकर नहीं रहने से बाइ-कार चालक काफी तेज गति से वाहन चलाते हैं। अगर बाउंड्री और सड़क पर ब्रेकर बन जाए तो बच्चे सुरक्षित रहेंगे। साथ ही कहा कि इस स्कूल को हाई स्कूल का दर्जा प्राप्त है, लेकिन हाई स्कूल स्तर का एक भी शिक्षक नहीं है। शिक्षकों की कमी के कारण बच्चे ठीक से पढ़ नहीं पा रहे हैं। अभिभावकों ने मैदान की बाउंड्री करानेस स्कूल के पास की एनएच पर ब्रेकर लगाने, शिक्षकों की कमी को दूर करने, शौचालय का निर्माण कराने, नया स्कूल भवन बनाने, हाई स्कूल स्तर की शिक्षक पदस्थापित कर शैक्षणिक व्यवस्था को और बेहतर करने संबंधी सुझाव दिए। इस पर अपर समाहर्ता रामा रविदास ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक गुणवत्ता और उपस्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से विशेष अभिभावक शिक्षक बैठक (पीटीएम) की शुरूआत की गई है। अभिभावक और शिक्षक के सामूहिक प्रयास से ही विद्यालय एवं यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का विकास हो सकता है। सरकार का प्रयास है कि स्कूल में शैक्षणिक व्यवस्था और ही बेहतर हो, बच्चे भी मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की समस्याओं-सुझाओं को डीसी के समक्ष रखूंगा। प्रयास करूंगा कि उसका समाधान हो। इस दौरान बीडीओ, सीओ, बीआरपी, पंसस और प्रधानाध्यापक चंद्रमन राम ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर प्रत्येक कक्षा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट और उनके अभिभावक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, शिक्षकों को भी सम्मानित की गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रमोद भगत, शिक्षक शील वंदना बारला, मंहगु उरांव, संजय उरांव, रंथु उरांव, आनंदी तिग्गा, अनीता कुमारी, चाजरेन, बिमला देवी, स्वेता कुमारी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष महरंग गंझु, उपाध्यक्ष रींकी देवी, सदस्य सोनी देवी, रेनू देवी, दिनेश उरांव, मिथुन उरांव, सोबीया देवी, गौरी देवी, अभिभावक महेश उरांव, रमेश कुमार भारती और सुनीता देवी आदि उपस्थित थे।

# आंजन धाम को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए 12 जनवरी को उमड़ेगा आस्था का सैलाब, तैयारियां शुरू

**रामरेखा धाम से नेतरहाट तक के पौराणिक स्थलों के विकास का संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** झारखंड की गौरवशाली सनातन संस्कृति और पौराणिक विरासतों को विश्व पटल पर स्थापित करने के उद्देश्य से आगामी 12 जनवरी 2026 को गुमला स्थित आंजन धाम में भव्य 'माँ आंजन महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर आयोजित होने वाले इस महोत्सव को लेकर आंजन धाम महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर तैयारियों की जानकारी साझा की। महोत्सव के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित दिवाकर पाठक ने कहा कि गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा जिले की धरा आदि काल से ही ऋषि-मुनियों और देवताओं की तपोभूमि रही है। जोर देकर कहा कि रामरेखा धाम से लेकर नेतरहाट तक का कण-कण भगवान श्री राम और महादेव की महिमा से मंडित है। यहां की असुर जाति, वनवासी और मूलवासियों की संस्कृति प्राचीन मान्यताओं का जीवंत प्रमाण है। इस मौके पर अभय महतो, दिवाकर पाठक, मनीष रजगड़िया, रामकुमार महतो, गोपाल साहू, उदय पंडित, मुकेश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, जगेश्वर साहू और लोकेश्वर साह आदि मौजूद थे।

### इन प्रमुख स्थलों पर टिकी हैं नजरें

समिति ने क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण पौराणिक स्थलों के विकास और प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया, जिनमें टांगीनाथ धामः भगवान परशुराम की अद्वितीय तपस्थली। रामरेखा धामः श्री राम के वनवास काल का पवित्र पड़ाव। आंजन धामः शक्ति के देवता पवनपुत्र हनुमान की जन्मस्थली। अन्य स्थलः पालकोट का पंपापुर, नवरत्नगढ़, हांपामुनि महामाया मंदिर, अखिलेश्वर धाम, कोराम्बे और बासुदेवकोणा जैसे दर्जनों स्थल जो इतिहास और रहस्य समेटे हुए हैं।

### मुख्य आकर्षण

विगत तीन वर्षों की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी है। महोत्सव में काशी के विद्वान आचार्यों द्वारा आंजन धाम का भव्य पूजन एवं अनुष्ठान किया जाएगा। लाखों श्रद्धालु एक साथ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर विश्व रिकॉर्ड की ओर कदम बढ़ाएंगे। संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें बिहार, ओडिशा और झारखंड के कोने-कोने से भक्त शामिल होंगे। समिति के पदाधिकारियों ने समस्त सनातन धर्मावलंबियों और स्थानीय जनता से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की है। कहा कि यह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि झारखंड की विलुप्त होती प्राचीन धरोहरों को पुनर्जीवित करने का एक महा-अभियान है।

## हसबुल ने 2974 वोट लाकर दर्ज की जीत, बने यूथ कांग्रेस के महासचिव



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** यूथ कांग्रेस के सांगठनिक चुनाव में भंडरा प्रखंड के बंडा ग्राम निवासी हसबुल खान ने लोहरदगा जिला यूथ महासचिव के पद पर 2974 वोट लाकर शानदार जीत दर्ज की है। इससे क्षेत्र एवं लोगों में काफी उत्साह है। पार्टी के प्रति इनकी लगन, मेहनत, निष्ठा एवं कार्य कुशलता से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। वहीं, जीतने पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, लोहरदगा विधायक डॉक्टर रामेश्वर उरांव, जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, शकील अहमद, नेसार अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशित जायसवाल, महिला जिला अध्यक्ष सीमा परवीन, विशाल डुंगडुंग, दानिश अली, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, सांसद प्रतिनिधि विजय चौहान, कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद, भंडरा प्रखंड झामुमो अध्यक्ष परवेज अंसारी, भंडरा प्रखंड अंजुमन सदर आफताब आलम, सेक्रेटरी रऊफ खान, अंजुमन सदर हैदर मिरदाहा, पूर्व उपमुखिया रंजन उरांव, मनावर खान और हाशिम मिरदाहा आदि ने बधाई दी है।

## हिमांशु गुप्ता बने झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव का परिणाम मंगलवार की शाम युवा कांग्रेस की आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया गया। जिसमें लातेहार जिले के छोटे से कस्बे बरवाडीह बाजार क्षेत्र निवासी हिमांशु गुप्ता उर्फ रिक्की ने जीत दर्ज की और उन्हें झारखण्ड युवा कांग्रेस का प्रदेश महासचिव चुना गया। हिमांशु को कुल 1379 मत मिले, जो लातेहार जिले में सबसे अधिक वोट रहा। बतातें चलें कि युवा कांग्रेस में संगठन का चुनाव हर तीन वर्ष में होता है। इससे पहले वर्ष 2021 में भी हिमांशु गुप्ता उर्फ रिक्की ने जिला अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा था। हालांकि तह महज कुछ मतों से पीछे रह गए थे और दूसरे स्थान पर रहते हुए जिला उपाध्यक्ष के रूप में संगठन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। हिमांशु गुप्ता ने अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरूआत कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआइ से की थी। इसके बाद उन्होंने युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआइ में विभिन्न पदों पर रहकर संगठन को मजबूत किया। उनकी जीत को युवा कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम माना जा रहा है। वहीं, इस संगठनात्मक चुनाव में धनबाद के कुमार गौरव को झारखण्ड युवा कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। उधर, हिमांशु की जीत पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं विजय बहादुर सहित वरिष्ठ नेताओं-कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी है। साथ ही उम्मीद जताई कि वे संगठन को नई मजबूती प्रदान करेंगे और युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाएंगे।

## पूर्व मुखिया इंद्रदेव बड़ाइक का 93 की उम्र में निधन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड के जिमा पंचायत के 35 साल तक मुखिया रहे वयोवृद्ध कांग्रेस नेता इंद्रदेव बड़ाइक का बुधवार को 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह क्षेत्र में सामाजिक और सामुदायिक कार्यों की वजह से बेहद लोकप्रिय थे। वह रांची जिला कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य भी थे। उन्हें दो बार जिला स्तरीय उत्कृष्ट मुखिया सम्मान से सम्मानित किया गया था। इंद्रदेव बड़ाईक हिंदी और उर्दू भाषा के अच्छे ज्ञाता थे। बुधवार को जिमा मुक्तिधाम में इनका अंतिम संस्कार किया गया।

# बच्चों में संस्कार विकसित करने के लिए आस्था जरूरी: डॉ पवन कुमार

**शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में क्रिसमस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरवाडीह।** शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में क्रिसमस के अवसर पर बच्चों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कई विद्यार्थियों ने सांता क्लॉज की वेशभूषा धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हुआ। वहीं, नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रभु यीशु मसीह के प्रेम, शांति और मानवता के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक डॉ पवन कुमार ने कहा कि बच्चों में संस्कारों की भावना विकसित करने के लिए आस्था का होना आवश्यक है। कहा कि सभी धर्म मानवता, प्रेम और परोपकार का संदेश देते हैं, इसलिए हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल प्रबंधन का निरंतर प्रयास रहता है कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही अनुशासन और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी विद्यालय अग्रणी है। वहीं, प्राचार्य शांतनु डे ने कहा कि बच्चों के छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से क्रिसमस पर्व पर समाज में खुशियां बांटने का यह एक सार्थक प्रयास है। इस तरह के आयोजनों से प्रभु यीशु मसीह के संदेश बच्चों तक पहुंचते हैं और उनमें भाईचारे की भावना विकसित होती है। इस दौरान एलकेजी के शानवी और सत्यम, यूकेजी के जानवी कुमारी एवं तनिष्क सिंह, कक्षा एक की शिवांगी कुमारी, कक्षा दो की दिव्यांशी, आराध्या एवं अभिनंदन कुमार, कक्षा तीन के पुरुषोत्तम प्रेम और कक्षा आठ के नीरज कुमार ने सांता क्लॉज की वेशभूषा में प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर उप-प्राचार्य प्रिया डे, शिक्षक उमाशंकर उपाध्याय, राहुल सरकार, शंकर कुमार, रूपा देवी, रेखा देवी, सोनी देवी, रानी कुमारी, नेहा प्रवीण, फात्मा प्रवीण, शिवांगी कुमारी, कृतिका कुमारी और बिट्टू कुमार आदि उपस्थित थे।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती की पूर्व संध्या पर दीप प्रज्वलित कार्यक्रम आयोजित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मझीआंव मोड़ स्थित अटल चौक पर दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों पर माल्यार्पण कर नमन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को लेकर शताब्दी वर्ष चल रहा है। इस दौरान 24 से लेकर 31 दिसंबर तक कई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गुरुवार को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कार्यालय एवं मझीआंव मोड़ अटल चौक पर कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि 25 सिं 31 दिसंबर तक अटल स्मृति सम्मेलन का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी नेता ने देश के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर जन भावनाओं को लेकर काम किया। उनके लंबे संघर्ष के कारण भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी को बट वृक्ष बनाया। वह एक ऐसे सर्वमान्य नेता थे जिनका विपक्ष भी सम्मान करता था। इस मौके भाजपा नेता मुरली श्याम सोनी, विधायक कैलाश कश्यप, प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, राजीव रंजन, रविंद्र पासवान, नगर मंडल अध्यक्ष धनंजय गोंड, डॉ पतंजलि केशरी, मीडिया प्रभारी रितेश चौबे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी, मीना गुप्ता, शुभम गुप्ता, जयंत पाण्डेय, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, अशोक केशरी, कंचन पाण्डेय, पियूष चौबे एवं खुर्शीद आलम आदि मौजूद थे।

## कंपकंपाती ठंड से राहत के लिए मारुति नंदन सोनी ने डीसी को आवेदन सौंपा




मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)। ठंड के बढ़ते प्रकोप एवं शीतलहरी को देखते हुए मझिआंव नगर पंचायत के युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने आमजन को ठंड से निजात दिलाने की दिशा में पहल की है। उन्होंने गढ़वा डीसी दिनेश कुमार यादव को एक लिखित आवेदन सौंपा है। जिसके माध्यम से समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने डीसी को अवगत कराया कि नगर पंचायत सहित पूरे गढ़वा जिले में इन दिनों ठंड का प्रभाव काफी अधिक हो गया है। दिसंबर महीना लगभग बीत चुका है, लेकिन ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। सुबह-शाम शीतलहरी चलने से गरीब, असहाय, बुजुर्ग, महिलाएं एवं छोटे बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में ठंड से बचाव के लिए प्रशासनिक स्तर पर त्वरित राहत कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने आवेदन में मांग की कि नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों, बस स्टैंड, बाजार एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने के लिए सुखी लकड़ियों की समुचित व्यवस्था कराई जाए। साथ ही जरूरतमंद एवं गरीब लोगों के बीच कंबल वितरण का कार्य भी शीघ्र शुरू किया जाए, ताकि कंपकंपाती ठंड से लोगों को राहत मिल सके।

## भानु प्रताप शाही ने की भाजपा के दिवंगत कार्यकर्ताओं के परिजनों से मुलाकात



सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने सगमा प्रखंड के दिवंगत पुराने कार्यकर्ता सैलु जयसवाल सहित तीन शोकाकुल परिवारों के घर पहुंचकर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। इस क्रम में वे सबसे पहले नौजवान संघर्ष मोर्चा के संस्थापक सदस्य रहे शैलेंद्र कुमार उर्फ सैलू जयसवाल के आवास पहुंचे। उन्होंने कहा कि नौजवान संघर्ष मोर्चा के गठन के समय सैलू जयसवाल ने संस्थापक सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी असामयिक मृत्यु से वे व्यक्तिगत रूप से मर्माहत हैं। सैलू जयसवाल पार्टी की रीढ़ की तरह कार्य करते थे और उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इसके बाद भानु प्रताप शाही मकरी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने अनुसूचित मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष निर्जय कुमार बैठा के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया। वहीं शोनदिहा गांव निवासी भाजपा प्रखंड महामंत्री राजू गुप्ता की माता के निधन पर भी उन्होंने संवेदना प्रकट की। इस दौरान उनके साथ अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, सगमा मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, पूर्व जिला मंत्री राजेश जयसवाल, वरिष्ठ नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव, धर्मजीत यादव, रविरंजन यादव, बुधन साह, गुलाब पासवान, अश्वनी मिश्रा, अशोक कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाल काटने की दुकानें, सामाजिक संपर्क और संवाद का केंद्र: एसडीएम

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर एसडीएम संजय कुमार की ओर से चलाए जा रहे साप्ताहिक 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम के तहत बुधवार को गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के सैलून संचालकों एवं हेयर ड्रेसरों के साथ संवाद आयोजित हुआ। इसमें गढ़वा क्षेत्र के सैलून संचालकों एवं हेयर ड्रेसरों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश सदस्य नाई समुदाय से थे। इस दौरान एसडीएम ने सभी सैलून संचालकों का स्वागत करते हुए कहा कि नाई समुदाय सदियों से सामाजिक क्रियाकलापों का अभिन्न हिस्सा रहा है। उनका कार्य बाल कटाने तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक संवाद, जनभावनाओं और स्थानीय गतिविधियों से सीधे जुड़ा रहता है। एसडीएम ने कहा कि हेयर सैलून ऐसे स्थान होते हैं, जहां समाज के हर वर्ग के लोग रोजाना आते-जाते हैं। ऐसे में सैलून संचालक समाज की नब्ज को समझते हैं और कई बार अनजाने में सामाजिक काउंसलर की भूमिका भी निभाते हैं। उन्होंने सैलून संचालकों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यस्थल को स्वच्छ, सुरक्षित और सकारात्मक सोच का केंद्र बनाएं। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने एसडीएम के समक्ष कई समस्याएं और सुझाव भी रखे। मांग की कि कौशल उन्नयन योजना के तहत नाइयों और हेयर ड्रेसर ट्रेड से जुड़े युवाओं को भी कौशल प्रशिक्षण दिया जाए। ई-श्रम कार्ड मुहैया कराने का भी अनुरोध किया गया। वहीं, शिकायत के तौर पर ज्यादातर सदस्यों ने बताया कि नगर परिषद कि दुकान आवंटन प्रक्रिया में धांधली हुई है। इसलिए उन्हें दुकान नहीं मिल पाई। कुछ सदस्यों ने रंका मोड़ पर ठेले वालों द्वारा गंदगी फैलाने की शिकायत की। एसडीएम ने सभी की शिकायतों को सुनकर आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों और सुझावों पर यथा संभव पहल की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि सैलून संचालक प्रतिदिन बड़ी संख्या में हर प्रकार के लोगों के संपर्क में रहते हैं। यदि उन्हें कहीं भी किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों की जानकारी मिलती है, तो वे निडर होकर प्रशासन को सूचित करें।

### लगातार मिल रही शिकायतों पर एसडीएम ने मारा कांडी में औचक छापा

# 2300 ट्रैक्टर अवैध बालू जब्त रद्द होगी स्टॉकयार्ड की अनुज्ञप्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी/गढ़वा। जिले के कांडी क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन की लगातार मिल रही शिकायतों पर बुधवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दिन सदर एसडीएम संजय कुमार ने क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील इलाकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राणाडीह और मोखापी में भारी मात्रा में अवैध बालू का भंडार पाया गया, जिसे तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया गया है।

### रातों-रात कोयल नदी से निकाला गया बालू

सबसे पहले एसडीएम राणाडीह स्थित एक निजी स्टॉकयार्ड पहुंचे। यहां लगभग 300 ट्रैक्टर-ट्रॉली बालू अवैध रूप से डंप पाया गया। मुखिया ललित बैठा और ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि इस बालू को हाल ही में कोयल नदी से रातों-रात अवैध तरीके से निकाला गया है। एसडीएम ने इस भंडार को जब्त कर अंचल अधिकारी राकेश सहाय को सौंप दिया और थाना प्रभारी को कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। साथ ही, उक्त स्टॉकयार्ड की अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



### मोखापी: 2000 ट्रैक्टर बालू का संदिग्ध भंडार

इसके बाद एसडीएम ने मोखापी बालू घाट का रुख किया। यहां स्टॉकयार्ड में 2000 ट्रैक्टर से अधिक बालू का विशाल भंडार देख अधिकारी भी हैरान रह गए। स्थानीय फीडबैक के आधार पर इस स्टॉक को संदिग्ध माना गया है। एसडीएम ने जिला खनन पदाधिकारी से इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट आने तक अंचल अधिकारी और पुलिस को स्टॉक की सुरक्षा और निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है।

### अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस

सदर एसडीएम ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना रहा है। उन्होंने कहा, ₹अवैध बालू भंडारण के खिलाफ खनन विभाग को विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी संपदा की चोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र के बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। निरीक्षण के दौरान सीओ राकेश सहाय, कांडी थाना प्रभारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था।

## गढ़वा पंसस चुनाव के लिए अधिसूचना जारी, 8 जनवरी को होगा अप्रत्यक्ष चुनाव

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पंसस के प्रमुख पद पर चुनाव को लेकर बुधवार को विधिवत सूचना जारी कर दी गई। प्रमुख पद की रिक्ति के विरुद्ध अप्रत्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत यह सूचना निर्गत की गई है। उक्त चुनाव के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार को अध्यक्ष सह निवार्ची पदाधिकारी नामित किया गया है, जबकि गढ़वा सीओ मोहम्मद सफी आलम को सहायक निवार्ची पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस मौके पर एसडीएम ने बताया कि गढ़वा पंचायत समिति के प्रमुख पद के निर्वाचन को लेकर 8 जनवरी 2026 को प्रखंड कार्यालय में बैठक होगी। इस दौरान नाम निर्देशन, मतदान, मतगणना एवं निर्वाचन की घोषणा से संबंधित सभी प्रक्रियाएं संपन्न कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि विस्तृत सूचना एवं कार्यक्रम की जानकारी गढ़वा अनुमंडल एवं प्रखंड कार्यालय में भी उपलब्ध है उन्होंने बताया कि उक्त निर्वाचन की समस्त कार्यवाही राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशो के अनुरूप पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएगी।

## इलाज के दौरान गढ़वा सदर अस्पताल में युवक की मौत



रंका (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सोनदाग पंचायत के भलुआनी ग्राम के गोता टोला निवासी कमेश भुइयां की गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बुधवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। युवक की मौत की खबर सुनते ही सोनदाग पंचायत के मुखिया रिमा देवी मृतक के घर पहुंची और दाह संस्कार करने के लिए परिजनों को सहयोग राशि दी। बताते चलें कि उक्त युवक पूर्व से ही लंबी बीमारी से पीड़ित था। परिजन इलाज के लिए लाखों रुपए कर्ज भी ले चुके हैं। इसके बावजूद जान नहीं बचा सके।

## जीएन कान्वेंट स्कूल में नन्हे वैज्ञानिकों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखायी प्रतिभा कौशल



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जीएन कान्वेंट स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित हुई। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन कर एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किया। इसका उद्घाटन निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने किया। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि विज्ञान ही जीवन का आधार है। आज का युग विज्ञान का युग है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में छिपी प्रतिभा और उनकी जिज्ञासा को एक सही मंच मिलता है। उनमें नवाचार का प्रयोग की कौशलता आती है। विज्ञान प्रदर्शनी की उपयोगिता पर बल देते हुए निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि यह विद्यार्थियों में अनुसंधान और अन्वेषण की भावना को बढ़ावा देती है। इसके माध्यम से वह अपनी समस्याओं का समाधान खोजने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उपयोग करना सीखते हैं। वहीं, प्रदर्शनी शुरू होते ही विभिन्न विद्यार्थियों ने अपनी परियोजनाएं प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने सौर ऊर्जा, अंतरिक्ष उपग्रह, जल विद्युत, जनरेटर, स्वचालित ट्रांसफार्मर, रिमोट मॉडल, स्मार्ट सिटी, फायर स्टेशन, सिक्योरिटी हाउस आदि का बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं विज्ञान शिक्षकों में वीरेंद्र शाह, मुकेश भारती, शालिनी कुमारी आदि ने विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों द्वारा दिए गए विवरणों का मूल्यांकन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को निदेशक ने प्रशस्ति पत्र एवं मेंडल देकर सम्मानित किया।

### डंडई के नौडीहा मध्य विद्यालय पहुंचे एसडीएम

# शिक्षक और अभिभावक को एक-दूसरे की भूमिका निभानी होगी: एसडीएम

-पीटीएम में लिया भाग, अभिभावक-शिक्षक समन्वय पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

डंडई। सदर एसडीएम संजय कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के पचोर पंचायत के नौडीहा मध्य विद्यालय में आयोजित पेरेंट्स-टीचर मीटिंग (पीटीएम) में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से संवाद करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के अंत में उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय प्रबंधन में महती भूमिका निभाने वाले अभिभावकों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि किसी भी छात्र के सर्वांगीण विकास में शिक्षक और माता-पिता की समान भागीदारी आवश्यक है। कहा कि माता-पिता बच्चों के पहले शिक्षक होते हैं, जबकि विद्यालय के शिक्षक उनके दूसरे अभिभावक की भूमिका निभाते हैं। ऐसे में घर और विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय बच्चों के शैक्षणिक एवं नैतिक विकास को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, अनुशासन, मोबाइल फोन के सीमित उपयोग और अच्छे संस्कार अपनाने की सलाह दी। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई के साथ ही उनके व्यवहार, दिनचर्या और रुचियों पर भी निरंतर ध्यान दें। उन्होंने शिक्षकों से अपेक्षा जताई कि वे बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें उचित मार्गदर्शन दें और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराएं। इस दौरान एसडीएम ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कहा कि प्रशासन शिक्षा से जुड़े विषयों पर संवेदनशील है। बच्चों के हित में हरसंभव सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा।



### बच्चों में अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का भाव विकसित करें

एसडीएम ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में अनुशासन, नैतिक मूल्य और जिम्मेदारी का भाव विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। इसके लिए माता-पिता और शिक्षकों के बीच निरंतर संवाद और समन्वय जरूरी है। जब घर और विद्यालय एक ही दिशा में प्रयास करते हैं, तभी बच्चों का सही मायनों में सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है। इस मौके पर मुखिया सरिता सिंह, प्रधानाध्यापक संजय सिंह, वार्ड पार्षद, सीआरपी, शिक्षकगण, अभिभावकगण आदि उपस्थित रहे।

## कैलान गांव में जंगल पर अतिक्रमण, वन विभाग मौन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कैलान गांव में इन दिनों जंगल पर अतिक्रमण का मामला तेजी से बढ़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की मिलीभगत से बाहरी लोग जंगल को काटकर घर बना रहे और प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार कैलान गांव के चमैनी दाई पहाड़ के दक्षिण दिशा में बेटी बांध और मालगेड़ा स्थित जंगल में दूर-दराज से लोग आकर पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। जंगल की जमीन पर कब्जा कर घर और झोपड़ियां बनाई जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह गतिविधि लंबे समय से चल रही है, लेकिन रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी और वनरक्षक रोजाना जंगल में आते-जाते हैं। इसके बावजूद वे जंगल की कटाई और अवैध निर्माण को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की चुप्पी से अतिक्रमणकारियों का हौसला और बढ़ गया है। गांव के लोगों का कहना है कि उनकी संख्या कम है, इसलिए वे बाहरी लोगों का मुकाबला नहीं कर पा रहे। बाहरी लोग संगठित होकर जंगल काट रहे हैं और गांव के संसाधनों पर कब्जा कर रहे हैं। ग्रामीणों को डर है कि अगर यह सिलसिला जारी रहा तो आने वाले समय में गांव का पूरा जंगल खत्म हो जाएगा। जंगल की कटाई से पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है। वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहा है। भूजल स्तर और जलवायु पर भी इसका गंभीर असर पड़ सकता है। वे चाहते हैं कि अतिक्रमणकारियों को रोका जाए और जंगल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही, गांव के लोगों को जंगल बचाने के लिए सहयोग और सुरक्षा दी जाए। इस संबंध में पूछे जाने पर रेंजर प्रमोद कुमार ने बताया कि अगर वन भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध तरीके से घर बनाया जा रहा है, तो मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## बीडीओ ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के अरसली उत्तरी पंचायत अंतर्गत लहराहा टोला में बुधवार को बीडीओ नंदजी राम ने आदिम जनजाति समुदाय के लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान कुल 32 आदिम जनजाति परिवारों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल प्रदान किए गए। बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराए गए कंबलों का वितरण किया गया है। कहा कि ठंड के मौसम में विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों का ध्यान रखना जरूरी है। गर्म कपड़ों का उपयोग करें और आवश्यकता पड़ने पर अलाव की व्यवस्था करें, ताकि ठंड से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। इसके बाद बीडीओ नंद जी राम ने लहराहा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की व्यवस्था, पठन-पाठन और बच्चों की उपस्थिति की जानकारी ली।

## बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सक और जनप्रतिनिधि को किया गया सम्मानित



मेराल (आजाद सिपाही)। सीएचसी सभागार में बुधवार को गढ़वा सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनेडी ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक की। जिसका शुभारंभ सीएस, उपाधीक्षक डॉ माहेरू यामनी, बीडीओ यशवंत नायक, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, चिकित्सा प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार, थाना प्रभारी विष्णु कांत, रंका सीएचसी प्रभारी डॉ असजद, मुखिया रामसागर महतो आदि ने संयुक्त रूप से किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर चर्चा करना था। सीएस ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र से लेकर उपकेंद्र तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि लोगों की सेवा करना हम सभी का धर्म है। उन्होंने कहा कि मेराल में जो लोग स्वस्थ सुविधा लेने आते हैं उन्हें बेहतर सुविधा प्रदान किया जा सके, ताकि वे लोगों को गढ़वा न जाना पड़े। इस दौरान डॉ दीपक कुमार सिन्हा, अनिल साह, डंडई मुखिया पति महेश्वर राम आदि ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति अपना-अपना विचार व्यक्त करते हुए सुझाव दिए। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ अनिल साह, डॉ कुमार शशांक, एएनएम रीना बाखला, मुखिया राम प्रताप साव, वीरेंद्र नाथ तिवारी सहित कई लोगों को पुरस्कृत किया गया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी) दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची, पिन कोड-834003 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-25-26-11; कार्य का नाम:** 2 वर्षों की अवधि के लिए रांची मंडल पर टावर वैगनों के कमिंस मेक इंजनों का वार्षिक रखरखाव अनुबंध ('बी', 'सी' और 'डी' चेक); **निविदा मूल्य:** ₹ 1,47,59,274.31; **बयाना राशि मूल्य:** ₹ 2,23,800.00; **निविदा समाप्ति तिथि और समय:** 13.01.2026 को 15.00 बजे; निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-992)

**शपथ पत्र**

मैं जितेन्द्र यादव, पिता रामप्रीत यादव, निवासी ग्राम- टरिया, पोस्ट एवं थाना - तरहसी, जिला- पलामू, राज्य - झारखण्ड का स्थायी मूल निवासी हूँ, शपथ पूर्वक इकरार करता हूँ, कि :-
1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का स्थायी मूल निवासी हूँ।
2. यह कि मैं अनन्या कुमारी का पिता हूँ।
3. यह कि मेरी पुत्री का नाम अनन्या कुमारी एवं अंजना कुमारी है, जो कि ये मेरी पुत्री उपरोक्त दोनों ही नामों से जानी जाती है, एवं गांव-घर में भी प्रसिद्ध है। इस तरह उपरोक्त दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति का है, जो कि मेरी ही पुत्री का नाम है।
4. यह कि मेरी उपरोक्त पुत्री के नाम से एक जन्मतिथि प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया है, एवं विद्यालय द्वारा एक परिचय-पत्र निर्गत किया है, जिसमें इन दोनों प्रमाण-पत्रों में मेरी पुत्री का नाम अनन्या कुमारी दर्ज/अंकित है, जो कि बिल्कुल सही एवं सत्य है।
5. यह कि मेरी उपरोक्त पुत्री के नाम से एक आधार कार्ड संख्या- 9559 8209 5010 निर्गत किया गया है, जिसमें मेरी पुत्री का नाम अंजना कुमारी दर्ज/अंकित है। जो बिल्कुल ही गलत है। जबकि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम अनन्या कुमारी है, और यही नाम मेरी उक्त पुत्री के आधार कार्ड में दर्ज/अंकित होना चाहिए था।
6. यह कि यह शपथ-पत्र मैं अपनी उपरोक्त पुत्री के निर्गत आधार कार्ड में दर्ज नाम- अंजना कुमारी के जगह/स्थान पर सुधार कर अनन्या कुमारी दर्ज/अंकित करवाने तथा आधार कार्ड की द्वितीय प्रति निर्गत करवाने हेतु संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से कर रहा हूँ।
7. यह कि इस शपथ-पत्र में लिखी गई उपरोक्त सभी बातें मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार बिल्कुल सही एवं सत्य हैं।

शपथ पत्र सं. 5092, दिनांक- 18.12.2025

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची।**
कमरा नं० 302, तृतीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची– 834001
ई-मेल – eemidran-cemr-jhr@nic.in, midranchi2018@gmail.com फोन नं० – 0651–3512781

पत्रांक................../ राँची, दिनांक ......../......../2025

**शुद्धि–पत्र**

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची का पत्रांक–910 दिनांक–16.12.2025 द्वारा e-Tender Reference No. WRD/MID/03/BD/(SLI) 2025-26, PR 368840 Minor Irrigation (25-26)#D दिनांक 18.12.2025 को प्रकाशित निविदा में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है:–

| क्रमांक | विवरण | पूर्व में अंकित निविदा का तिथि एवं समय | संशोधित निविदा का तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of Tender on website | Date: 24.12.2025 up to 2.00 pm | 30.12.2025 up to 2.00 pm |
| 2 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date: 30.12.2025 up to 2:00 pm | 05.01.2026 up to 2:00 pm |
| 3 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 24.12.2025 up to 2:00 pm<br>Last Date:- 30.12.2025 Time:- 2:00 pm | Start Date:- 30.12.2025 up to 2:00 pm<br>Last Date:- 05.01.2026 Time:- 2:00 PM |
| 4 | Technical Bid Opening Date | Date: 31.12.2025 at 5:00 pm | 06.01.2026 at 5:00 pm |

निविदा की शेष सभी शर्तें पूर्वत: बनी रहेगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची।

PR.NO.369378 Minor Irrigation(25-26):D

# बांग्लादेश संकट पर चुप न बैठे भारत

बांग्लादेश से आ रही खबरें दिल दहला देने वाली हैं। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद सत्ता की बागडोर संभालने वाले मुहम्मद यूनुस बुरी तरह नाकाम हुए हैं। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। मंदिरों पर पथराव, घरों में आगजनी, महिलाओं पर अत्याचार - ये घटनाएं अब रोजमर्रा की हकीकत बन चुकी हैं। ऐसे में सवाल है कि भारत को क्या करना चाहिए।

**ऐतिहासिक जड़ें :** यह संकट नया नहीं है। 1947 के बंटवारे के समय बंगाल के पूर्वी हिस्से में हिंदू अल्पसंख्यक सुरक्षित थे, लेकिन पाकिस्तान बनने के बाद उत्पीड़न शुरू हो गया। 1971 के युद्ध में भारत ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को हराकर बांग्लादेश को आजादी दिलायी। इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता ने करोड़ों हिंदुओं को बचाया। लेकिन, आजादी के बाद की सरकारों ने हिंदुओं को अधिकारों से वंचित रखा। वक्फ कानून के तहत उनकी जमीनें हड़पी गयी।

**अल्पसंख्यकों का दर्द :** आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू आबादी कभी 22% थी, जो आज घटकर महज 8% रह गयी है। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद भी इस समुदाय पर अत्याचार जारी रहा। शेख हसीना ने कुछ सुरक्षा दी, लेकिन उनके खिलाफ भड़के आक्रोश ने अल्पसंख्यकों को और असुरक्षित कर दिया है। आज वहां कट्टरपंथी ताकतें हावी हैं। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एकता परिषद के अनुसार, अगस्त 2024 से नवंबर 2025 तक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,010 से अधिक घटनाएं दर्ज की गयी।

**1971 के युद्ध में भारत ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को हराकर बांग्लादेश को आजादी दिलायी। इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता ने करोड़ों हिंदुओं को बचाया। लेकिन, आजादी के बाद की सरकारों ने हिंदुओं को अधिकारों से वंचित रखा।**

**कट्टरता हावी :** आइएसआइएस से प्रेरित कट्टरपंथी समूह जैसे हिज्ब-उत-तहरीर और जमात-ए-इस्लामी खुले तौर पर सक्रिय हैं। यूनुस सरकार ने कुछ बयान जारी किए, लेकिन कार्रवाई नगण्य है। नोबेल विजेता यूनुस खुद विवादों में हैं। उनके ग्रामीण बैंक पर हिंदू संपत्ति हड़पने के आरोप लगे हैं। ऐसे में हिंदू समुदाय पलायन कर रहा है। पिछले हफ्ते हिंदू युवक दीपू चंद्रा दास की निर्मम हत्या बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंसा की भयावह तस्वीर पेश करती है।

**भारत की आवाज :** बांग्लादेश के हालात को लेकर पूरी दुनिया चिंता जता रही है। भारत में भी चिंताएं हैं और वजह वाजिब है। हमारी सीमाएं लगती हैं। उधर की अस्थिरता इधर असर डालती है। ढाका में जिस तरह से भारतीय उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए, भारत के खिलाफ जिस तरह की बयानबाजी की जा रही है - उससे जाहिर होता है कि बांग्लादेश में हालात हाथ से निकल चुके हैं। यूनुस सरकार का कट्टरपंथियों पर कोई नियंत्रण नहीं है।

**संयमित प्रतिक्रिया :** भारत ने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर गहरी चिंता जतायी है। विदेश मंत्रालय ने दीपू के हत्यारों को सजा दिलाने की मांग की है। वैसे कुल मिलाकर सरकार की प्रतिक्रिया बेहद संतुलित और संयमित है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**अटल जी की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन कू भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका रही इस दौरान में जेल भी गये। अटल जी कहते थे संघ मेरी आत्मा और जीवन प्राण है। वह 1939 में संघ से जुड़े थे 1951 में भारतीय जनसंख्या की स्थापना कल से ही संस्थापक सदस्य के रूप में उनकी राजनीतिक यात्रा शुरू हुई। 1957 में बलरामपुर से पहली बार लोकसभा चुनाव जीत कर सांसद बने थे।**

# यह परंपरा का प्रवाह है कभी न खंडित होगा, पुत्रों के बल पर ही मां का मस्तक मंदिर होगा



**सांवरमल अग्रवाल**



अटल जी सदैव स्मरणीय, स्वच्छ छवियां एक जनप्रिय नेता, भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, कुशल संपादक अटल जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को जीने वाले अटल जी,शासन प्रशासन और विदेश नीति के पद प्रदर्शन अटल, परमाणु विस्फोट कर विश्व को चौंकाने वाले अटल जी, विदेश मंत्री, वक्त अटल जी, प्रधानमंत्री अटल जी राजनीतिक आचरण और सामंजस की एक मिसाल वाले अटल जी को देश ने जाना पहचाना और भरपूर प्यार दिया। गांव गरीब किसान कृषि बराबर से अटल जी की प्राथमिकता में रहे। वह प्रारंभ से ही चाहते थे कि देश के विकास की योजनाएं बने। वह भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अनुरूप होनी चाहिए। अटल जी की जल प्रबंधन नीति हमारे लिए गंगा की निर्मलता और अभिरलता की प्रेरणा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक श्री मोहन भागवत जी मत है कि कोटि-कोटि भारतीयों को प्रेरित और दीक्षित करने वाले अटल जी आज नहीं है ऐसे महान राष्ट्रभक्त और राष्ट्रत्व को के प्रति प्रेम रोम रोम में समर्पित अटल जी को राष्ट्र निर्माण के उनके अखंड यज्ञ को जानना समझना इस राष्ट्र के लिए और भी महत्वपूर्ण और आवश्यक हो गया है यह राष्ट्रीय थाती का विषय है।

**अटल जी की जल प्रबंधन नीति हमारे लिए गंगा की निर्मलता और अभिरलता की प्रेरणा रही है।**

अटल जी का जन्म 25 दिसंबर 2024 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में मध्य मध्य परिवार में हुआ था उनके पिताजी का नाम कृष्ण बिहारी वाजपेई था। अटल जी की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन कू भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका रही इस दौरान में जेल भी गये। अटल जी कहते थे संघ मेरी आत्मा और जीवन प्राण है। वह 1939 में संघ से जुड़े थे 1951 में भारतीय जनसंख्या की स्थापना कल से ही संस्थापक सदस्य के रूप में उनकी राजनीतिक यात्रा शुरू हुई। 1957 में बलरामपुर से पहली बार लोकसभा चुनाव जीत कर सांसद बने थे। अपने अद्भुत संगठनात्मक कौशल और नेतृत्व क्षमता के कारण अटल जी जनसंघ प्रमुख प्राण तत्व होते गये। 1948 में अटल जी राष्ट्रवादी साप्ताहिक पत्र पांजन्य के संस्थापक संपादक बने फरवरी 1968 में दीनदयाल जी की दुखद मृत्यु के बाद उन्हें पार्टी के अध्यक्ष पद का उत्तर दाईत्व संभालना पड़ा। 1975 में आपातकाल की घोषणा के बाद उन्हें गिरफ्तार कर इंदिरा गांधी की सरकार ने जेल में डाल दिया। आपातकाल के बाद जनसंघ को समाप्त कर जनता पार्टी में विलीन कर दिया गया। दोहरी सदस्यता के कारण अटल जी सहित सभी जनसंघ के लोगों ने जनता पार्टी से अलग होकर 1980 में भारतीय जन पार्टी का गठन किया। मुंबई अधिवेशन में अटल जी को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। 1996 में अटल जी अपने पारंपरिक क्षेत्र लखनऊ के साथ-साथ गुजरात के गांधीनगर से भी चुनाव लड़े और दोनों क्षेत्रों से विजय हुए बाद में गांधीनगर सीट से अटल जी ने त्यागपत्र दे दिया। 1995 में मुंबई अधिवेशन में अध्यक्ष के नाते लालकृष्ण आडवाणी ने होने वाले संसदीय चुनाव में भाजपा के प्रधानमंत्री के प्रत्याशी के रूप में अटल जी के नाम की घोषणा की थी। 2002 में राष्ट्रपति के उम्मीदवार के रूप में डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। अटल जी ने 28 दलों के गठबंधन की सरकार 6 वर्ष तक सफलतापूर्वक चलायी। इस दौरान इंडिया टुडे के एक साक्षात्कार में आडवाणी के साथ संबंधों के बारे में पूछे जाने पर अटल जी ने कहा था मैं रोज आडवाणी जी से बात करता हूं हम प्रतिदिन परस्पर परामर्श करते हैं हमारे बीच कोई समस्या नहीं है जब होगी मैं आपको बता दूंगा।

भारत में बहुदलीय लोकतंत्र व्यवस्था में अटल जी ऐसे राजनेता थे जो सभी दलों को स्वीकार्य थे। अटल जी पहले और गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे अंतरराष्ट्रीय दबाव में कूटनीति का दृढ़ इच्छा शक्ति के प्रदर्शन के तहत उन्होंने पोखरण परमाणु बम विस्फोट कर विश्व में सनसनी फैला दी थी। 1999 में आम चुनाव से पहले कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में कारगिल युद्ध में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए कारगिल युद्ध में भारत विजय हुआ। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद संपूर्ण देश में सिखों के खिलाफ नाराज लोगों ने उनका कत्लेआम नरसंहार किया। तब सबसे पहले इस नरसंहार के खिलाफ आवाज उठाने वाले पहले नेता अटल जी थे। उन्होंने रायसिना रोड स्थित टैक्सी स्टैंड पर स्वयं पहुंचकर सिखों को बचाने का कार्य किया था।

अटल जी हमेशा भारतीय भाषाओं का सम्मान करते थे संसद में तीन दशक पृष्ठ 449 में दर्ज उनका संबोधन स्पष्ट है कि हमने कभी उड़िया भाषा का विरोध नहीं किया हमने कभी तमिल भाषा का विरोध नहीं किया। हमारे डीएमके के मित्रों ने ऑल इंडिया रेडियो को बानुली कर दिया सत्यमेव जयते का तमिल रूपांतरण कर दिया गया हमने उसकी आलोचना नहीं की अगर अंग्रेजी की जगह तमिल आती है तो हम उसका स्वागत करेंगे। लेकिन अंग्रेजी की जगह हिंदी आती है तो उन्हें भी अन्य भारतीय भाषाओं के लिए वही प्रेम होना चाहिए।

उन्होंने अयोध्या के विवादित ढांचे को गिराए जाने पर उसे दुर्भाग्यपूर्ण कहा था ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं। अटल जी समान शिक्षा के हिमायती थे उन्होंने संसद में तीन दशक पृष्ठ संख्या 452 कहा था कि एक बुनियादी प्रक्रिया है कि क्या इस देश के हर नागरिक के लिए एक समान शिक्षा होगी या नहीं होगी, क्या शिक्षा के क्षेत्र में जो विषमता आज तक चली आ रही है वह चलेगी। जिसे पब्लिक स्कूल कहा जाता है वह प्राइवेट स्कूल है क्या इस देश के नागरिक का गरीब बेटा म्युनिसिपल कॉरपोरेट के टेंट के स्कूल में पढ़ता रहेगा और धनी का बेटा बड़े आदमी का बेटा प्राइवेट पब्लिक स्कूल के नाम से चलने वाले प्राइवेट स्कूलों में जाकर शिक्षा प्राप्त करता रहेगा, क्या शिक्षा सामान नहीं होगी, नहीं चाहिए जो छोटे विद्यालय हैं जो गरीबों के बच्चों को पढ़ने वाले विद्यालय हैं उनका स्तर कैसे उठेगा कौन उसकी तरफ ध्यान देगा।

अटल जी के तिब्बत के मुद्दे पर भी स्पष्ट विचार थे उन्होंने चीन को इस मुद्दे पर काफी खरी खोटी सुनायी थी कि चीन तिब्बती व्यक्तित्व को नष्ट करना चाहता है। उन्होंने कहा था कि विधि वेताओं के अंतरराष्ट्रीय आयोग के मुताबिक तिब्बत की जनता के स्वतंत्रता उन के अधिकार जीवन और सुरक्षा का अधिकार का उल्लंघन किया गया है और अभी भी उल्लंघन जारी है। संघ के स्वयंसेवक प्रोफेसर रज्जू भैया ने अटल जी के संबंध में कहा था कि अटल जी को मैंने 1944 में देखा था बात उन दिनों की है जब मैं इलाहाबाद विश्वविद्यालय में व्याख्याता हुआ करता था मैं एक वाद विवाद प्रतियोगिता में उपस्थित हुआ था प्रतियोगिता का दौर खत्म होने को ही था की एक नवयुवक ने हाल में प्रवेश किया तथा प्रतियोगिता के जजों से विशेष अनुरोध किया कि उसे भी प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका दिया जाए उसकी गाड़ी लेट हो गई थी और वह इसी विशेष प्रयोजन के लिए आया था। जजों ने वैसे तो अपना मन बना लिया था पर युवक को प्रोत्साहित करने के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अनुमति प्रदान कर दी वह युवक और कोई नहीं अटल बिहारी वाजपेई थे। अटल जी ने बोलना शुरू कियाऔर 10 मिनट के अंदर ही अनेक तर्कों को सुना कर संपूर्ण श्रोता रोमांचित हो गए अटल जी को सर्वश्रेष्ठ वक्ता घोषित किया गया

27 जनवरी 2000 को गणतंत्र दिवस की स्वर्ण जयंती के अवसर पर संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई ने अपने संबोधन में कहा था कि मैं महसूस करता हूं कि कोई संविधान कितना भी अच्छा हो निश्चित रूप से वह खराब बन जाएगा यदि उसे लागू करने वाले लोग अच्छे नहीं है कोई संविधान कितना भी बुरा हो पर वह अच्छा बन जाएगा यदि उसे लागू करने वाले लोग अच्छे हो 19 में 1996 को प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने आकाशवाणी दूरदर्शन पर प्रसारित संदेश में कहा था कि मतदाताओं के सामने विकास भ्रष्टाचार उन्मूलन सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही यह मुद्दे आज भी उतने ही प्रासंगिक है जीतने की पहले थे संक्षेप में कहूं तो भारत को सूराज अर्थात अच्छा राज होना चाहिए।

## कोल्हान की खबरें

### झारखंड में पेसा कानून लागू होने की खुशी में झामुमो ने बांटा 51 किलो लड्डू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य में बहुप्रतीक्षित पेसा कानून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली झारखंड मंत्रिपरिषद द्वारा तत्काल प्रभाव से लागू किए जाने की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से 51 किलो लड्डू का वितरण किया गया। बुधवार को प्रस्ताव पारित होने के उपलक्ष्य में झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक प्रमुख बाघराय मार्डी के नेतृत्व में सैकड़ो नेता और कार्यकर्ताओं ने साकची जुबली पार्क गेट के समीप आम लोगों के बीच लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। मौके पर बाघराय मार्डी ने कहा पेसा कानून का लागू होना हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली अबुआ सरकार की ऐतिहासिक फैसला है। उन्होंने कहा पेसा कानून लागू होने से झारखंड के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के समग्र व तेज विकास होगा। इससे ग्रामसभा को सशक्त बनाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी। मौके पर पूर्व सांसद सुमन महतो, केंद्रीय सदस्य प्रमोद लाल, शेख बदरुद्दीन, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, लालटू महतो, महावीर मुर्मू, प्रीतम हेंब्रम, दलगोबिंद लोहरा, खुद्दु ओरांव, सपन राय, उमानाथ झा, गोपाल महतो, विद्यासागर दास, मानिक मल्लिक, अभय पांडेय, अजय रजक, कवलजीत कौर गिल, परमजीत सिंह पम्मे, मो जमील, विक्टर सोरेन समेत बड़ी संख्या में झामुमो नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

### श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह आयोजित




**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में पहला दीक्षांत समारोह भव्य व गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। बुधवार को समारोह में स्नातक छात्र-छात्राओं को डिग्री व मेडल प्रदान कर उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विशिष्ट अथिति ईचागढ़ विधायक सविता महतो सहित विश्वविद्यालय के चांसलर, कुलपति, गवर्निंग बॉडी के सदस्य, फैकल्टी व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। राज्यपाल ने अपने संबोधन में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए विद्यार्थियों से ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। विधायक सविता महतो ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। समारोह के दौरान मंच पर प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर चर्चाएं भी होती रहीं। इस पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति ने आरोपों से इनकार किया और कहा कार्यक्रम राजभवन से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया था।

### अटल जयंती की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती की पूर्व संध्या पर पूर्वी विधानसभा में भाजपा कार्यकताओं ने भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया। बुधवार को एग्रिको स्थित विधायक पूर्णिमा साहू के आवासीय कार्यालय के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अटल जी को विचारधारा का प्रतीक बताते हुए झारखंड अलग राज्य निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया।विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्र निर्माण, सुशासन और जनसेवा को समर्पित रहा, जिनके आदर्श आज भी प्रेरणादायी हैं। इस अवसर पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अटल जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### लौहनगरी में हर-हर महादेव सेवा संघ का कंबल वितरण अभियान जारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में भीषण ठंड के बीच हर हर महादेव सेवा संघ का जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण अभियान जारी है। बुधवार को संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में 10 नं. बस्ती, ट्युब बारीडीह, हरिजन बस्ती, राधिका नगर, टेल्को, गोलमुरी, सोनारी सहित कई क्षेत्रों में कंबल वितरण किया गया। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा सर्दी में जरूरतमंदों की मदद करना समाज के प्रति नैतिक कर्तव्य है। संघ का प्रयास है कोई भी बुजुर्ग या असहाय ठंड से अकेला न महसूस करे। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों व लाभार्थियों ने सेवा संघ की इस पहल की जमकर सराहना की। अभियान को सफल बनाने में संघ के कई सदस्यों और सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभायी।

### चांडिल में गोलीबारी एक अपराधी की मौत

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र स्थित हारुडीह गांव में गोलीबारी की घटना में एक अपराधकर्मी की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बिजय तिर्की के रूप में हुई। जिसका आपराधिक रिकॉर्ड होने की बात सामने आरही है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस के अनुसार अज्ञात बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गयी। मामले के बाद जिले में पुलिस अलर्ट मोड में है। आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी की जा रही है। हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दी गयी। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### रामकथा के आठवें दिन राम-हनुमान मिलन और शबरी प्रसंग की हुई व्याख्या





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** विजया सेंट्रल कमेटी के द्वारा आयोजित रामकथा के आठवें दिन कथावाचक ममता दीदी ने श्रीराम-हनुमान मिलन, माता सीता हरण और शबरी प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया वनवास के दौरान श्रीराम-लक्ष्मण की हनुमान जी से भेंट हुई और शबरी द्वारा अर्पित प्रेमयुक्त बेरों को प्रभु ने स्वीकार किया, जिससे भक्ति का महत्व उजागर हुआ। बुधवार को रामकथा में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विधायक सरयू राय, विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण को ऐतिहासिक बताते हुए इसे सदियों की आस्था का प्रतीक बताया। वही जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने श्रीराम को मयार्दा, त्याग और धर्म का प्रतीक बताया,वही जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने राम के आचरण को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।कथा सायं 5 से रात 8 बजे तक चली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अंत में आरती व प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में समिति सदस्यों व स्थानीय लोगों का सहयोग रहा। नौवें और अंतिम दिन 26 दिसंबर को महाभोग का आयोजन होगा।

### टाटा मोटर्स उत्कर्ष छात्रवृत्ति सम्मान समारोह में 246 छात्राएं सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स उत्कर्ष छात्रवृत्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन टेल्को स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल के सभागार में किया गया। बुधवार को कार्यक्रम में 246 मेधावी छात्राओं को उत्कर्ष सम्मान प्रदान किया गया। प्रत्येक छात्रा को 25 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति राशि एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आरके सिंह, एचआर हेड प्रणव कुमार व ईआर हेड सौमिक रॉय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने बारी-बारी से छात्राओं को अवार्ड प्रदान किया। प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी ने छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा बच्चियों की सफलता में माता-पिता का अहम योगदान है। उन्होंने बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालने और उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने में सहयोग करने की अपील की। महामंत्री आरके सिंह ने कहा उत्कर्ष मंच बच्चियों के सपनों को साकार करने का माध्यम है। टाटा मोटर्स शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में लगातार योगदान दे रही है। डॉ अरुणिमा वर्मा ने भी विचार रखे। संचालन ईआर की वरीय प्रबंधक आंचल सिंहा व धन्यवाद ज्ञापन जीवराज सिंह संधू ने की। मौके पर बड़ी संख्या में छात्राएं, अभिभावक, यूनियन पदाधिकारी व टाटा मोटर्स के अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहीद निर्मल महतो की स्मृति में स्वास्थ्य जांच शिविर



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहीद निर्मल सेवा सदन के द्वारा शास्त्रीनगर कदमा स्थित जॉगर्स पार्क में अमर शहीद निर्मल महतो के सम्मान में नि:शुल्क जन-स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को शिविर में सैकड़ों स्थानीय लोगो ने स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर की अध्यक्षता शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष लालटू महतो व संचालन जीके बोस ने की।शिविर में मुख्य अतिथि झामुमो सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष डॉ सुभेंदू महतो ने ऐसे आयोजनों को जन-स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। चिकित्सकीय सेवाएं मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लीनिक व सिविल सर्जन कार्यालय पूर्वी सिंहभूम की टीम द्वारा दी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

# अविनाश देव ने पेसा कानून पास होने पर जाहिर की प्रसन्नता, सीएम को दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड अलग राज्य के पच्चीस सालों बाद पंचायत विस्तार अनुसूचित क्षेत्र अधिनियम पेसा कानून की मंजूरी झारखंड कैबिनेट से मिल गयी है। सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आदिवासी जनजातियों की लंबी मांगों को देकर क्रिसमस और नये साल का तोहफा देने का काम किया है। इस खुशी का इजहार करते झामुमो के वरीय युवा नेता सह झारखंड माटीकला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य व शिक्षाविद संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अविनाश देव ने कहा कि इससे आदिवासी समुदाय सशक्त शक्तिशाली एवं प्रभावशाली होंगे। सोलह जिलों में तत्काल पेसा कानून लागू होगा, हालांकि मेरा जिला पलामू आंशिक प्रभाव में रहेगा। इससे लघु वनोपज जल जंगल जमीन खान खनिज ग्राम पंचायतों की शक्ति जनजातीय स्वायत्त प्रदान किया गया।

# तीन साइबर ठग गिरफ्तार

## फर्जी कस्टमर केयर बनकर करते थे ऑनलाइन ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** पुलिस अधीक्षक देवघर सौरभ (भापुसे) के आदेशानुसार साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा के निर्देशन में 23 दिसंबर 2025 को तीन साइबर अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई सारठ थाना क्षेत्र के डकाय जंगल स्थित खजुर पेड़ के पास गुप्त सूचना के आधार पर की गयी। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति फर्जी बैंक, कस्टमर केयर और सरकारी पदाधिकारी बनकर आम लोगों को कॉल कर ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर छापेमारी कर तीनों आरोपियों को मौके से पकड़ा गया। आरोपियों के पास से बरामद मोबाइल व सिम की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वे फर्जी कस्टमर केयर/सरकारी पदाधिकारी बनकर फोनपे यूजर्स को कैशबैक का झांसा देते थे और पीएम किसान योजना के लाभुकों को फर्जी लिंक भेजकर ठगी करते थे।



**किसी भी फर्जी कॉल/लिंक के झांसे में न आयें : पुलिस**

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी फर्जी कॉल, लिंक या कैशबैक के झांसे में न आएं और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

अपराध की शैली पीएम किसान योजना के लाभुकों को फर्जी लिंक भेजकर ठगी। फर्जी फोनपे/पेटीएम कस्टमर केयर बनकर कैशबैक का झांसा देकर गिफ्ट कार्ड बनवाकर उसे रिडीम कर ठगी। फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक पदाधिकारी बनकर 'एयरटेल थैंक्स एप' के माध्यम से कार्ड बंद/पुनः चालू कराने के नाम पर ठगी।

गिरफ्तार अभियुक्त नितेश कुमार मंडल (28), पिता शंकर मंडल, सा० सुखजोरा, थाना-सारठ, जिला-देवघर। सनम कुमार दास (25), पिता शिबू दास, सा० आमतल्ला भेड़वा, ककरली, थाना-मधुपुर, जिला-देवघर। संजय दास (25), पिता रोहित दास, सा० मेड़वा, थाना-मधुपुर, जिला-देवघर।

# सांसद खेल महोत्सव : महिला और पुरुष वर्ग में फुटबॉल मुकाबलों में पलामू की टीमों का दबदबा

**सांसद ने खिलाड़ियों से परिचय करते हुए फुटबॉल को किक मारकर किया खेल की शुरूआत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुलिस स्टेडियम मे सांसद खेल महोत्सव के तहत फुटबॉल का फाइनल मैच महिला वर्ग में बिरसानगर पलामू और सालोटांड गढ़वा के बीच में खेला गया। इस मैच में बिरसानगर पलामू की टीम 4-0 से विजयी हुई। पलामू की ओर से जीवानी सुरीन और नमिता टोप्पो ने क्रमशः दो-दो गोल किये। पुरुष वर्ग मे उलडंडा पलामू एवं बड़गड़ गढ़वा के बीच मैच खेला गया, जिसमें उलडंडा पलामू की टीम 4-0 से विजयी हुई। उलडंडा पलामू की तरफ से विज्ञान सिंह ने 2 गोल एवं गोविंद सिंह ने दो गोल दागे। मैच रेफरी, लाइनस मैन, स्कोरर एवं टेक्निकल टीम के रूप मे प्रसेंजीत दास गुप्ता, कौशल कुमार, स्वराज सिंह, मो इदरीश, जेम्स वारा, सत्यनारायण राम, विश्वजीत रावत एवं राधिका सिंह ने अपना योगदान दिया। उक्त मैच का सीधा लाइव प्रसारण डीडी झारखंड और डीडी स्पोर्ट्स पर भी दिखाया गया, जहां कमेंटेटर के रूप में सनत चटर्जी ने मैच का आंखों देखा हाल दर्शकों को सुनाया।

मुख्य मंच से सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना एवं अनुशासन के साथ खेल को खेला है। पीएम नरेंद्र मोदी के प्रेरणा से महीनों से चल रहे इस सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाने के लिए उन्होंने टेक्निकल टीम, मेडिकल टीम एवं दर्शकों को भी बधाई दिया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, विपिन सिंह, विभाकर नारायण पाण्डेय, विजय ओझा शिवकुमार मिश्रा, उदय शुक्ला, नरेंद्र पांडे, विजयानंद पाठक, दुर्गा जौहरी, उदय शुक्ला, लवली गुप्ता,स्मिता आनंद, चेतन, संजय, छोटू, भोला पांडे, अनुज पांडेय, अरविंद, ईश्वरी, सोमेश, श्रवण गुप्ता, सुनील, संजय, सुशील, मनीष, संजय, दीपक, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया हुसैनाबाद नगर पंचायत में 355 असहाय के बीच कंबल का वितरण



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद नगर पंचायत के द्वारा जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग से प्राप्त कंबल का वितरण नगर भवन में किया गया। विधायक संजय कुमार सिंह यादव, एलआरडीसी गौरांग महतो, कार्यपालक पदाधिकारी शशिशेखर सुमन ने 355 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर विधायक श्री यादव ने कहा कि क्षेत्र में शीतलहर जारी है, मौसम के इस कहर से असहाय की परेशानी बढ़ गयी है। इस परेशानी को देखते हुए सरकार द्वारा कंबल की व्यवस्था करायी गयी है। एलआरडीसी श्री महतो ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए सामाजिक सुरक्षा कोषांग के माध्यम से कंबल वितरण का कार्य जारी है। मौके पर नगर प्रबंधक राकेश सिंह, कनिय अभियंता बृजलाल यादव, सुपरवाइजर रवि यादव समेत कई नपं कर्मी व लाभुक उपस्थित थे।

# कामरान खान बने यूथ कांग्रेस के पलामू जिला उपाध्यक्ष

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। जिसमें पलामू जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद पर कामरान खान ने बाजी मारी। परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्मित प्रदेश युवा कमेटी, जिला युवक कांग्रेस के साथ सभी विधानसभा एवं प्रखंडों में जीत दर्ज करने वाले को बधाई संदेश देने का सिलसिला जारी है। पलामू यूथ के उपाध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालों में कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी, मशरूर अहमद, अर्जुन सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, अवध बिहारी सिंह, नदीम खान, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह आदि का नाम शामिल है। यूथ जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की समस्त जनता का हृदय से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझे अपना बहुमूल्य वोट देकर मुझ पर विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि आप सभी के भरोसे और विश्वास पर मैं पूरी ईमानदारी, निष्ठा और संघर्ष के साथ खड़ा रहूंगा।



यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कामरान खान।

# हुसैनाबाद की बेटी जूनियर नेशनल कबड्डी में झारखंड का करेगी प्रतिनिधित्व



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। डे बोर्डिंग सेंटर हुसैनाबाद की कबड्डी खिलाड़ी अंजली कुमारी को जूनियर झारखंड बालिका कबड्डी टीम में चयन हुआ है। वह कोलकाता में 25 से 28 दिसंबर तक आयोजित 51 जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेगी। अंजली शहर के कुर्मी टोला निवासी दयानंद चौधरी की पुत्री है। उसने लगन व कड़ी मेहनत से टीम में स्थान बनायी है। उसकी इस उपलब्धि पर पलामू जिला खेल पदाधिकारी रतन कुमार, जिला खेल समन्वयक निधि उपाध्याय,स्पोर्ट्स कार्यालय इनचार्ज सिकंदर कुमार, जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव उपेंद्र कुमार, हुसैनाबाद कबड्डी कोच विमलेश कुमार सिंह आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।04

# गोचर भूमि में हो रही अवैध मिट्टी कटाई से ग्रामीण परेशान

मधुपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत भेड़वा पंचायत के आमतल्ला भेड़वा मौजा की गोचर जमीन पर अवैध रूप से धड़ल्ले से मिट्टी की कटाई कर बिक्री किए जाने की खबर है। जिससे न केवल गोचर जमीन के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो गया है, बल्कि यहां चरने वाले पशुओं के लिए भी जानलेवा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है की भू माफियाओं द्वारा उक्त गोचर जमीन पर मिट्टी की कटाई के कारण बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं। जिसके कारण इस जमीन पर चरने वाले जानवर और खेलने वाले बच्चे अगर गड्ढे में गिर जाते हैं तो अपना अंग भंग जरूर करा लेंगे। बताया जाता है कि उक्त गोचर जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जे का प्रयास भी किया जा रहा है। भू-माफियाओं के इस कृत्य से अजीज आये ग्रामीणों ने प्रशासन से इस संबंध में अभिलंब उचित कदम उठाने की मांग की है।

# एसआइआर को लेकर भाजपा नगर इकाई की बैठक

मधुपुर (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई की ओर से बुधवार को एसआर डालमिया रोड स्थित खेड़िया धर्मशाला में झारखंड में चल रहे एसआइआर कार्यक्रम तथा आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पप्पू यादव उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष रवि रवानी ने की। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, मतदाता सूची पुनरीक्षण में कार्यकर्ताओं की भूमिका, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और आगामी निकाय चुनाव में पार्टी की रणनीति को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिला उपाध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि एसआइआर के माध्यम से मतदाता सूची को दुरुस्त करना लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है। नगर अध्यक्ष रवि रवानी ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव भाजपा के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करते हुए जनसंपर्क अभियान तेज करें।

# पलामू: 251 बर्खास्त अनुसेवकों ने किया हवन पूजन, दिया धरना

**बर्खास्त अनुसेवकों की मांग जायज है : इंदर सिंह नामधारी**

**पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि झारखंड में अफरशाही पूरी तरह से हावी है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बर्खास्त अनुसेवकों ने बुधवार को समायोजन करने की मांग को लेकर हवन पूजन कर सद्बुद्धि की मांगों के समर्थन में बर्खास्त 251 अनुसेवकों ने अपने बैनर तले एक दिवसीय पलामू समाहरणालय गेट पर धरना प्रदर्शन किया। यह धरना सद्बुद्धि से सरकार व जिला प्रशासन पर अनुसेवकों ने धरने के बाद धरने वाली जगह पर सद्बुद्धि हवन पूजन किया। धरना दे रहे अनुसेवकों ने कहा कि हम सब लगभग सात आठ वर्षों से कार्यत थे और ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्व को निर्वहन कर रहे थे।

आज हमलोग लगभग 10 महीने से सरकार और जिला प्रशासन को सभी अनुसेवकों के द्वारा जगाने का काम करने आये हैं, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधाकर दुबे ने किया। झारखंड के प्रथम स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि बर्खास्त अनुसेवकों की मांग जायज है। उन्होंने अपने स्तर से समायोजन को लेकर स्पीकर और कई विधायकों से बात की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के तर्ज पर झारखंड की सरकार चाहेगी, तो बर्खास्त अनुसेवकों को बहाल कर सकती है। उन्होंने कहा कि इनकी लड़ाई में वे हमेशा साथ हैं। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि झारखंड में अफरशाही पूरी तरह से हावी है। यहां के विधायकों को भी इस मामले में विधान सभा में उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को कोई ना कोई व्यवस्था करना चाहिए इन्हें अधिकारियों के भरोसे छोड़ दिया गया है।

कार्यक्रम का संचलान राकेश ठाकुर ने किया। इस अवसर पर विवेका शुक्ला, प्रेम कुमार, गीता देवी, कृष्णा पासवान, सरिता देवी, सरस्वती देवी, विकास कुमार समेत काफी संख्या में बर्खास्त अनुसेवक उपस्थित थे।

# भौंरहा गांव में बदलाव मंच ने सुलझाया पारिवारिक विवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** समाज में बढ़ते पारिवारिक विवाद और घरेलू हिंसा के समाधान में बदलाव मंच एक भरोसेमंद माध्यम बनकर उभर रहा है। इसी कड़ी में हरिहरगंज प्रखंड के भौंरहा गांव में पति-पत्नी के लंबे समय से चले आ रहे विवाद को मंच ने शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया। पत्नी ने पति और ससुराल पक्ष पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया था। जीसीआरपी सदस्य ममता देवी, संजु कुमारी, कविता देवी और अन्य महिलाओं ने दोनों पक्षों की बात सुनी और संवाद के जरिए समाधान निकाला। पति ने अपनी गलती स्वीकार की और



सम्मानपूर्वक व्यवहार का आश्वासन दिया। मंच ने महिलाओं के अधिकारों और समाज में नशाखोरी, दहेज, बाल विवाह व घरेलू हिंसा जैसी बुराइयों के खिलाफ जागरूकता भी बढ़ाई। ऐसे प्रयास परिवार और समाज में विश्वास व सद्भाव मजबूत करते हैं। मौके पर उपस्थित जीसीआरपी के सदस्यों ने दोनों पक्षों को नशाखोरी, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज प्रथा और महिला उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ शपथ दिलायी। जीसीआरपी के सदस्यों ने बताया कि मंच का उद्देश्य केवल विवाद सुलझाना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना और महिलाओं को न्याय दिलाना है।

# हरिहरगंज में पलामू एग्रोग्रीन प्रोड्यूसर कंपनी के मुख्य कार्यालय का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कौआखोह स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के समीप बुधवार को पलामू एग्रोग्रीन प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के मुख्य कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रखंड प्रमुख कमला देवी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा एवं बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने कहा कि किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से किसानों की फसल को उचित मूल्य पर संग्रहित कर बाजार तक पहुंचाया जायेगा। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और किसानों की



आमदनी बढ़ेगी।

कंपनी के को-फाउंडर डॉ रवि रंजन कुमार ने बताया कि यह कंपनी भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड है और इसका गठन भारत सरकार और नाबार्ड के सहयोग से किया गया है। वहीं कंपनी के एमडी मिथिलेश मेहता और सीईओ राजू रंजन कुमार मेहता ने बताया कि आधुनिक कृषि तकनीक, फसल विविधीकरण और बाजार की मांग के अनुसार उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। इस मौके पर पीपरा सीओ जितेंद्र कुमार, बीएओ ब्रजेश कुमार, नीति आयोग के प्रखंड समन्वयक प्रणव कुमार, कृषि विशेषज्ञ अनिल मिश्रा, डॉ दिनेश कमलापुरी, पैक्स अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, जिप प्र. राजेश राम, अमित सिंह, कुशवाहा संगीता, यूएस होटल संचालक छोटू कुमार सिंह, कृष्णा मेहता, अजय मेहता, मथुरा रजक, अरविंद बॉस के अलावे कंपनी के फाउंडर मेंबर परमेश्वर कुमार, श्याम सुंदर मेहता, धर्मेंद्र मेहता, राजकुमार मेहता, डॉ उमेश मेहता, अशोक मेहता सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नगर निगम का अभियान, 67,700 रुपये का लगा जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** नगर आयुक्त के निर्देश पर देवघर नगर निगम द्वारा बुधवार, 24 दिसंबर 2025 को शहर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता को बढ़ावा देना तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करना रहा।



अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने बाजार समिति सहित प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जांच में नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की गयी। बाजार समिति से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के आरोप में 50,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं मां कलिका स्टोर से 85 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर 10,700 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

इसके अलावा गणेश मार्केट स्थित प्रकाश रोप से प्रतिबंधित डिस्पोजेबल ग्लास जब्त किए गए और 5,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। आरबी ट्रेडर्स से भी नियम उल्लंघन के मामले में 2,000 रुपये का जुर्माना लिया गया। जब्त की गयी सभी सामग्रियों को नियमानुसार नष्ट किया जायेगा।

यह अभियान नगर प्रबंधक सतीश कुमार दास के नेतृत्व में चलाया गया। टीम में सैनिटरी सह फूड निरीक्षक प्रेम राज, सैनिटरी सुपरवाइजर पिंटू कुमार राय, एसबीएम शाखा सहायक मनोज कुमार गुप्ता, चंद्र किशोर झा, रंजीत मारिक सहित नगर निगम के अन्य कर्मी शामिल थे।

# विधायक देवेंद्र ने एनएच-114 से तेलेरिया गांव तक सड़क का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**जरमुंडी।** बुधवार को जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर ने बंदाजोरी पंचायत अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-114 से तेलेरिया गांव तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सड़क शिलान्यास के बाद उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र कुंवर ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। यह सड़क वर्षों से ग्रामीणों की मांग रही है, जो अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से तेलेरिया गांव सहित आसपास के कई गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक इस मार्ग की स्थिति खराब होने के कारण बरसात के दिनों में आवाजाही में काफी परेशानी होती थी। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन विकास कार्यों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने के संकल्प के साथ किया गया।

# अटल बिहारी वाजपेयी जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा देवघर जिला कार्यालय में कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी देवघर जिला कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया तथा कार्यालय को सजाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने कहा कि 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं झारखंड के निमार्ता अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती मनायी जाती है, जिसे भाजपा 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाती है। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने मंडलों में अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती



मनाएं और उनके विचारों, सिद्धांतों और मार्गदर्शन को जन-जन तक पहुंचाएं। जिला अध्यक्ष ने बैठक में वीर बाल दिवस, प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम तथा आगामी विधानसभा सम्मेलन को भव्य और सफल बनाने को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सचिन रवानी, संतोष उपाध्याय, अधीर चंद्र भैया, राकेश नरोने, रवि तिवारी, सचिन सुल्तानिया, पंकज सिंह भदोरिया, विनय चंद्रवंशी, प्रो राजीव सिंह, धनंजय तिवारी, बाबूलाल मरांडी, संतोष मुरमुर, सोना धारी झा, संजय गुप्ता, रमेश राय, दिगंबर पांडे, अमरजीत दुबे, सुनील यादव, सुमित रामानी, काशी मंडल, सुनील मंडल, दिलीप यादव, अलका सोनी, निशा सिंह, मुकेश पाठक, दशरथ दास, सुमित झा, महेश राय, भूषण सोनी, उमाशंकर प्रजापति, उचित राय, अशोक कुमार सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मासूम को ट्रेलर ने कुचला, आक्रोशित लोगों ने किया एनएच जाम

## कोयल नदी से बालू ढुलाई करते सात ट्रैक्टर जब्त

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर अवैध खनन के विरुद्ध जिले में सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बुधवार सुबह लगभग 7:30 बजे गुमला थाना क्षेत्र के भण्डरिया गांव के नीचे कोयल नदी घाट पर छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से बालू लदे कुल 07 ट्रैक्टर पकड़े गए, जिन्हें जब्त कर टोटो थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। निरीक्षण में न तो किसी प्रकार की भंडारण अनुज्ञप्ति मिली और न ही वैध खनन या परिवहन से संबंधित दस्तावेज। प्रथम दृष्टया यह अवैध उत्खनन एवं परिवहन का मामला पाया गया है। उक्त कृत्य झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली-2004 एवं झारखंड खनिज नियम-2017 के तहत दंडनीय है। सभी ट्रैक्टर मालिकों और चालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बसिया।** थाना के किन्दिरकेला गांव में बुधवार को हुए सड़क हादसे में लगभग 4 वर्षीय बालक सुफियान खान की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के समय सुफियान अपने पिता नदीम खान के साथ दूध लेने के लिए सड़क किनारे खड़ा था। इसी दरम्यान सिमडेगा की ओर से आ रहे एक टेलर ने उल्टी दिशा में जाकर बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।

**दुर्घटना के उपरांत ग्रामीण आक्रोशित :** दुर्घटना होते ही किन्दिरकेला के ग्रामीण आक्रोशित हो गए और ट्रेलर का पीछा करने लगे, ग्रामीण टेलर को कोनबीर भागीडेरा मोड़ के पास रोक लिया और उस ट्रेलर में तोड़फोड़ कर दी। साथ ही चालक के साथ मारपीट भी करने लगे। उधर किन्दिरकेला में स्थानीय लोगो ने घटना के विरोध में सड़क जाम कर दिया।

**थाना प्रभारी की सूझबूझ और साहस ने बड़ी घटना होने से रोका :** थाना प्रभारी कृष्णा कुमार को जैसे ही घटना की सूचना मिली वे चालक के साथ ही कोनबीर भागीडेरा मोड़ पहुंच कर बड़ी साहस के साथ ट्रेलर चालक को बचाते हुए पुलिस हिरासत में ले लिया साथ ही लोगो को समझा बुझाकर वापस भेजा गया। थाना प्रभारी की सूझबूझ के कारण चालक की जान बच सकी। वहीं घटना के बाद पुलिस सर्कल इंस्पेक्टर गुलशन भेंगरा व पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार दलबल लेकर जाम स्थल पहुंचे औरजाम खुलवाने में लगे रहे।

**वार्ता के उपरांत हटाया गया सड़क जाम :** बीडीओ सुप्रिया भगत, जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग, इंस्पेक्टर गुलशन भेंगरा,थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, अफान खान, मुंतजीर खान एवं ग्रामीण के बीच वार्ता के बाद जाम हटाया गया।

बीडीओ और थाना प्रभारी द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया कि एसडीओ के निर्देशानुसार 15 जनवरी से पूर्व जगह जगह पर ब्रेकर और जेब्रा क्रॉसिंग मार्किंग किया जायेगा।सड़क दुर्घटना का मुआवजा देय होगा।जामस्थल पर जेएमएम नेता अलीम खान, लुकमान खान समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।



### लोगो ने की सड़क सुरक्षा संबंधी मांग

सड़क दुर्घटना के बाद लोगों ने पुलिस प्रशासन से कहा कि प्रशासन द्वारा 31 दिसंबर को कमल लोहरा के सड़क दुर्घटना के बाद सड़क पर नियमानुसार स्पीड ब्रेकर, जेब्रा क्रॉसिंग, स्पीड कंट्रोल संबंधी बोर्ड लगवाने की बात स्थानीय प्रशासन द्वारा किया गया था लेकिन एक वर्ष बीत जाने के उपरांत भी प्रशासन की बाते केवल आश्वासन ही साबित हुआ। एक वर्ष बीत जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई पहल नही किया गया।

### विधायक और एसडीओ के प्रति दिखा आक्रोश

सड़क जाम के दौरान सिसई विधायक और एसडीओ के प्रति रोषपूर्ण आक्रोश देखा गया।किन्दिरकेला निवासी अफ्रान खान समेत मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि हमारे विधायक को हमलोगों से कोई मतलब नही है। ऐसे घटनाओं पर भी न उनके द्वारा कोई कॉल उठाया जाता है और न ही कभी आया जाता है।विगत 5 सड़क दुर्घटनाओं में विधायक न कभी आये और न ही उनके द्वारा कोई संवेदना ही व्यक्त किया गया जो काफी दुखद है। वही दूसरी ओर एसडीओ के द्वारा भी घटना के उपरांत घटनास्थल आना मुनासिब नही समझा गया।

## एक वर्ष से कार्यरत नहीं मोबिलाइजर, फर्जी उपस्थिति और अवैध नियुक्ति का आरोप

**बसिया (आजाद सिपाही)।** पंचायती राज विभाग गुमला को रोहित बिलुंग, संजय कुजूर, अंजाय कुमार साहू, उषा लकड़ा,मंजूषा देवी समेत अन्य लोगो द्वारा आवेदन देकर पोकटा पंचायत के राजकीय मोबिलाइजर अर्चना कुमारी के द्वारा विगत एक वर्ष से कार्य न करने के संबंध में शिकायत की गयी है। इसके पूर्व 6 दिसंबर को बसिया के बीडीओ को भी आवेदन सौंपा जा चुका है। जिला पंचायती राज विभाग को दिए आवेदन के अनुसार मामला बसिया प्रखंड अंतर्गत पोकटा पंचायत का है, जहां पदस्थापित मोबिलाइजर अर्चना कुमारी वर्ष 2025 में विवाह के बाद से ही पंचायत कार्य में उपस्थित नहीं हैं। विवाह से पूर्व भी वे नियमित रूप से कार्य नहीं कर रही थीं और अब उनकी अनुपस्थिति को एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। इसके बावजूद पंचायत के मुखिया रश्मि टेटे एवं पंचायत सचिव अरविन्द कुजूर की कथित मिलीभगत से अर्चना कुमारी की अनुपस्थिति में उनके बड़े भाई जितेन्द्र नायक को पंचायत कार्य में लगाया गया है, जो नियमों के विरुद्ध बताया जा रहा है। आरोप यह भी है कि पंचायत मुखिया एवं पंचायत सचिव द्वारा अर्चना कुमारी के नाम पर मातृत्व अवकाश से संबंधित एक पत्र निर्गत कर उसे स्वीकृति प्रदान की गयी, जबकि अर्चना कुमारी पिछले एक वर्ष से पंचायत में कार्यरत ही नहीं हैं। वहीं पंचायत की उपस्थिति पंजी में भी अनियमितता का मामला सामने आया है, जहां जितेन्द्र नायक द्वारा अर्चना कुमारी के नाम से हस्ताक्षर कर उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जबकि वास्तविकता में वे पंचायत में उपस्थित नहीं हैं। शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर अर्चना कुमारी एवं जितेन्द्र नायक को पद से हटाने तथा पंचायत में नये मोबिलाइजर की नियुक्ति की मांग की है।

## सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी में लगी विज्ञान प्रदर्शनी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा के मकरा स्थित सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक एवं सचिव अंकिता श्री ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं ने ज्ञानवर्धक विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया। कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इनक्यूबेटर एवं केमिकल मैजिक शो, नौ के छात्रों ने फाइंड एडुल्टरेशन, मैन्योर बनाम फर्टिलाइजर, हिडन शुगर, केमिकल वेपन, कक्षा 8 के एंटीवेनम, हाइड्रोफोविक हार्वेष्ट, कक्षा 7 के छात्रों ने एयर प्यूरिफायर, लीफ में स्टार्च टेस्ट, बल्ब ग्लोवर, कक्षा 6 के एंटीबायोटिक मिसयूज, वर्किंग मॉडल ऑफ हार्ट, ईको फ्रेंडली हाउस, डीएनए मॉडल, रेन वाटर हार्वेशटिंग, कक्षा 5 के छात्रों ने सीजन चेंज, इम्पोर्टेंस ऑफ ट्रीज, वाटर डिस्पेंसर, कक्षा 4 के छात्रों ने सेव अर्थ, ग्रीन एग्रीकल्चर, विंड मिल एंड सोलर लाइट, ग्रीन क्लाईमेट, इफेक्ट, ग्रीन टेक्नोलॉजी सहित कक्षा 3, 2 एवं 1 के छात्रों ने ग्लोबल वार्मिंग, वोलकेनिक एरेप्सन तथा डीएनए मॉडल प्रस्तुत किया। इसके पूर्व प्राचार्य चंद्रकांत ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी नवाचार, तार्किक सोच एवं आत्मविश्वास को विकसित करने में सहायक होती है। हमे बच्चों को प्रायोगिक शिक्षा पर बल देना चाहिए।

## सदर अस्पताल में गर्भवती की मौत

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल गुमला में इलाज के दौरान 9 माह की गर्भवती महिला की मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। मृतका की पहचान भिखनी कुमारी (20 वर्ष) के रूप में हुई है, जो ग्राम बधिमा, टेप्सा टोली की निवासी थी। मृतका के पति मेलविन बरवा ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनायी गयी मालवीय और अटल बिहारी की जयंती





**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में बुधवार को शिक्षाविद पंडित मदन मोहन मालवीय तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी गयी। प्राथमिक एवं माध्यमिक खंडों में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य देवेंद्र नाथ तिवारी, गणेश साहू, अन्नपूर्णा देवी, प्रवीण कुमार सिन्हा एवं विकास कुमार द्वारा महापुरुषों के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। वरिष्ठ आचार्य देवेंद्र नाथ तिवारी ने महामना मालवीय को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेता बताते हुए उन्हें युगद्रष्टा व्यक्तित्व कहा। आचार्य गणेश कुमार साहू व संगीता कुमारी ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें प्रखर वक्ता, संवेदनशील कवि और महान राष्ट्रवादी नेता बताया। कार्यक्रम में भैया-बहनों ने अटल की कविताओं का सस्वर पाठ किया तथा दोनों विभूतियों के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अंत में आचार्या अन्नपूर्णा दीदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## भारत विकास परिषद ने आदिम जनजाति के बीच बांटे कंबल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** ठिठुरन भरी ठंड को ध्यान में रखते हुए भारत विकास परिषद गुमला शाखा के द्वारा रायडीह प्रखंड अंतर्गत पीबो एवं जमगई गांव के आदिम जनजाति बस्ती में लगभग एक सौ जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उपस्थित ग्रामीणों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता के द्वारा भारत विकास परिषद के कार्यक्रमों, उद्देश्यों को विस्तार से बताया गया। श्री गुप्ता ने भविष्य में भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने की जानकारी दी गयी। संरक्षक विनय कुमार लाल के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित गांववासियों को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग के द्वारा आगामी दिनों में कराये जाने वाले एस आई आर के बारीकियों की जानकारी साझा की गयी और ग्रामीणों को सजग रहने की हिदायत भी दी गयी। संरक्षक निर्मल कुमार गोयल ने परिषद के द्वारा दिये जा रहे कंबल को प्रतीकात्मक स्वरुप बतलाते हुए ग्रामीणों को ठंड़ से बचने की नसीहत दी गई। उन्होंने कहा कि लोग नशापान से दूर रहें और इसके लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। अंत में गांव के समाजसेवी जगनारायण सिंह के द्वारा परिषद के द्वारा कड़ाके की ठंड़ में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए आभार ज्ञापित किया गया। मौके पर राकेश कुमार वर्मा, मनमोहन सिंह, सरजु प्रसाद साहु, द्वारिका मिश्र 'सुमन', संचित कुमार सिंह, योगेन्द्र सिंह तथा महिला विंग की रीता कुमारी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पूर्व चेंबर अध्यक्ष के किराना दुकान में चोरी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के पालकोट रोड शारदा कंपलेक्स के सामने पूर्व चैंबर अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल के किराना दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर दरवाजा में लगे लोहे के रॉड को तोड़कर अंदर घुसे और आराम से कुर्सी में बैठकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जाता है कि चोरों की संख्या करीब तीन थी। बीती आधी रात चोर दरवाजे में लगे लोहे के रॉड को तोड़कर अंदर घुसा। जबकि एक चोर बाहर से दरवाजे पर ही खड़ा था और तीसरा चोर दुकान के बाहर पहरा दे रहा था। दुकान के अंदर घुसने वाला चोर पूरी तरह से अपने चेहरे को कपड़ा से ढक लिया था। बता दे की उक्त दुकान में चोरी की यह तीसरी घटना है पूर्व में भी चोरों ने छत के सहारे दुकान में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। शहर के बीचो-बीच चोरी की घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। बुधवार की सुबह 8 बजे लोगों ने रॉड दुकान के सामने रखे देखा इसकी सूचना दुकान के मालिक को दी गयी। दुकान जाकर जांच पड़ताल करने पर गल्ला में रखे नगद 40 हजार की चोरी कर ली। हालांकि चोरों ने पैसों के अलावा अन्य किसी भी सामान को हाथ नहीं लगाया। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से शहर में गश्ती बढ़ाने और चोरों को पहचान कर अभिलंब पकड़ने की मांग की है।

## सुखदेव भगत ने घाघरा में कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक के समीप चाहत होटल में सांसद सुखदेव भगत ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। कार्यकताओं ने क्षेत्र की कई समस्याओं से अवगत कराया, वही बैडमिंटन खिलाड़ियों ने प्रखंड मुख्यालय में एक इनडोर स्टेडियम बनाने का मांग भी किया। वहीं सांसद ने पेशा कानून को संक्षिप्त में कार्यकर्ताओं को बताया। साथ ही कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का काम करे। पार्टी गरीब और किसानों की पार्टी है। सभी का हित सोचने वाली पार्टी है। आप सभी कांग्रेस के विचारधारा को लोगों तक गांव गांव जाकर बताइए। वही मौके पर उपस्थित हुए सीएस से प्रखंड अध्यक्ष आदित्य भगत ने कहा कि घाघरा में108 एंबुलेंस की कमी है जिसपर सीएस ने जल्द एक नए एंबुलेंस देने की बात कही।

## घाघरा के आदर लैंपस में धान खरीदारी ठप

# फर्जी तरीके से मां-बेटी बनी अध्यक्ष-सचिव

- आदर लैंपस में 9 दिनों से धान खरीदारी बंद
- बिना बैठक और चयन प्रक्रिया के किया गया गठन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के आदर लैम्पस में अभी तक धान की खरीदारी शुरू नहीं हुई है। धान खरीदी शुरू करने के निर्धारित तिथि से नौ दिन बीत जाने के बावजूद खरीद प्रक्रिया ठप है। लैम्पस सदस्यों ने बैठक कर आरोप लगाया है कि मां गीता देवी और सगी बेटी मुस्कान कुमारी ने फर्जी तरीके से स्वयं को अध्यक्ष और सचिव मनोनीत कर लिया, जिसके कारण किसानों ने लैम्पस को धान बेचना बंद कर दिया है। सदस्य बता रहे हैं कि इस संबंध में प्रखंड के कई संबंधित पदाधिकारियों को सूचना दिये जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मौके पर मौजूद किसान जावेद अंसारी, सहभन उरांव, सुकरा उरांव, बिहारी उरांव, संजू उरांव, राजमोहन यादव, दिलबंधु मांझी, छोटेलाल सिंह, तेजू महतो, सुमंत ठाकुर, सोमनाथ उरांव पूर्व मुख्य राजीव उरांव केशव प्रजापति पवन माली रोहित गोप सहित लैंपस के सदस्यों ने मां बेटी की मनमानी का विरोध किया।

**नयी कमेटी गठन की मांग :** समिति सदस्य सुकरा उरांव ने आरोप लगाते हुए कहा कि फर्जी तरीके से अध्यक्ष और सचिव का गठन किया गया है। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से मांग की कि इस अवैध कमेटी को तत्काल निरस्त करते हुए नयी वैध कमेटी का गठन किया जाये और शीघ्र धान खरीदारी शुरू करायी जाये।



### गुपचुप तरीके से बना दी गयी कमेटी

लैंपस सदस्य रामचंद्र लोहरा ने बताया कि गुपचुप तरीके से मां-बेटी को अध्यक्ष और सचिव बना दिया गया, जिसकी जानकारी किसी भी समिति सदस्य को नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि नियमानुसार अध्यक्ष और सचिव का आदर का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है, जबकि संबंधित मां-बेटी टोटो गांव की निवासी बताई जा रही हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि किसी प्रकार की चयन प्रक्रिया या बैठक आयोजित ही नहीं की गई। किसान मित्र जुशेंद्र गोप ने चयन प्रक्रिया को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा कि समिति सदस्यों से घर-घर जाकर रजिस्टर में हस्ताक्षर कराये गये, जबकि सदस्यों को यह भी नहीं बताया गया कि हस्ताक्षर किस उद्देश्य से लिए जा रहे हैं।

### बीडीओ ने कहा

जांचोपरान्त चयन प्रक्रिया फर्जी पाया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर दिया गया है। जल्दी ही आदर लैंपस में धान की खरीदारी प्रारंभ कर दी जायेगी।

### मुखिया ने कहा

इस मामले में आदर पंचायत की मुखिया यशमुनी नी देवी ने कहा कि चयन प्रक्रिया के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं थी। जैसे ही पता चला कि फर्जी तरीके से चयन प्रक्रिया संपन्न किया गया है मैंने घाघरा वीडियो को लिखित जानकारी दे दी है ताकि जांच के बाद धान की खरीदारी करायी जा सके।

### गीता देवी ने कहा

गीता देवी ने कहा कि मुझ पर लगाये गये आरोप निराधार है। फर्जी चयन नहीं बल्कि वर्ष 2022-23 में ही चयन प्रक्रिया कर मुझे पद सौपा गया है।

## पकड़ाया पैंगोलिन छाल तस्करों का बड़ा नेटवर्क

# 9.6 किलो सल्क के साथ आठ गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला और पालकोट वन प्रमंडल के आठ तस्करों को वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, सेंट्रल एवं पलामू टाइगर रिजर्व ने धर दबोचा। गुमला वन प्रमंडल के अधिकारी व कर्मचारियों की मेहनत से ये गिरोह पकड़ में आ सका। बताया गया कि 21 व 23 दिसंबर को वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, सेंट्रल एवं पलामू टाइगर रिजर्व से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग ने यह कार्रवाई की। कुरूमगढ़ एवं गुमला वन क्षेत्र के वनकर्मियों द्वारा त्वरित टीम गठित कर चैनपुरझमांझाटोली मुख्य मार्ग के ग्राम मरियम टोली, कांसीर तथा बाम्हनी हेलीपैड, थाना गुमला क्षेत्र में छापेमारी की गयी।

कार्रवाई के दौरान कुल लगभग 9.600 किलोग्राम पैंगोलिन छाल (सल्क), तीन मोटरसाइकिल एवं चार स्मार्टफोन जब्त किए गए। इस मामले में अंधराडीह निधियाटोली निवासी निर्मलउरांव और भिखराम उरांव तथा चेचेपाठ, घाघरा निवासी प्रकाश भगत को गिरफ्तार किया गया। वहीं पालकोट प्रमंडल के रोकेंड़ेगा ग्राम निवासी बहुरन सिंह, रविन्द्र सिंह, , जयदेव सिंह, शिव शंकर सिंह और मरदा तुंदटोली निवासी जेठू लोहरा के नाम शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9, 50, 51 एवं 52 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

यह बता दें कि 22 दिसंबर को गुमला वन प्रमंडल ने पेंगुलीन की छाल के साथ चैनपुर के मरियम टोली निवासी रामेश्वर राम व सिसई निवासी मंसूर अली को गिरफ्तार किया था। जब डीएफओ अनवर बेलाल अहमद ने मामले की तहकीकात शुरू की तो एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ। इसके तहत एक और पैंगोलिन की छाल बरामद की गयी और गिरोह में शामिल 8 लोग और पकड़े गये।



# सांसद सुखदेव ने बिशप से मिलकर दिया सौहार्द और विकास का संदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत ने बुधवार को क्रिसमस और नववर्ष के अवसर पर गुमला में सौहार्द, भाईचारे और विकास का संदेश दिया। उन्होंने गुमला धर्मप्रांत के बिशप स्वामी लीनुस पिंगल सहित विभिन्न चर्च, मिशनरी संस्थानों और विद्यालयों का दौरा कर शुभकामनाएं दीं।

सांसद सबसे पहले गुमला धर्मप्रांत पहुंचे, जहां विशप स्वामी लीनुस पिंगल से मुलाकात कर बुके और केक भेंट किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और सभी समुदाय मिलकर विकास की दिशा तय करते हैं।

इसके बाद सांसद उसुर्लाइन कांवेंट स्कूल और संत इग्नासीयूस हाई स्कूल पहुंचे, जहां शिक्षा, स्वास्थ्य और आदिवासी समाज के उत्थान पर चर्चा हुई। सांसद ने कहा कि आदिवासी समाज के बिना झारखंड की पहचान अधूरी है। रायडीह, मांझाटोली और जीईएल चर्च सहित अन्य मिशनरी संस्थानों में भी उन्होंने समुदाय के लोगों से मिलकर क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।





## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

–: आवश्यक सूचना :–

चन्दवा थाना कांड संख्या 185/2023, दिनांक 17.09.2023, धारा 25(1–B)a/26/35 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त राहुल कुमार सिंह उर्फ गोपाल जी, पिता कलेश्वर सिंह, सा0 चेटर, थाना चन्दवा, जिला लातेहार के विरूध माननीय मुख्य न्यायीक दण्डाधिकारी, महोदय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्ध अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
| --- | --- |
| 1. | राहुल कुमार सिंह उर्फ गोपाल जी, पिता कलेश्वर सिंह, सा0 चेटर, थाना चन्दवा, जिला लातेहार। |




ह0/–
पुलिस अधीक्षक, लातेहार।

PR 369303 Police(25-26)D

## कार्यालय, अनुमण्डल दण्डाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, चतरा (गोपनीय शाखा)

### – Advisory –

वर्ष–2025 की समाप्ति एवं नव वर्ष–2026 के अवसर पर चतरा अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत क्लब, होटल, बार एवं रेस्टुरेन्ट में डीजे बैण्ड एवं अन्य कार्यक्रम किये जाने तथा वर्ष–2026 के आगमन के अवसर पर विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पिकनिक मनाने हेतु अत्याधिक संख्या में लोगों के एकत्रित होने की संभावना है। नवयुवकों द्वारा नशे का सेवन कर तेज रफ्तार में ड्राईविंग किये जाने के फलस्वरूप सड़क दुर्घटना, असामाजिक तत्वों द्वारा मौके का फायदा उठाकर छिनतई/दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो तथा विधि–व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था संधारण हेतु इस कार्यालय ज्ञापांक–650/गो0, दिनांक–19.12.2025 के द्वारा दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सदर अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले विभिन्न पर्यटन स्थलों पर की गई । जिसके आलोक में निम्न (Advisory) जारी किये जाते हैं:–

1. किसी भी व्यक्ति के द्वारा पर्यटन स्थल पर प्रतिबंधित क्षेत्र में जाकर फोटोग्राफ/विडियोग्राफी करना प्रतिबंधित किया जाता है।
2. किसी भी व्यक्ति के द्वारा नशे का सेवन कर वाहन् चलाने पर प्रतिबंधित रहेगा।
3. पर्यटन स्थल पर भड़काऊ गाना बजाना प्रतिबंधित रहेगा।
4. पर्यटन स्थल में ध्वनि विस्तारक यंत्र की ध्वनि 40–50 डेसीबल से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक हथियार यथा–लाठी, भाला, गड़ासा, तीर–धनुष या किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लेकर पर्यटन स्थल पर नहीं चलेंगे।
6. कोई भी व्यक्ति के द्वारा कोई ऐसा कार्य नहीं किया जाएगा जिससे विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच धृणा की भावना उत्पन्न हो।
7. कोई भी व्यक्ति आपत्तिजनक समाचार/सूचना पोस्ट नहीं करें, जिससे सामाजिक सद्भाव बिगड़े।
8. यदि किसी सोशल मिडिया ग्रुप या व्यक्तियों द्वारा ऐसा आपत्तिजनक सूचना/समाचार/भड़काऊ सूचना/विडियो को पोस्ट या प्रसारित किया जाता है तो उसके विरूद्ध Information Technology Act- के अधीन सुसंगत धाराओं के तहत् दण्डित किये जाऐंगे।

यह Advisory जिला प्रशासन द्वारा जन हित में जारी किया जाता है।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
चतरा ।

PR.NO.369326 District(25-26):D

## एमएस म्यूजिकल ग्रुप ने मनाया मो रफी का जन्मदिन



धनबाद (आजाद सिपाही)। आरा मोड़ बायपास स्थित हवेली गार्डन में बुधवार को प्रख्यात गायक मोहम्मद रफी की 101वां जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाई गई। एमएस म्यूजिकल ग्रुप ने कार्यक्रम का आयोजन कर मोहम्मद रफी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष सह समाजसेवी दिलीप सिंह ने देवी सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में समाजसेवी शमीम अख्तर, युवा संघर्ष मोर्चा के प्रवक्ता पप्पू सिंह भी उपस्थित रहे। मौके पर दिलीप सिंह ने कहा कि रफी साहब की गीत आज भी ताजा लगते हैं। 101वें जन्मदिन पर कलाकारों ने गीत गाकर उन्हें याद किया। यही यादें उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। आज भी वे भारत के करोड़ों दिलों में जिंदा हैं। कार्यक्रम में 70-80 के दशक में गाए गए गानों को दोहराया गया। मोहम्मद रफी के नगमे गूंजे तो हर तरफ संगीत के स्वरों की महक बिखर गयी। तुम मुझे यूं भुला न पाओगे... गीत ने एहसास कराया कि मोहम्मद रफी जैसे फनकार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं कलाकारों ने गीत गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहम्मद सरवर, बीके साह, मोहम्मद अकबर हुसैन, महफूज, ईसराफिल, मजहूर,राशिद रजा, हसीन अंसारी, वीके साहब, तनु निषाद,शालिनी रूपा, मो कलाम,विजय विश्वकर्मा, मो शाकिर,सिराजुद्दीन,चंदन गुप्ता, इमरान, मो इसराफिल, महावीर गुप्ता, संजय सिन्हा (मुन्ना), रूद्रेश ठाकुर, अनमोल सहित दर्जनों संगीत प्रेमी मौजूद थे।

## पेसा नियमावली की स्वीकृति मिलने के बाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद का हुआ स्वागत



बोकारो (आजाद सिपाही)। कैबिनेट से पेसा नियमावली को स्वीकृति मिलने के उपलक्ष्य में बुधवार को राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद को झामुमो के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पेटरवार स्थित उनके आवासीय कार्यालय में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ मंत्री जी का उत्साहपूर्वक स्वागत किया तथा इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उनके एवं राज्य सरकार के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। मौके पर मंत्री जी ने उपस्थित लोगों को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक फैसले की खुशी साझा की। उन्होंने कहा कि पेसा नियमावली को कैबिनेट द्वारा स्वीकृति मिलना राज्य सरकार की आदिवासी समाज के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। यह निर्णय चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादे को पूरा करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। पेसा कानून आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास, ग्राम स्वशासन को सशक्त करने तथा उनके अधिकारों को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। इससे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में विकास की नई दिशा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर बोकारो जिला समिति एवं पेटरवार, गोमिया तथा कसमार प्रखंड समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब ऑफ कतरास प्रॉपर ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



कतरास (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ कतरास प्रॉपर के तत्वावधान में बुधवार को कतरास थाना चौक एवं कतरास स्टेशन के आसपास जरूरतमंदों के बीच एक सौ पीस कंबल का वितरण किया गया। लायन मनोज गुप्ता ने बताया कि कड़ाके के ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। लायंस क्लब ऑफ कतरास प्रॉपर लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। मौके पर मनोज गुप्ता, अरुण मेहरा, जयंतो बोस, कमलेश अग्रवाल, धर्मेश राठौड़, बिजय चक्रवर्ती विशाल केडिया आदि मौजूद थे।

## बीएसएल के नये डायरेक्टर इंचार्ज का कार्यकाल होगा ऐतिहासिक: एके सिंह



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह ने सेल द्वारा बोकारो स्टील प्लांट के नये डायरेक्टर इंचार्ज के रूप में श्री प्रिया रंजन की नियुक्ति के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि रंजन के नेतृत्व में बीएसएल विकास के नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। एके सिंह ने कहा कि डीपीई (उद्धए) द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है और अगले एक-दो दिनों में सेल द्वारा औपचारिक नियुक्ति पत्र भी जारी हो जायेगा। प्रिया रंजन के लंबे और समृद्ध अनुभव का सीधा लाभ बोकारो स्टील को मिलेगा। उन्होंने रेखांकित किया कि श्री रंजन के मार्गदर्शन में पहले ही उत्पादन के विभिन्न मानकों में सुधार आया है और प्लांट की अधिकांश इकाइयां बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। बीएसओए अध्यक्ष ने नए डायरेक्टर इंचार्ज की कार्यशैली पर चर्चा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में 'वर्क-लाइफ बैलेंस' (काम और जीवन के बीच संतुलन) पर विशेष जोर रहेगा। श्री सिंह ने कहा कि आगामी पे-रिवीजन की राह आसान करने के लिए सेल और बीएसएल के लाभ को बढ़ाना अनिवार्य है। यदि पिछले 3 वर्षों का पीवीटी सकारात्मक रहता है, तो इससे प्रबंधन को पे-रिवीजन के मामले में काफी मदद मिलेगी। बीएसओए ने नए नियुक्त डायरेक्टर इंचार्ज का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके सफल और ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## आश्वासन पर आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल खत्म

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो जिले में पिछले 15 दिनों से विभिन्न प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अनुमंडलीय अस्पताल में आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मी अपने छह महीने का बकाया वेतन, इएसआइसी एवं इपीएफ का लाभ देने की मांग को लेकर हड़ताल पर थे। हड़ताल के आठवें दिन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) की बोकारो जिला कमेटी ने आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मी के हड़ताल एवं उनकी मांगों का समर्थन किया था। समर्थन के बाद लगातार सीटू प्रयासरत थी कि इन आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों का बकाया वेतन भुगतान समेत अन्य मांग पूरा हो। हड़ताल के 15 दिनों के दौरान बोकारो जिले के सिविल सर्जन समेत जिला स्वास्थ्य विभाग के किसी भी अधिकारियों की तरफ से वार्ता की कोई पेशकश नहीं की गयी थी।

# बेलगड़िया टाउनशिप में केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। बेलगड़िया टाउनशिप के विकास को नई गति मिली है। भारत सरकार के कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने बुधवार को बेलगड़िया टाउनशिप का भ्रमण कर नवनिर्मित प्रशासनिक भवन एवं सोलर स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन किया तथा फेज-6, 7 एवं 8 का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि बेलगड़िया के निवासियों को स्थायी पट्टे पर फ्लैट दिए जाएंगे, जिनका उपयोग वे पीढ़ी दर पीढ़ी कर सकेंगे। मंत्री ने कहा कि टाउनशिप निर्माण का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को सुरक्षा प्रदान करना और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने बताया कि जल्द ही यहां जन औषधि केंद्र और पोस्ट ऑफिस की शुरूआत होगी। साथ ही जेआरडीए द्वारा विकसित वेबसाइट और शिकायत निवारण केंद्र का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों और एसीआइसी (आइएसएम) फाउंडेशन द्वारा निर्मित जूट व बांस हैंडीक्राफ्ट की सराहना की। उन्होंने आठ लाभार्थियों को इ-रिक्शा की चाबी सौंपकर स्वावलंबन को बढ़ावा दिया। अपने संबोधन में मंत्री जी किशन रेड्डी ने उपायुक्त आदित्य रंजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में बेलगड़िया में विकास कार्यों ने गति पकड़ी है। लोगों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ा है और टाउनशिप वास्तव में पुनर्जीवित हुई है।

मौके पर जी किशन रेड्डी केंद्रीय मंत्री, कोयला एवं खान ने बेलगड़िया निवासियों को स्थायी पट्टे पर फ्लैट उपलब्ध कराए जायेंगे, जहां वे पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित रह सकेंगे। प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, सुविधा और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही टाउनशिप निर्माण का मूल उद्देश्य है। अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर बसाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार चिंतित है और इस दिशा में लगातार जिला प्रशासन, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड तथा जेआरडीए के साथ मिलकर आगे बढ़ रही है और लोगों के हित में काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री भी हर महीने इसकी समीक्षा करते हैं। प्रभावित परिवारों को सुरक्षा देना और उनका जीवन बदलना टाउनशिप बनाने का मकसद है। इसी उद्देश्य से झरिया मास्टर प्लान 2.0 की कार्यप्रणाली तैयार की गयी है। लोगों के सुझाव के आधार पर अलग-अलग योजनाएं तैयार की गयी।

बेलगड़िया टाउनशिप में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया है। शीघ्र जल समस्या का समाधान होगा। प्रशासनिक ब्लॉक, शिकायत निवारण केंद्र, टीओपी, निःशुल्क ई-बस, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, जन वितरण प्रणाली और मिल्क पार्लर से सुविधाएं सुदृढ़ हुई हैं। 'आदित्य रंजन: डीसी, धनबाद'

उपायुक्त और एसएसपी के प्रयास से टाउनशिप की समस्याएं सुलझ रही हैं। प्रधानमंत्री और कोयला मंत्री भी गंभीर हैं। स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। 'ढूलु महतो: सांसद, धनबाद'

सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था से बेलगड़िया टाउनशिप में नया जीवन आया है। क्षेत्र के समग्र विकास और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए कॉल आधारित उद्योग स्थापित हो। 'चंद्रदेव महतो: विधायक, सिंदरी'

टाउनशिप में स्थायी आजीविका सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रोजगार योजना आवश्यक है। युवाओं को स्वरोजगार व कौशल विकास से जोड़ने हेतु ठोस और दीर्घकालिक कार्ययोजना बननी चाहिए ये हमारी मांग हैं। 'रागिनी सिंह : विधायक, झरिया'

## रामकनाली विद्युत सब स्टेशन में कर्मियों को बंधक बनाकर केबल की लूट

कतरास (आजाद सिपाही)। रामकनाली ओपी के दस गज दूरी स्थित विद्युत सब स्टेशन में बीती रात दो बजे सशस्त्र अज्ञात अपराधियों ने सब स्टेशन में हमला बोलकर 100 फीट कॉपर केबल लूट कर चलते बने। लूटपाट के क्रम में अपराधियों ने दो बीसीसीएल कर्मी जवाहर चौहान एवं सुधीर सिंह को बंधक बना लिया। जवाहर चौहान ने बताया कि आठ, दस की संख्या में अपराधी आये। अपराधियों ने हम लोगों को बंधक बनाकर एक सौ फीट केबल लूट लिया तथा ट्रांसफार्मर लूटने का प्रयास किया। लेकिन इस बीच रामकनाली ओपी पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी पहुंच गयी। पुलिस गाड़ी को देखते ही अपराधी भागने लगे थे। ट्रांसफार्मर ले जाने का प्रयास अपराधियों का विफल हो गया। बीसीसीएल प्रबंधन ने घटना की शिकायत रामकनाली ओपी में की है। रामकनाली ओपी प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया कि छानबीन की जा रही है। अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जायेगा।

## काको के पास डिवाइडर से टकरायी बाइक, एक की मौत

कतरास (आजाद सिपाही)। रामकनाली ओपी अंतर्गत मोड़ 8 लेन में बीती रात 9 बजे डिवाइडर से टकराने से एक बीसीसीएल कर्मी की मौत हो गयी। जबकि एक घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीसीसीएल कर्मी श्रीराम कुमार उम्र 32 वर्ष बास्ताकोला का रहने वाला है। काको में अपने एक साथी से मुलाकात कर घर वापस लौट रहा था। इस बीच 8 लाइन से मोटरसाइकिल टकरा गयी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी। दूसरा साथी कवि राज शर्मा जो मोटरसाइकिल के पीछे बैठा हुआ था उसका इलाज चल रहा है। मोटरसाइकिल स्वयं श्रीराम शर्मा चला रहे थे। मोटरसाइकिल नंबर जेएच 10 एटी 1230 है। रवि राज शर्मा ने बताया कि दुर्घटना के थोड़ी देर बाद मुझे होश आया तो अपने साथी श्रीराम कुमार को उठाने का काफी प्रयास किये लेकिन वह नहीं उठ रहा था।

## हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में विहिप और बजरंग दल ने मो यूनुस का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता




धनबाद। बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद, धनबाद महानगर एवं बजरंग दल, धनबाद जिला के संयुक्त तत्वावधान में बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं के नरसंहार के खिलाफ रणधीर वर्मा चौक में बांगलादेश सरकार के प्रमुख मो. युनुस का पुतला दहन एवं बांगलादेश के राष्ट्रीय झंडे को पैरों तले रौदने का काम किया गया। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने कहा कि बांगलादेश में हो रहे हिन्दुओं का उत्पीड़न तत्काल बंद होना चाहिये। उन्होंने भारत सरकार से मांग किया कि बांगलादेश का बॉर्डर खोलकर वहां के हिन्दुओं को भारत में प्रवेश दिया जाये एवं भारत में रहने वाले बांग्लादेश के नागरिकों को तत्काल बलपूर्वक बाहर किया जाय। श्री चौरसिया ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई भी किया जाय। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पाकिस्तान को तोड़कर बांग्लादेश बनाया गया है, उसी प्रकार से बांग्लादेश को तोड़कर एक हिन्दू देश का गठन किया जाये। उन्होंने विश्व के तमाम हिन्दुओं को एकजुट होने का भी अह्वान किया। इस मौके पर मौजूद विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ नेता द्वारिका तिवारी ने कहा कि भारत में रहकर बांग्लादेश के समर्थन में बोलने लिखने वालों पर कड़ी कर्रवाई की जाय। साथ हीं गृहमंत्री, भारत सरकार से बांग्लादेश पर तत्काल सैन्य कार्रवाई की भी मांग की। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला मंत्री आनंद कुमार, जिला संयोजक तापस डे, चन्दन चक्रवर्ती, आनंद खंडेलवाल, गोविन्द शुक्ला, राम शर्मा, विशु रवानी, पवन वर्णवाल, दिलीप श्रीवास्तव, मधुसूदन अग्रवाल, दिवाकर सिंह, रोहित रवानी, पंकज चौधरी, दीपक साहु, शिवशंकर दत्त, बिनोद चौहान, प्रशांत कुमार, मिथिलेश कुमार, लल्लू झा सैकड़ो विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## बेस्ट एंप्लॉई ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम आयोजित




बोकारो (आजाद सिपाही)। मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2025 के नवंबर माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के बेस्ट एम्प्लॉई ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन एवं विशिष्ट योगदान देने वाले कुल आठ (08) कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मचारियों में हैवी मेंटेनेंस मैकेनिकल विभाग के महावीर चमार, एसएमएस-2 एवं सीसीएस विभाग के प्रवीण कुमार, आइएंडए विभाग के अमरलोक कुमार, हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के बिद्याधर घोष, सीआरएम-1 एवं 2 के वकील प्रसाद दास, सिंटर प्लांट के अली इमाम अंसारी, आरएम एवं एमएचपी विभाग के नारायण मांझी तथा टीई-सिक्योरिटी विभाग के मनीष दीपांकज शामिल हैं। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनूप कुमार दत्त तथा मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण सहित संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, मानव संसाधन विभाग के वरीय अधिकारी, पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। मानव संसाधन विभाग की सहायक प्रबंधक सोनाली गुप्ता ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया।

# सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल में सादगी और उमंग के साथ मना क्रिसमस उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल, बोकारो में क्रिसमस उत्सव सादगी और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य रेवरेंड फादर दीनू एम डेनियल द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गयी।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने 'टू गिफ्ट ऑफ क्रिसमस' शीर्षक से एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। नाटिका के माध्यम से यह बताया गया कि एक-दूसरे से प्रेम करना, जरूरतमंदों की चिंता करना और आपसी सहयोग ही क्रिसमस का वास्तविक संदेश है। इसके पश्चात शिक्षिकाओं ने मधुर क्रिसमस गीत गाये, जिससे विद्यालय का वातावरण आनंदमय बन गया। कार्यक्रम में सैंटा क्लॉज की उपस्थिति ने बच्चों को अत्यंत प्रसन्न किया। सैंटा क्लॉज ने बच्चों के साथ समय बिताया और उत्सव की खुशी को और बढ़ाया।

प्री-नर्सरी, नर्सरी एवं प्रेप कक्षा के बच्चों ने क्रिसमस से जुड़ी विभिन्न हस्तकला गतिविधियों में भाग लिया और सुंदर रचनाएं बनायी। यह आयोजन बच्चों के लिए खुशी, सीख और आपसी अपनापन बढ़ाने वाला एक यादगार अनुभव रहा।

# राहुल मेमोरियल दिल्ली पब्लिक स्कूल में एग्जीबिशन आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। राहुल मेमोरियल दिल्ली पब्लिक स्कूल, शालू छपरा में आयोजित भव्य एक्जीबिशन कार्यक्रम विद्यालयी शिक्षा और रचनात्मकता का उत्कृष्ट उदाहरण बना। इस अवसर पर धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान, कला, सामाजिक विषयों और तकनीकी नवाचारों पर आधारित प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, तार्किक सोच और नवाचार की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीआइटी सिंदरी के निदेशक प्रो पंकज सिन्हा, बीआइटी के प्रो. कृष्ण मुरारी सहित धनबाद के कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की प्रशंसा की।

ग्रामीण परिवेश में आयोजित यह एक्जीबिशन अत्यंत सराहनीय है। साइंस, म्यूजिक सहित सभी विषयों में बच्चों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। आजाद सिपाही सच्चे और कलम के सिपाही हैं।'प्रभात कुमार : एसएसपी, धनबाद'

ऐसे आयोजनों से सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों के बच्चे जुड़ते हैं और नई-नई तकनीकों से प्रेरणा लेकर अपने ज्ञान और कौशल का विकास करते हैं।'पंकज सिंहा: डायरेक्टर, बीआईटी सिंदरी'

बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें, अनुशासन बनाए रखें और शिक्षा को अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनाएं।'प्रतिमा कुमारी : शाखा प्रबंधक, सेंट्रल बैंक'

विद्यालय निर्माण की प्रेरणा उन्हें अपने पुत्र स्व. राहुल से मिली। राहुल का सपना था स्कूल बनाना, जिसे पूरा करने का वे निरंतर प्रयास कर रहे हैं।'राजीव नयन शर्मा: स्कूल निर्माता'


## उप विकास आयुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(प्रारंभिक शिक्षा)

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनाक 31.07.2025 एवं निदेशक प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 2273 दिनांक 22.12.2025 में दिये गये निदेशानुसार झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 अन्तर्गत स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 06 से 08) एवं इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 01 से 05) पद के अधियाचित रिक्त पदो के विरूद्व संशोधित अतिरिक्त अनुशंसित अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग हेतु तिथि/स्थान दिनांक 29.12.2025 को समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक उप विकास आयुक्त, कोडरमा के सभागार कक्ष में निर्धारित की गई है।

अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि/स्थान– उप विकास आयुक्त, कोडरमा के सभागार कक्ष में जाँच पत्रक भरकर, सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति फोल्डर फाईल में तथा 4 पासपोर्ट साईज फोटो (ब्लैक एंड व्हाईट) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। विस्तृत जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट koderma.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। काउंसिलिंग में निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का दावा निरस्त माना जाएगा और वे नियुक्ति की प्रक्रिया से वंचित रह जाएँगे।

कोडरमा जिले के अंतर्गत अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु गठित हेल्प डेस्क में संलग्न मोबाईल संख्या 7004139394, 9304636202 एवं 9934180305 से संपर्क कर सकते है।

उप विकास आयुक्त –सह–
नोडल पदाधिकारी, कोडरमा

PR 369366 School Education and Literacy (25-26)_D



## उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
(विधि–शाखा)
सूचना

विधि विभाग, झारखण्ड राँची के पत्र सं0 1777/जे0 दिनांक 02.09.2025 एवंपत्र सं0– 2165/जे0 दिनांक 07.11.2025 द्वारा लोहरदगा जिला के लिए अपर सरकारी वकील के कुल (03) तीन पदों की नियुक्ति हेतु इच्छुक सुयोग्य एवं अनुभवी अधिवक्ताओं के नाम उनके जीवन वृतसहित आमंत्रित की जाती है।

The Jharkhand Law Officer (Engagement) Rules, 2018के आलोक म अपर सरकारी वकील जिलें के विभिन्न राजस्वन्यायालयों/व्यवहारन्यायालय तथा माननीय उच्चन्यायालय एवं माननीय उच्चतम न्यायालयों में सरकार की ओर से दृढ़तापूर्वक पक्ष रखेंगे तथा जिला प्रशासन को आवश्यकतानुसार उचित सलाहप्रदान करने में तत्परता दिखायेंगे। विभिन्न सरकारी मामलों में अपना विधिक मन्तव्य भी आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर उपलब्ध करायेंगे। अपर सरकारी वकील के पद की नियुक्ति हेतु कम से कम 07वर्शों का कर्यानुभव आवश्यक है।

अतः उक्त पद नियुक्ति हेतु इच्छुक अधिवक्तागण निम्नांकित कागजातों के साथ अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मेंदिनांक 15.01.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

उपायुक्त, लोहरदगा के आदेशसे।

**आवश्यक कागजात**

1.भारतीय नागरिक होने का प्रमाण।
2.जीवनवृत
3.उम्रसंबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
4.शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति।
5.निबंधन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
6.बार एसोसिएशन से निर्गत अनुभवप्रमाण पत्र की छायाप्रति।
7.अनुसूचितजाति/अनुसूचित जनजाति/ओ0बी0सी0 की स्थिति से संबंधित प्रमाण पत्र।
8.अधिवक्ता के रुप में कियेगये वादोंमेंपैरवी की विवरणी विहित प्रपत्रों में दें:–

विहितप्रपत्र I(विगत् एक वर्श के लिए)

| न्यायालय कानाम | वादों के प्रकार | वादमेंनिर्णय की तिथि | आपके पक्ष मेंआदेशपारित | आपकेविरुद्ध आदेशपारित |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 02. | 03. | 04. | 05. |
| | | | | |

विहितप्रपत्र II (शेष विगत् एक वर्षो के लिए)

| कुलवादों की संख्या | कुल कितने मामलों में आपके पक्ष मेंफैसलाहुआ | कुल कितने मामलों में आप के विरुद्ध फैसला हुआ |
|---|---|---|
| 01. | 02. | 03. |
| | | |

9.विगत् 03 वित्तीय वर्ष का आयकर विभाग रिटर्न दाखिल करने संबंधी कागजात।
10.उपरोक्त क्रमांक 01 से 09 तक की दियेगये विवरणी की सत्यतासंबंधी शपथ पत्र ।

प्रभारी पदाधिकारी,
विधि–शाखा, लोहरदगा।

PR 369364 Lohardaga(25-26)D

# हावड़ा में बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या को लेकर बवाल

## भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प

**हावड़ा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम किसी को भी प्रदर्शन के नाम पर आम लोगों की आवाजाही बाधित करने की इजाजत नहीं देंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा में बुधवार को उस समय हालात तनावपूर्ण हो गये, जब बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गयी। जानकारी के मुताबिक भाजपा कार्यकर्ता हावड़ा ब्रिज की ओर मार्च कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा कारणों से जुलूस को आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गयी। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर धरने पर बैठ गये और बैरिकेड हटाने की कोशिश करने लगे। इस दौरान हालात बिगड़ गये और पुलिस को प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए कार्रवाई करनी पड़ी। झड़प में धक्का-मुक्की भी हुई। हावड़ा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम किसी को भी प्रदर्शन के नाम पर आम लोगों की आवाजाही बाधित करने की इजाजत नहीं देंगे। कानून व्यवस्था बनाये रखना हमारी जिम्मेदारी है। सनातनी ऐक्य परिषद के सदस्यों ने पड़ोसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार होने का आरोप लगाते हुए उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल और घोजाडांगा बंदरगाहों, मालदा के मनोहरपुर मुचिया और कूच बिहार जिले के चांगराबांधा में भी प्रदर्शन किये। वहीं उत्तर 24 परगना में भाजपा विधायक अशोक कीर्तनिया ने जयंतपुर बाजार से पेट्रापोल सीमा की ओर एक जुलूस का नेतृत्व किया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने प्रदर्शनकारियों को 'जीरो प्वाइंट' के पास रोक दिया और उन्हें आगे बढ़ने से रोकने के लिए अवरोधक लगाये। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाये और बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। बता दें कि 18 दिसंबर को बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के बालुका इलाके में 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की कथित तौर पर भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और बाद में उसके शव को जला दिया गया। आरोप है कि यह घटना कथित इशनिंदा के बाद हुई। इस घटना को लेकर भारत में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

# मनरेगा से आगे की सोच है वीबी-जीरामजी एक्टः मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीबी जी रामजी एक्ट, 2025 का जोरदार समर्थन करते हुए कहा कि यह कानून ग्रामीण रोजगार की नयी परिभाषा प्रस्तुत करता है, जिसमें आय सहायता, संपत्ति सृजन और कृषि स्थिरता को एक दूसरे के खिलाफ नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया के रूप में जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (सेवा तीर्थ) ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिखे गये एक लेख को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया, जिसमें इस नये कानून के उद्देश्य और जरूरत को समझाया गया है। इस लेख में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि वीबी जी रामजी अधिनियम, 2025 आय सहायता, संपत्ति सृजन, कृषि स्थिरता और दीर्घकालिक ग्रामीण उत्पादकता को एक सतत प्रक्रिया के रूप में देखता है, न कि एक-दूसरे के विपरीत। उनकी ओर से यह बताया गया है कि इसे लाने से पहले राज्य सरकारों के साथ व्यापक चर्चा की गयी थी। चौहान ने अपने पोस्ट में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि मनरेगा से सार्थक परिणाम नहीं मिले। उन्होंने दावा किया कि नया अधिनियम कांग्रेस द्वारा छोड़ी गयी गंभीर कमियों को दूर करने का प्रयास करता है।

# झारखंड कांग्रेस नेताओं ने वित्त मंत्री को दी बधाई

## पेसा एक्ट की मंजूरी पर जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रोशन लाल भाटिया और पूर्व महासचिव शशि भूषण राय ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मुलाकात की। इस बैठक में उन्होंने झारखंड कैबिनेट द्वारा पेसा एक्ट को मंजूरी देने के ऐतिहासिक निर्णय पर बधाई दी। साथ ही, झारखंड के विकास और कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक विकास पर चर्चा हुई।

श्री किशोर ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से पार्टी को मजबूती मिलेगी। पेसा अधिनियम के तहत ग्राम सभाओं को अधिक शक्तियां दी गयी हैं, जिससे आदिवासी समुदायों का विकास संभव होगा। इससे ग्राम सभाओं को भूमि अधिग्रहण और वन भूमि से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का अधिकार मिलेगा।

वहीं पारंपरिक ग्राम सभाओं को अधिकार भी मिलेगा, जैसे खनन अधिकार, भूमि अधिग्रहण और वन भूमि से जुड़े मामलों में ग्राम सभाओं की अहम भूमिका होगी।

कांग्रेस नेताओं ने जोड़ा की महागठबंधन सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास और समाजिक न्याय की नयी परिभाषा लिख रही है और जनता के अधिकार के लिए काम कर रही है।

# दंगा क्या होता है, कैसे रुकता है, बरेली के मौलाना से पूछ लोः योगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए सीएम योगी ने न केवल सरकार की प्राथमिकताओं और उपलब्धियों को सदन के सामने रखा, बल्कि विपक्ष की ओर से उठाये गये सवालों का भी तथ्यों के साथ जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने यूपी में कर्फ्यू और दंगा न होने की बात कही। साथ ही कहा कि यूपी में दंगाई का उपचार कैसे होता है, बरेली के मौलाना से पूछ लेना। सीएम योगी आदित्यनाथ ने साफ किया कि प्रदेश में सुरक्षा, कानून का राज और विकास सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। इन्हीं आधारों पर उत्तर प्रदेश की छवि देश और दुनिया में बदली है। इस दौरान सीएम योगी ने दावा किया कि प्रदेश में कोई सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ है।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956)
ADMISSION NOTICE - 2025-26
As per the guideline from JCECEB, Dinesh College of Education, Farathia, Garhwa, ( A constituent unit of Babu Dinesh Singh University) Inviting the Application within 3 days from the date of advertisement publication for the admission in B.Ed. Session -2025-26 against the vacant seats after the JCECEB Counselling.
Eligibility: * Graduation with qualifying marks as per NCTE/University
Note : Only JCECEB CML rank non admitted candidates are eligible to apply.
Contact for more Details
Dinesh College of Education, Farathia, Garhwa ( Jharkhand)
https://bdsu.ac.in/ Ph: 9661462506 / 6206297213

प्रकाशित
निश्चित सफलता के लिए अवश्य पढ़ें।
Class - XII
झारखंड अधिविद्य परिषद्, राँची द्वारा आयोजित
झारखण्ड इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा - 2026 के लिए
JCERT द्वारा जारी मॉडल प्रश्न-पत्र पर पूर्णतः आधारित
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's
वर्मा गेस
2026
वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ प्रश्नोत्तर
हिन्दी (कोर)
प्रति विषय ₹ 55 मात्र
★ हिन्दी (कोर) ★ हिन्दी (इलेक्टिव) ★ ENGLISH (CORE) ★ ENGLISH (ELECTIVE) ★ अर्थशास्त्र (ECONOMICS) ★ इतिहास (HISTORY) ★ राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE) ★ समाजशास्त्र (SOCIOLOGY) ★ भूगोल (GEOGRAPHY) ★ मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY) ★ दर्शनशास्त्र (PHILOSOPHY) ★ मानवशास्त्र (ANTHROPOLOGY) ★ संस्कृत (SANSKRIT) ★ गृह विज्ञान (HOME SCIENCE) ★ PHYSICS ★ भौतिकी ★ CHEMISTRY ★ रसायन ★ MATHEMATICS ★ जीवविज्ञान ★ BIOLOGY ★ COMPUTER SCIENCE ★ भूगर्भशास्त्र (GEOLOGY) ★ लेखाशास्त्र (ACCOUNTANCY) ★ उद्यमिता (ENTREPRENEURSHIP) ★ व्यावसायिक अध्ययन (BUSINESS STUDY) ★ व्यावसायिक गणित (BUSINESS MATHEMATICS)
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Hologram, Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें।

## आर्मी पब्लिक स्कूल दीपाटोली में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'कैलाइडोस्कोप 2025' का भव्य रंगारंग आयोजन

# बच्चों में अपार प्रतिभा, सही मार्गदर्शन से होगा सर्वांगीण विकासः मेजर जनरल सज्जन सिंह मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची ।** आर्मी पब्लिक स्कूल ने दो दिवसीय (दिनांक 23 और 24 दिसंबर) वार्षिकोत्सव 'कैलाइडोस्कोप 2025' का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ कैरकट्टा सभागार दीपाटोली कैंट में किया। वार्षिकोत्सव के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर राजकुमार, सेना मेडल, डिप्टी जी-ओ-सी, 23 इन्फेंट्री पैट्रन कोकरेल डिवीजन उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव के दूसरे और अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल सज्जन सिंह मान, जी- आर्मी ओ-सी, 23 इन्फैंट्री कोकरेल डिवीजन, पैट्रन आर्मी पब्लिक स्कूल, रांची और संगीता मान उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इसमें छात्र-छात्राओं ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। पहले दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर राजकुमार सेना मेडल, डिप्टी जी-ओ-सी 23 इन्फैंट्री डिवीजन, अध्यक्ष आर्मी पब्लिक स्कूल दीपाटोली रांची, द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर जनरल सज्जन सिंह मान, जी-ओ-सी, 23 इन्फैंट्री डिवीजन और पैट्रन आर्मी पब्लिक स्कूल दीपाटोली रांची और संगीता मान द्वारा दीप प्रज्वलन करने के साथ हुआ। इस अवसर पर समूह नृत्य, गान, नाटक, संगीत आदि की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन जीत लिया। कार्यक्रम की शुरूआत शिव वंदना के साथ हुई, जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में कहा कि बच्चों ने इस वार्षिकोत्सव में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर यह साबित कर दिया है कि बच्चों में टैलेंट कूट-कूट कर भरा हुआ है, जरूरत है उनका सही मार्गदर्शन करने की और सर्वांगीण विकास करने की।

मुख्य अतिथि ने अभिभावकों को अपने बच्चों की स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए यह भी कहा कि बच्चों को जीवन में समय और अनुशासन का महत्व समझते हुए, संस्कारों को अपनाते हुए आगे बढ़ना है, तभी वह भविष्य में अच्छे नागरिक बनकर जीवन में सफल हो सकेंगे। जीवन मूल्यों को समझेंगे। मंच का संचालन कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं तथा कक्षा पांचवी के छात्रों ने संभाला। उनके इस मंच संचालन की कला ने तो सबको चकित कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या कैप्टन गीता सिंह (रिटायर्ड) हेडमिस्ट्रेस निशा राय के साथ-साथ कई गणमान्य व्यक्ति, शिक्षकगण तथा छात्र भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण के कठोर परिश्रम के साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स ने भी अपना पूरा योगदान दिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, अभिभावको, शिक्षकगण और प्रतिभागियों तथा सभी विद्यार्थियों के प्रति आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

### वार्षिक रिपोर्ट से लेकर भारत के गौरवशाली अतीत, वर्तमान और भविष्य की जीवंत प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, सह- पाठयक्रम गतिविधियों तथा विद्यालय के आधुनिकीकरण आदि की जानकारी सबके साथ साझा की। कक्षा सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा भारत के गौरवशाली इतिहास की जीवंत झलकियां प्रस्तुत की गयी। धूमिल हुआ इतिहास फिर आंखों में नजर आने लगा। मौर्य साम्राज्य से लेकर 1857 तक का विद्रोह तो कहीं संप्रभुता से भारत की स्वाधीनता तक की वीर गाथाएं दिखायी गयी, जिसने दर्शकों में वीरता के आव को जागृत कर दिया। विविधता में एकता, साल 1947 से 1950 और आशा की किरण 1950 से 1970 तक के नृत्य ने तो दर्शकों को मंत्रमुग्ध ही कर दिया। वर्ष 1980 से 2000 तक खेलों की झलकियां समूह नृत्य द्वारा प्रस्तुत की गयी। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा अंग्रेजी नाटक प्रस्तुत किया गया। अंग्रेजी नाटक 'Anight of magic and Mayhem' ने सीख देने के साथ-साथ दर्शकों का काफी मनोरंजन भी किया। वर्ष 2000 से 2025 की भारत की यात्रा के खट्टे-मीठे अनुभव भी छात्रों द्वारा अपने नृत्य द्वारा प्रस्तुत किये गये। छात्रों ने वर्ष 2050 में भारत का भविष्य कैसा होगा, उसकी कल्पना करते हुए नृत्य पेश किया जिसने सबका मनमोह लिया। मुख्य अतिथि ने कई छात्रों को शैक्षणिक तथा खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन और शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए सम्मानित किया। सरोजिनी नायडू सदन को इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया।

Eye Care | Eye Hospital | Eye Wear
F P
T O Z
L P E D
P E C F D
E D F C Z P
F E L O P Z D
D E F P O T E C
Nayan Sukh Opticians
Your EYES are precious Please Take Care of them
■ Screening for all types of Eye diseases
■ Hearing Aids ■ Machine
■ All Types of latest & Luxury branded Frame
■ Eye Glasses, Sun Glasses & Contact Lenses
H.B.Road, Beside Santovita Hospital, Ranchi
Tel.: 0651-2201795, Mob.: 9334424892

Life Care Dental Clinic
Multi Speciality Center For Oral Care And Smile Designing
DR. PARWEEN ARA
B.D.S. MIDA
Consultant : Dental And Oral Surgeon
DR. ABID SHARFUDDIN
B.D.S. (Hons.) MIDA
Consultant : Dental And Oral Surgeon
Our Facilities
Implant | Veneering |Bleaching |
Tooth polishing | Cosmetic Filling
TIMING - 09:00AM TO 08:00PM
Opp. Bariatu Masjid Bariatu
Ranchi (Jharkhand) M. 9386355795
Contact Now : 7004380798

# सरकार ने दी दो नये एयरलाइंस को मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अल-हिंद एयर और फ्लाइ एक्सप्रेस को मिली एनओसी**

**2026 में आसमान में उड़ते दिखेंगे शंख एयर के विमान**

**नयी दिल्ली।** इंडिगो परिचालन संकट के बाद भारतीय विमानन क्षेत्र को गिनी-चुनी कंपनियों के वर्चस्व से बाहर निकालने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। भारत का विमानन बजार पिछले कुछ समय से इंडिगो और एअर इंडिया जैसी विमानन कंपनियों के वर्चस्व या 'डुओपोली' में सिमट कर रह गया था। सरकार के ताजा कदम से इस हालात में बदलाव हो सकता है। केंद्र सरकार ने बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के उद्देश्य से तीन नये एयरलाइनों को हरी झंडी दिखा दी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अल-हिंद एयर और फ्लाइ एक्सप्रेस को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश स्थित शंख एयर भी 2026 में अपनी सेवाएं शुरू करने की तैयारी में है। इस विमानन कंपनी को पूर्व में ही एनओसी मिल चुकी है। वर्तमान में भारतीय आसमान पर टाटा समूह की एअर इंडिया और इंडिगो का एकछत्र राज है। डीजीसीए के आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू बाजार का 90% से अधिक हिस्सा इन्हीं दो समूहों के पास है। इसमें भी करीब 65% हिस्सेदारी अकेले इंडिगो के पास है। इस 'डुओपोली' के कारण अक्सर यात्रियों को सीमित विकल्पों और मनमाने किरायों का दंश झेलना पड़ता है। हाल ही में इंडिगो एयरलाइंस में आयी तकनीकी खामियों ने यह साबित कर दिया कि बाजार का एक ही खिलाड़ी पर अत्यधिक निर्भर होना कितना जोखिम भरा हो सकता है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि सरकार का उद्देश्य विमानन बाजार में नये खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है, ताकि बाजार में संतुलन बना रहे और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**